लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 82, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, योग : नियोग का सुयोग व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



आज का मौसम 46.0° अधिकतम तापमान | 32.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 : 03

मुरादाबाद, रविवार, 16 जून 2024

सिंघम अगेन और भूलभुलैया-3 की होगी टक्कर...16

कैंचीधाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

नैनीताल/भवाली। बाबा नीब करौरी के आश्रम कैंचीधाम के 60वें स्थापना दिवस पर शनिवार को आस्था का सैलाब उमड़ा। भवाली ही नहीं पूरा नैनीताल जिला बाबा के जयकारों से गूंज उठा। सुबह 5 :30 बजे बाबा को भोग लगाने के बाद भक्तों को दर्शन की अनुमति दी गई।

अफसरों के बगैर कैसे होंगे निकाय उप चुनाव

रमेश चन्द्र, लखनऊ

उप चुनाव घोषित, पर सरकार ने नहीं की मांगें गए सभी अफसरों की तैनाती

अमृत विचार : प्रदेश में शहरी निकायों की खाली सीटों पर उप चुनाव की घोषणा तो हो गई है, पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग में जरूरत भर अफसर ही नहीं हैं। आयोग की ओर से मांगें गए अफसरों में अब तक केवल एक की तैनाती की गई है। ऐसे में चुनाव को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के दौरान ही आयोग की ओर से राज्य सरकार से अफसरों की तैनाती की मांग की गई थी। राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह ने इस सिलसिले में राज्य सरकार को पत्र लिखा था। सूत्रों के अनुसार राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आयोग में स्वीकृत पदों के अनुरूप अफसरों की तैनाती किए जाने की मांग की थी, पर एक ही अफसर की तैनाती हो सकी है।

आयोग में राज्य निर्वाचन आयुक्त के अधीन कार्य करने वाले अफसरों में एक अपर निर्वाचन आयुक्त, तीन संयुक्त निर्वाचन आयुक्त, दो उप निर्वाचन आयुक्त, दो सहायक निर्वाचन आयुक्त व तीन उप सचिव के पद हैं। वर्तमान में आयोग में एक सचिव, एक लेखाधिकारी व हाल ही तैनात एक अफसर भी शामिल हैं। इस सिलसिले में पूछे जाने पर आयोग के सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अधिकारियों की तैनाती के लिए सरकार को 'रिमांडर' भेजा है।

29 नगर निकायों में सदस्यों के पद पर हो रहे चुनाव : घोषित चुनाव कार्यक्रम के तहत प्रदेश की 29 नगर निकायों में खाली पड़े सदस्यों के लिए चुनाव होना है। नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तारीख 22 जून है। आठ जुलाई को मतदान होगा, जबकि मतगणना 10 जुलाई को होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनाती नहीं

राज्य निर्वाचन आयुक्त आरपी सिंह ने 21 मार्च 2024 को निदेशक स्थानीय निकाय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी होने की पुरानी व्यवस्था समाप्त कर दी थी। नए आदेश के तहत आयोग के संयुक्त निर्वाचन आयुक्त को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नगर स्थानीय निकाय बनाया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अधीन नगर निगमों, नगर पालिका व नगर पंचायतों के निर्वाचन से संबंधित कार्यों के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में इस पद भी कोई अधिकारी तैनात नहीं है।

एक नजर

स्वर्ण मंदिर में रील्स और वीडियो बनाने पर प्रतिबंध

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में रील्स वीडियो बनाने और तस्वीरें लेने पर प्रतिबंध लगाया है। प्रतिबंध शुक्रवार से लागू हो गया है। प्रबंधन समिति के सदस्य और कानूनी सलाहकार एडवोकेट भगवंत सिंह सियालका ने कहा कि प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है क्योंकि पवित्र स्थान का उपयोग विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों द्वारा पिकनिक स्पॉट या सेल्फी पॉइंट के रूप में किया जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी रील्स देखने को मिलती हैं, जो उचित नहीं होती हैं। हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा सिख धर्म के अनुयायियों के लिए सबसे पवित्र धार्मिक स्थान या सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। स्वर्ण मंदिर को देखने के लिए हर दिन देश के अलग-अलग हिस्सों से हजारों पर्यटक आते हैं, जिन्हें इस बात की जानकारी नहीं होती कि इमारत के अंदर रील बनाने या तस्वीरें लेने पर प्रतिबंध है। उन्होंने कहा कि हरमंदिर साहिब परिसर में प्रतिबंध के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए तख्तियों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

युवा एवं बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा

नई दिल्ली। साहित्य अकादमी ने शनिवार को अंग्रेजी लेखिका के. वैशाली और हिंदी लेखक गौरव पांडेय समेत 23 लेखकों के नामों की घोषणा की, जिन्हें विभिन्न भाषाओं में प्रतिष्ठित युवा पुरस्कार मिलेगा। साहित्य अकादमी ने 2024 के लिए बाल साहित्य पुरस्कार के 24 विजेताओं के नामों की भी घोषणा की। संस्कृत में युवा पुरस्कार के विजेता की घोषणा बाद में की जाएगी। साहित्य अकादमी के कार्यकारी बोर्ड ने शनिवार को अपने अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में हुई बैठक में 23 लेखकों के चयन को मंजूरी दी। के. वैशाली को उनके संस्मरण होमलेस : ग्रोइंग अप लेस्बियन एंड डिस्लेक्सिक इन इंडिया के लिए जबकि गौरव पांडेय को उनके कविता संग्रह स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी के लिए सम्मानित किया जाएगा। युवा पुरस्कार विजेताओं को एक समारोह में एक पट्टिका और 50,000 रुपये का चेक दिया जाएगा। बाल साहित्य पुरस्कार के लिए अंग्रेजी लेखिका नंदिनी सेनगुप्ता को उनके ऐतिहासिक उपन्यास द ब्लू हॉर्स एंड अदर अमेजिंग एनिमल स्टोरीज फ्रॉम इंडियन हिस्ट्री और देवेन्द्र कुमार के बच्चों की कहानियों के संग्रह 51 बाल कहानियां के लिए चुना है।

रुद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिरा, 14 पर्यटकों की मौत

ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर रैंतोली के समीप हुई घटना, 12 गंभीर रूप से घायल

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक टेंपो ट्रैवलर 250 मीटर नीचे अलकनंदा नदी किनारे गिर गया। इसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा व दिल्ली के पर्यटक थे। हादसे में 10 पर्यटकों की मौके पर जबकि 4 की अस्पताल में मौत हो गई। 12 गंभीर घायल हैं, इनमें पांच को एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया। हादसे की वजह चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों, दिल्ली और हरियाणा के 23 पर्यटक एवं वाहन स्टाफ (दो चालक व एक क्लीनर) का दल चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला के लिए जा रहा था। उनका टेंपो ट्रैवलर शनिवार की सुबह लगभग 11:30 बजे ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर रैंतोली के समीप अनियंत्रित होकर अलकनंदा नदी के किनारे गिर गया। घटनास्थल के समीप रेलवे प्रोजेक्ट में काम कर रहे कर्मचारियों ने सूचना पुलिस को दी। एसडीआरएफ व पुलिस टीमें पहुंचीं। तब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी थी। 16 घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में सात को एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स भेजा गया। उपचार के दौरान दो की एम्स और दो की रुद्रप्रयाग जिला अस्पताल में मौत हो गई। टेंपो ट्रैवलर में 26 पर्यटक सवार थे। एसपी विशाखा अशोक ने बताया कि पर्यटकों को बचाने गए रेलवे प्रोजेक्ट में कार्यरत एक मजदूर भी नदी में बह गया जबकि दो ने नदी पार कर ली।

घायल युवक का हालचाल जानते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- चोपता-तुंगनाथ ट्रैकिंग के लिए जा रहा था पर्यटकों का दल, उप्र, दिल्ली, हरियाणा के रहने वाले

मुख्यमंत्री धामी ने जाना घायलों का हाल, मजिस्ट्रेट जांच के दिए आदेश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने एम्स प्रबंधन से कहा कि जरूरी होने पर घायलों को एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर भेजें। उन्होंने कहा कि रैंतोली हादसे में 14 पर्यटकों की मौत अत्यंत पीड़ादायक है। मृत आत्माओं को ईश्वर शांति प्रदान करें और बाबा केदार घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दें। उन्होंने कहा कि रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

जान गंवाने वालों में चार उत्तर प्रदेश के निवासी

लखनऊ। रुद्रप्रयाग के हादसे में जान गंवाने वाले 14 पर्यटकों में 4 उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। हादसे में प्रदेश के सात अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन के मुताबिक मृतकों की पहचान स्मृति त्रिपाठी, मोहिनी पांडेय (प्रतापगढ़), स्मृति शर्मा (सोनभद्र) और आकांक्षा (झांसी) के रूप में हुई है। घायलों में आदित्य और छवि (झांसी), वंदना शर्मा और शुभम सिंह (गौतमबुद्धनगर), नमिता शर्मा (झांसी), लक्ष्य अग्रवाल (मथुरा) और महिमा त्रिपाठी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है।

छत्तीसगढ़ में आठ नक्सली मारे गए एक जवान शहीद, दो अन्य घायल

नारायणपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं और एसटीएफ का एक जवान शहीद तथा दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि माओवादियों के ''माड़ डिविजन तथा पीएलजीए कंपनी'' नंबर 1 के सदस्यों की सूचना पर नारायणपुर के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के तहत अबुझमाड़ के कुतुल, फरसबेड़ा और कोड़तामेटा गांव के जंगल में दो दिनों पहले सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था।

उन्होंने बताया कि अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव-कांकेर-दन्तेवाड़ा जिले का डीआरजी, विशेष कार्य बल, आईटीबीपी की 53वीं वाहिनी और बीएसएफ की 135वीं वाहिनी के जवान शामिल थे। शनिवार सुबह 7 बजे कई बार कुतुल, फरसबेड़ा और कोड़तामेटा के जंगल में सुरक्षा बलों और माओवादियों में मुठभेड़ हुई और एसटीएफ के आरक्षक नितेश एक्का (27), कैलाश नेताम (33) और लेखराम नेताम (28) घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया लेकिन आरक्षक नितेश एक्का की मौत हो गई। अन्य दो घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है तथा वे खतरे से बाहर हैं। पुलिस के अनुसार सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से 8 नक्सलियों के शव, इंसास रायफल, .303 रायफल, एक बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) सहित भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद किया है।

नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान घायल सुरक्षाकर्मी।

- नक्सल प्रभावित जिले नारायणपुर में सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़
- घायलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया रायपुर, स्थिति खतरे से बाहर

सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए तत्पर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि उनकी सरकार नक्सलवाद के खात्मे के लिए तत्पर है। साय ने ''एक्स'' पर लिखा, नारायणपुर के ओरछा थाना के तहत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा में हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने और एसटीएफ के एक जवान के शहीद होने और दो के घायल होने की भी दु:खद खबर है। घायलों को एयरलिफ्ट कर राजधानी रायपुर लाया जा रहा है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, कार्रवाई से नक्सली विचलित हैं। उनके खात्मे के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है।

इस साल बस्तर संभाग में मारे गए 131 नक्सली

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस साल अब तक बस्तर संभाग में अलग-अलग मुठभेड़ में 131 नक्सली मारे गए हैं। बस्तर संभाग में कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा 7 जिले हैं।

केजरीवाल की सुनवाई से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया से हटाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल की पत्नी सुनीता समेत छह लोगों और एक्स, मेटा यूट्यूब को दिल्ली हाईकोर्ट ने दी नोटिस

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति मामले से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संबंधित अदालती कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग विभिन्न सोशल मीडिया मंचों से हटाने का शनिवार को निर्देश जारी किया। वीडियो में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एक अधीनस्थ अदालत में अपनी बात रखते नजर आ रहे हैं। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की खंडपीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनीता केजरीवाल समेत छह लोगों और सोशल मीडिया मंच एक्स, मेटा और यूट्यूब को नोटिस जारी किए हैं।

पीठ ने अपने छह पन्नों के आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि अदालती कार्यवाही की रिकॉर्डिंग दिल्ली उच्च न्यायालय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियम, 2021 के नियम 3(6) का उल्लंघन है और इसे सार्वजनिक रूप से सुलभ रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

हरियाणा से पानी छोड़ने की अपील

दिल्ली जल संकट

- रोज सात करोड़ गैलन पानी की कमी का सामना कर रही दिल्ली
- आप सरकार का दावा, हिमाचल भी दिल्ली को पानी देने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने हरियाणा से मानवीय आधार पर यमुना में अतिरिक्त पानी छोड़ने का आग्रह किया है। दिल्ली की जल मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुनक नहर और वजीराबाद जल शोधन संयंत्र में पानी की कमी के कारण राष्ट्रीय राजधानी में शोधित जल का उत्पादन करने में सात करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) की कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सामान्य रूप से (शोधित) जल का उत्पादन लगभग 1,002 एमजीडी होता है, जो शुक्रवार को घटकर 932 एमजीडी रह गया। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने मानवीय आधार पर हरियाणा से राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ऊपरी यमुना नदी बोर्ड की बैठक में दिल्ली में जल संकट का कोई समाधान नहीं निकल सका। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश अपने द्वारा उपयोग नहीं किया गया पानी दिल्ली को देने के लिए तैयार है।

आप विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को लिखा पत्र

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में भीषण गर्मी के बीच उत्पन्न जल संकट के समाधान के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। दिल्ली विधानसभा में आप के मुख्य सचेतक दिलीप पाण्डेय ने स्थिति को बहुत गंभीर बताते हुए शनिवार को कहा कि यमुना के जल का मुद्दा एक अंतरराज्यीय मुद्दा है जिसके लिए जल शक्ति मंत्रालय के समन्वय की आवश्यकता है। पाण्डेय ने कहा कि आप विधायकों की ओर से पत्र में इस मामले पर चर्चा के लिए मंत्री से मिलने का समय मांगा गया है।

नीट-यूजी को रद करने और सीबीआई जांच की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2024 को रद करने और पांच मई को आयोजित परीक्षा में कथित अनियमितताओं की शीर्ष अदालत की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने अपील की गई है।

परीक्षा में शामिल हुए 20 छात्रों द्वारा दायर याचिका में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य को परीक्षा नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की भी अपील की गई है। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (स्नातक)-2024 को लेकर सवाल उठाने वाली नई याचिका में कहा गया है कि व्यापक अनियमितताओं और धांधली को देखते हुए पुनः परीक्षा से केवल योग्य छात्रों को चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश पाने में मदद मिलेगी। अधिवक्ता धीरज सिंह के माध्यम से दाखिल की गई याचिका में कहा गया कि मीडिया की खबरों के अनुसार प्रश्नपत्र लीक होने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है ऐसे में परीक्षा की शुचिता पर सवाल खड़े होते हैं।

प्रदेश में बढ़ा बिजली का संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : तमाम उपायों के बाद भी प्रदेश में बिजली का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। भीषण गर्मी में भारी मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली ली जा रही है, पर स्थानीय खराबियों के कारण भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है।

प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल करीब दो हजार मेगावाट ज्यादा बिजली की मांग हो रही है। पिछले साल 28 हजार मेगावाट अधिकतम मांग दर्ज हुई थी, इस बार 30 हजार मेगावाट का आंकड़ा पार हो गया है। भीषण गर्मी में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों के लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार शनिवार को बिजली की अधिकतम मांग 30,336 मेगावाट दर्ज हुई। बीते दिन की तुलना में मांग में हालांकि 282 मेगावाट गिरावट रही, पर मांग का आंकड़ा 30 हजार से नीचे न आने के कारण कॉरपोरेशन के अफसर जद्दोजहद में लगे रहे। सूत्रों ने बताया कि अनपरा की 210 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां पिछले दिनों से ठप हैं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में संकट की स्थिति बनी हुई है। इन इकाइयों को चालू करने के लिए प्रयास जारी हैं। बिजली अभियंताओं ने 16 जून तक इकाइयों को चालू कर लिए जाने की उम्मीद जताई है।

- अधिकतम विद्युत मांग 30,336 मेगावाट पर पहुंची, चालू नहीं हुईं ओबरा-अनपरा की ठप इकाइयां

समुचित उपाय किए जाएं

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को बिजली संकट पर काबू पाने के लिए समुचित उपाय किए जाने के निर्देश दिए हैं। अध्यक्ष ने शनिवार को वितरण निगमों के अफसरों के साथ बैठक की।

यहां भी सुकून नहीं | अनियोजित विकास, बेतहाशा भीड़ और वाहनों ने बदला सरोवर नगरी का मिजाज

मैदानी शहरों सा तप रहा नैनीताल, झील ने खोई सुंदरता

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : मैदानी शहरों में पारा उछाल मारता है तो ठंड की तलाश और सुकून के लिए लोग पहाड़ों का रुख करते हैं। पहाड़ों और झीलों का सौंदर्य आंखों व मन को सुकून देता तो मौसम गर्मी से तपते शरीर को राहत लेकिन अब पहाड़ भी मैदानी शहरों की तरह तपने लगे हैं।

झीलें अपना सौंदर्य खो रही हैं और वादियों में सुकून की तलाश में आने वाले पर्यटकों को मौसम तपाने लगा है। उन्हें नैनीताल में भी मैदानी शहरों की गर्मी का एहसास हो रहा है। इस साल नैनीताल के मौसम ने ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया है। जून का पहला सप्ताह 31 डिग्री तापमान के साथ नैनीताल के इतिहास में सबसे गर्म सप्ताह के तौर पर दर्ज किया गया। एक दशक पर नजर डालें तो नैनीताल में पर्यटन तेजी से बढ़ा है जिसकी वजह से पानी की खपत बढ़ी है। यह खपत नैनी झील से पूरी होती है, नतीजा झील सूख रही है। पर्यटकों की संख्या और बेशुमार वाहनों के पहुंचने से यहां के मौसम पर भी असर पड़ रहा है।



- नैनीताल में जून के पहले सप्ताह में ही तापमान रिकॉर्ड 31 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

नैनीताल में ध्वनि और वायु प्रदूषण भी बढ़ा

वीकेंड के दौरान नैनीताल में पर्यटकों और वाहनों की बढ़ी संख्या के चलते ध्वनि और वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार सरोवर नगरी में ध्वनि प्रदूषण उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र के बड़े शहरों की अपेक्षा अधिक है। नैनीताल में ध्वनि प्रदूषण औसत 61.40 और अधिकतम 71.50 डेसिबल दर्ज किया गया। जबकि हल्द्वानी में औसत 51.66 और अधिकतम 60.06 रहा। क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी डीके जोशी ने बताया कि नैनीताल में बीते दो माह के भीतर पर्यटक और स्थानीय लोगों के वाहनों संख्या तेजी से बढ़ी है साथ ही अन्य कार्यों के चलते भी नैनीताल में ध्वनि प्रदूषण में बढ़ोतरी देखने को मिली है। भूगोलविद् डॉ. पीसी तिवारी का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम चक्र में बदलाव हुआ है। समय पर पर्याप्त बारिश नहीं होने से झीलों के जलस्तर में गिरावट आ रही है। निर्माण कार्यों से भी जलस्रोतों पर असर पड़ा है।

बुरे दौर में नैनी झील

बारिश की कमी और रिचार्ज जलस्रोत के सूखने से नैनीझील का जलस्तर शून्य से नीचे पहुंच गया है, जो छह साल बाद न्यूनतम स्तर पर है। नैनी झील लबालब होने पर इसका टॉप लेवल 12 फीट माना जाता है। वर्ष 2018 के बाद यह पहला मौका है जब झील सबसे खराब स्थिति में है। भीमताल झील का जलस्तर भी 36.5 फीट पर पहुंच गया है। भीमताल झील का करीब दो सौ मीटर हिस्सा मैदान बन चुका है।

शहर में आज

☞ कायस्थ चेतना मंच की ओर से शिवि सिनेमा के पास शर्बत वितरण सुबह 9 बजे।

☞ हाईवे किनारे स्थित कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन की पंचायत दोपहर 12 :30 बजे।

एक नजर

भारी वाहनों के लिए किया गया रूट डायवर्ट

रामपुर, अमृत विचार : गंगा दशहरे को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने रूट डायवर्ट कर दिया है। रविवार को गंगा दहशरा है। इसमें काफी संख्या में भक्त ब्रजघाट पर गंगा स्नान करने जाते हैं। शनिवार की शाम से ही लोगों का कारों से जाना शुरू हो गया है। इसे देखते हुए अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। शनिवार की रात आठ बजे से भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट कर दिया गया है। टीआई बिजेंद्र सिंह ने बताया कि बरेली की ओर से आने वाले भारी वाहनों को शाहबाद पटवाई की ओर से निकाला जाएगा। रोडवेज की बसें कोसी पुल वाले रास्ते से ही चलेगी।

भूमिगत केबल में फाल्ट से पांच घंटे ठप रही अजीतपुर क्षेत्र की बिजली

मरम्मत के बाद रात 11 बजे शुरू हो सकी आपूर्ति, भीषण गर्मी में पांच घंटे बिजली नहीं मिलने से परेशान रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भूमिगत केबल में फॉल्ट होने से अजीतपुर क्षेत्र की बिजली पांच घंटे ठप रही। रात 11 बजे आपूर्ति चालू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। बिजली विभाग के अधिकारियों के मुताबिक भूमिगत केबल में पानी आ जाने की वजह से फाल्ट हो गया। इसे सही कराने में पांच घंटे का समय लगा।

भीषण गर्मी में भी उपभोक्ताओं को शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। गर्मी में लोगों का हाल-बेहाल है। अजीतपुर क्षेत्र की भूमिगत केबल में फॉल्ट हो गया। इससे क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई। केबल सही होने पर पांच घंटे बाद आपूर्ति बहाल की गई। इस दौरान लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग अधिकारियों के फोन मिलाते रहे। अधिकारी भी उन्हें जल्द ही बिजली आने का आश्वासन देते रहे। इस तरह रात के 11 बजे गए, तब आपूर्ति सुचारू हुई। एसडीओ प्रथम सचिन रस्तोगी ने बताया कि अजीतपुर क्षेत्र की अंडरग्राउंड केबल में पानी पहुंच गया था। इससे फाल्ट हो गया।

चेकिंग करते बिजली विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

त्योहारों पर दी जाए 24 घंटे बिजली : इमरान

ईद उल अजहा और गंगा दशहरा के त्योहार को ध्यान में रखते हुए नवाबगेट डिवीजन के अधिशासी अभियंता इमरान खान ने तीनों एसडीओ व अवर अभियंताओं की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया है कि ईद और गंगा दशहरे पर शहरवासियों को 24 घंटे बिजली दी जाए।

बिजली चोरी में आठ के खिलाफ रिपोर्ट

शनिवार की सुबह शाहबाद गेट और पहाड़ी गेट क्षेत्र में चेकिंग की गई। इस दौरान टीम ने आठ घरों में बिजली चोरी पकड़ी। दिन निकलते ही चेकिंग होने से उपभोक्ताओं में खलबली मची रही। लाइन लॉस पर रोक लगाने और राजस्व को बढ़ाने के लिए अधिकारियों की ओर से इन दोनों चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी के तहत शनिवार की सुबह पहाड़ी गेट और शाहबाद के क्षेत्र में जय आलोक तिवारी और संजीव चौरसिया ने चेकिंग की। इस दौरान टीम को अतिरिक्त केबल से बिजली चोरी होते हुए मिली। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

हाईटेंशन लाइन पर गिरे पेड़, रात में पांच घंटे गुल रही भोट क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : तेज हवा से हाईटेंशन लाइन पर शुक्रवार की शाम पेड़ गिर गए। इससे भोट बिजलीघर से जुड़े करीब 100 गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। जेई के नेतृत्व में रात में ही लाइन पर गिरे पेड़ों को हटाकर 12 बजे आपूर्ति बहाल की गई। भीषण गर्मी में पांच घंटे बिजली नहीं मिलने से उपभोक्तओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार की शाम करीब सात बजे तेज हवा से लालपुर स्थित ट्रांसमिशन केंद्र से भोट बिजलीघर को आ रही हाईटेंशन लाइन पर पेड़ गिर गए। इससे भोट बिजलीघर की आपूर्ति ठप हो। इस दौरान बिजलीघर से जुड़े करीब 100 गांवों में अंधेरा छा गया। भीषण गर्मी में बिजली न मिलने से लोग व्याकुल हो गए। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों को हुई। लोग अधिकारियों को फोन करते रहे। लेकिन वहां से भी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।

शुक्रवार की रात बिजली की लाइन की मरम्मत करता बिजली कर्मी।

उधर अचानक आपूर्ति ठप होने से जेई चंद्रिका यादव लाइनमैन व संविदकर्मियों के साथ रात में ही लाइन की पेट्रोलिंग में जुट गए। जेई चन्द्रिका यादव ने बताया कि आंधी से क्षेत्र के दरियागढ़ व अन्य कई स्थानों पर लाइन पर पेड़ टूटकर गिर गए थे। इसके कारण आपूर्ति बाधित हो गई थी। लाइन पर गिरे पेड़ों को हटाकर रात करीब 12 बजे आपूर्ति सुचारु करा दी गई।

बच्चों की गुहार पर नगर विधायक ने कराई पार्क की लाइटों की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अंकल जी, हमारी कालोनी के मैदान में मौजूद पोल पर छह लाइट लगी हैं। सभी लाइटें कई माह से खराब हैं। अंधेरे में खेलने में दिक्कत होती हैं। स्कूल के बच्चों का यह पत्र मिलते ही शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सुबह ही लाइटों को ठीक करा दिया। बच्चों ने उनका आभार जताया है।

मामला शिवापुरम कालोनी का है। दयावती मोदी अकादमी के कक्षा नौ के छात्र रचित चौधरी ने शहर विधायक आकाश सक्सेना को व्हाटसएप के माध्यम से पत्र भेजा। देर रात आए इस पत्र में लिखा था उनके घर के पास एक मैदान है। यहां एक पोल पर छह लाइटें लगी हैं। लेकिन, पिछले कई माह से लाइटें खराब हैं। जिस कारण अंधेरे में बच्चों को खेलने में समस्याएं आती हैं। इस संबंध में कई बार नगर पालिका के अफसरों को बताया जा चुका है, लेकिन लाइटों को ठीक नहीं कराया गया है। विधायक से लाइटों को ठीक कराने की गुहार लगाई। पत्र पर कालोनी के बाकी बच्चों के हस्ताक्षर भी हैं।

पार्क में लाइट सही करते कर्मचारी।

> शिवापुरम कालोनी के बच्चों ने लाइट ठीक कराने के लिए व्हाटसएप पर पत्र भेजा था। इसके बाद लाइटों को ठीक करा दिया गया है।
>
> –आकाश सक्सेना, विधायक

विधायक आकाश सक्सेना ने रात में ही नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुबह सबसे पहले लाइटें ठीक होनी चाहिए। जिससे बच्चों को सुविधा मिल सके। नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शनिवार की सुबह लाइटों को ठीक करना शुरू कर दिया। दोपहर तक सभी लाइटें ठीक हो गईं। इससे कालोनी के बच्चे खुश हो गए। उन्होंने पत्र के माध्यम से विधायक का अभार जताया है।

योग शिविर का उद्घाटन करतीं ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

अस्पताल में योग सप्ताह मनाया

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत योग सप्ताह के उपलक्ष्य में शनिवार को राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल नवदिया में योग सप्ताह मनाया गया। ग्राम प्रधान रामवती देवी ने फीता काटकर कार्यक्रम का आरंभ किया। इसके बाद योग प्रणेता महर्षि पतंजलि की प्रतिमा के समक्ष प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज कुमार आर्य व डॉ. जबर सिंह, योग प्रशिक्षक रामु मौर्य, प्रतीक्षा सक्सेना ने दीप प्रज्जवलित कर योग सप्ताह का उद्घाटन किया।

अस्पताल परिसर में शनिवार को लगे योग शिविर में लोगों ने प्रतिभाग किया। चिकित्सा प्रभारियों एवं योग प्रशिक्षकों ने लोगों को योग द्वारा मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ, रोगहीन शरीर के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को सुबह उठकर योग करना चाहिए। योग करने से लोग तनाव मुक्त रहते हैं। योग शिविर में भूपराम, गिरीश कुमार, सृष्टि पांडेय, अस्पताल के समस्त कर्मचारी व भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

स्टार चौराहे पर लगे अंवतीबाई की प्रतिमा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय लोधी एकता मिशन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लोधी के नेतृव में तमाम लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां प्रदर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इसमें स्टार चौराहे पर रानी अवंतीबाई की प्रतिमा लगवाने की मांग की गई।

राष्ट्रीय लोधी एकता मिशन के जिलाध्यक्ष के नेतृव में कलेक्ट्रेट पहुंचे लोगों ने प्रदर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इसमें कहा है कि जिले में सबसे ज्यादा संख्या लोधी समाज की है। रानी अवंतीबाई लोधी भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रथम महिला शहीद वीरांगना थीं। वह मध्य प्रदेश के रामगढ़ राज्य के परिवार से थीं। लोधी समाज उन्हें अपना आदर्श मानता है। उन्होंने अमीनाबाद पार्क में सत्याग्रह झंडा आंदोलन में 1935 में एक पेड़ पर चढ़कर तिरंगा फहराया था। इसलिए लोधी समाज चाहता है कि रानी अवंतीबाई की प्रतिमा स्टार चौराहे पर स्थापित की जाए। इस मौके पर राजवीर सिंह लोधी, सुरेंद्र प्रताप लोधी, कपिल कुमार लोधी, बादशाह लोधी, शौर्य लोधी, राकेश लोधी, मंयक लोधी आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते राष्ट्रीय लोधी एकता मिशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **राष्ट्रीय लोधी एकता मिशन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया**
- **प्रदर्शन करने के बाद डीएम को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन**

हस्तशिल्पियों को मिलेगा 10 दिवसीय प्रशिक्षण : मुकेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत चिन्हित किए गए ओडीओपी उत्पादों के निर्माण के लिए चिन्हित जरी, पैचवर्क व मेंथा उत्पाद की विधा में कारीगरों, हस्तशिल्पियों एवं उद्यमियों को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षार्थियों को आधुनिक टूल किट भी दी जाएगी। ताकि जरी, पैचवर्क कारीगर एवं हस्तशिल्पी लाभान्वित हो सकें।

उपायुक्त ने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के बाद योजना पूर्णतः ऑनलाइन मोड में संचालित की जा रही है। जनपद के पारम्परिक कारीगरों, हस्तशिल्पि में चिन्हित ओडीओपी उत्पाद जरी, पैचवर्क एवं मैंथा में प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक विभागीय वेबसाइट पर 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदक का आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक तथा फोटो, आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। आयु की गणना आवेदन करने की तिथि से की जाएगी।

उन्होंने बताया कि आवेदक अथवा उसके परिवार से किसी एक सदस्य को केवल एक बार लाभान्वित किया जाएगा। योजना की पात्रता के लिए आवेदकों को परम्परागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका और नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदस्यों द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

कॉमन सर्विस सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा तहसील शाहबाद के ग्राम भरतपुर में निर्माणाधीन कॉमन सर्विस सेंटर का जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन इमारत में प्रयुक्त की जा रही सामग्री को लेकर संतुष्टि व्यक्त की। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में निर्माणाधीन अन्य कॉमन सर्विस सेंटरों की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। इसके बाद उन्होंने परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि वह बाउंड्री में गेट पहले ही लगवा दें ताकि परिसर में लगाए गए पौधे सुरक्षित रह सकें। भरतपुर में निर्माणाधीन इमारतों में मुख्य भवन, बाउंड्री वॉल, इंटरलॉकिंग रोड आदि प्रस्तावित है। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंकित मलिक भी मौजूद रहे।

भरतपुर में पौधरोपण करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

तटबंध का कार्य 30 जून तक कराएं पूर्ण : डीएम

रामपुर, अमृत विचार : तहसील शाहबाद के ग्राम मदारपुर में कोसी नदी और रामगंगा नदी के मिलन बिंदु पर सिंचाई विभाग द्वारा तटबंध का निर्माण कराया जा रहा है। शनिवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने इसका निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई सियाराम को निर्देश दिए कि तटबंध पर सभी प्रस्तावित कार्य 30 जून तक हर हाल में पूरे हो जाने चाहिए। इस दौरान मानकों का भी गंभीरता पूर्वक अनुपालन सुनिश्चित कराएं। 1.94 करोड़ रुपये की लागत से मदारपुर में कराए जा रहे तटबंध के इस कार्य के पूर्ण होने के बाद नदियों में जलस्तर बढ़ने के दौरान ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा।

प्रशासन से की ई-रिक्शा छोड़ने की मांग

रामपुर, अमृत विचार : किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हाजी नाजिश खां ने कहा कि रामपुर एक गरीब जिला है। यहां रहने वाले लोग ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। प्रशासन ने उनके ई-रिक्शा पकड़ लिए। इसके कारण गरीबों के बच्चे भूख से तड़प रहे हैं। अपनी समस्या को लेकर शनिवार को ई-रिक्शा चालक उनके कार्यालय पर आए थे। कहा कि प्रशासन गरीबों के ई-रिक्शा वापस करे। ताकि वह अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें।

किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कहा कि रामपुर में कोई फैक्ट्री नहीं है। बेरोजगारी बहुत है। लोग ई-रिक्शा चलाकर, बीड़ी बनाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोगों को हो रही परेशानियों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया जाएगा।

आवास आवंटन में धांधली की शिकायत, जांच की मांग

संवाददाता, शाहबाद

- **धांधली कर अपात्रों को योजना का लाभ देने का आरोप**
- **इससे पहले उप जिलाधिकारी से की गई थी मामले की शिकायत**

अमृत विचार : मोहल्ला हकीमान निवासी सभासद के पुत्र रवि गोला ने संपूर्ण समाधान दिवस में आवास योजना शहरी में धांधली की शिकायत जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह से की। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सभासदों ने अपने कार्यकाल में धांधली करके अपात्रों को भी योजना का लाभ दिला दिया है।

रवि ने बताया कि सबसे अधिक घपले वार्ड दो और तीन में हुए हैं। यहां पात्र लाभार्थियों को भी नहीं बख्शा गया। गरीब लोगों से भी डरा-धमकाकर योजना के पैसों में से हिस्सा हड़पा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी आवास योजना में धांधली की शिकायत उप जिलाधिकारी से की गई। इसकी जांच भी नगर पंचायत के ईओ को सौंपी गई, लेकिन जांच आगे नहीं बढ़ सकी। बताया कि पहले भी इसमें जांच हुई थी। इसमें तमाम अपात्रों को आवासों का आवंटन मिला था। जिसमें डूडा विभाग ने रिकवरी के नोटिस भी जारी किए थे।

आरोप है कि डूडा के कर्मचारियों की भी इसमें मिलीभगत थी। लिहाजा नोटिस जारी होने के बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। उन्होंने डूडा विभाग, राजस्व कर्मियों एवं सभासदों की मिलीभगत से किये गए भ्रष्टाचार की जांच की मांग की है।

शिविर दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस योग सप्ताह का हुआ शुभारंभ

विदेशों में भी योग को दिनचर्या में शामिल कर रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पारुल अग्रवाल ने कहा कि योग प्रतिदिन करना चाहिए। लोग विदेशों में भी योग को दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। महामारी के दौरान योग बहुत कारगर सिद्ध हुआ। इसका महत्व आज पूरी दुनिया जान चुकी है।

आयुष विभाग की ओर से किला मैदान में आयोजित योग सप्ताह का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पारुल अग्रवाल ने फीता काटकर किया। आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान व राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रभारी डा. शहजी अंजुम ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही योग शिविर आरंभ हुआ। योग प्रशिक्षक राजीव कुमार और अर्चना गुप्ता द्वारा सभी को योगाभ्यास और प्राणायाम कराए गए।

आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल के मुताबिक 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम फिजिकल कालेज स्टेडियम के स्थान पर अब किला कैंपस रजा लाइब्रेरी के मैदान में होगा। संचालन डा. कुलदीप सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर अचल अग्रवाल, आशीष शर्मा, डीपीएम प्रेम कुमार मौर्य, वीरेंद्र कुमार नाजिम अली, संजय कश्यप आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करतीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पारुल अग्रवाल। ● अमृत विचार

योगाभ्यास में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- **सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने किया योगाभ्यास**

शाहजहांपुर की किशोरी का तीन दिन बाद भी नहीं मिला सुराग

मसवासी, अमृत विचार : शाहजहांपुर से बहला-फुसलाकर लाई गई किशोरी का तीसरे दिन भी सुराग नहीं लग सका है। परिजन उसे हासिल करने के लिए मसवासी में ही डेरा डाले हैं। परिजनों का आरोप है कि पुलिस उनका सहयोग नहीं कर रही है। मोहल्ला चाऊपुरा निवासी दो युवक शाहजहांपुर में सिलाई का काम करते थे। इनमें से एक युवक को वहीं की किशोरी प्रेम-प्रसंग हो गया। इसके बाद दोनों युवक किशोरी को मसवासी ले आए। किशोरी के परिजन भी तलाश करते-करते मसवासी पहुंच गए। आरोपियों ने किशोरी को उसके परिजनों को देने से मना कर दिया। इसके बाद किशोरी के परिजन चौकी पहुंचे और पुलिस को पूरी बात बताई। पुलिस ने मामला शाहजहांपुर का होने का हवाला देकर उन्हें टरका दिया। चौकी इंचार्ज राहुल कुमार गंगवार ने बताया कि किशोरी के मामले की जानकारी शाहजहांपुर पुलिस को है। वहां की पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। उधर, मसवासी पुलिस की कार्यशैली से किशोरी के परिजन मानसिक रूप से परेशान हैं।

अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो0:- 9027872845, 9838333303

पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-.....

Resonance®
Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
AIR 6 KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
AIR 7 BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
AIR 8 DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
NEET (UG) Top Rankers
AIR 13 VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
AIR 27 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
AIR 60 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023
upto 100% Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

आज का मौसम

आसमान में धूप खिली रहेगी। मौसम शुष्क रहेगा।

43.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:14

एक नजर

बहू को पीटने में मां-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : मां-बेटे ने बहू को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के गांव देहरी निवासी कविता का कहना है कि उसका पति और सास से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। 14 जून को जब वह कोर्ट के आदेश पर अपनी ससुराल न्यू शिव विहार कालोनी पहुंची तो उसके पति अभिषेक कुमार और सास उर्मिला ने उसके साथ गाली-गलौज करते लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। उन्होंने मामले को शांत कराया। बाद में पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जिला कारागार में हुई बंदी की मौत

गंज पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला कारागार में शनिवार की दोपहर करीब 11 बजे गैंगस्टर के बंदी की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जेल प्रशासन बंदी की मौत हार्ट अटैक से होना बता रहा है। उधर घटना की जानकारी होने पर सांसद मौलाना मोहिब्बुलाह नदवी भी जिला अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने परिजनों से जानकारी करने के बाद उन्हें ढांढस बंधाया।

सालिम के परिजनों से जानकारी करते सांसद मौलाना मोहिब्बुलाह नदवी।

टांडा थाना क्षेत्र की दढ़ियाल चौकी निवासी गुलाम हुसैन के पुत्र आलिम हुसैन के खिलाफ टांडा थाने में गैगस्टर एक्ट का मुकदमा लिखा गया था। पुलिस ने सालिम को 13 मई को कोर्ट में पेश किया था। जहां से सालिम को जेल भेज दिया गया था। तभी से वह जेल में बंद था। शनिवार की दोपहर करीब 11 बजे अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। इससे जेल प्रशासन के होश उड़ गए। जेल प्रशासन ने आनन-फानन में उसे जेल अस्पताल भेजा। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बंदी की मौत की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार और गंज इंस्पेक्टर जिला अस्पताल पहुंच गए। नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जेल प्रशासन बंदी की मौत हार्टअटैक से होने की बात कह रहा है।

चार भाइयों में सबसे छोटा था सालिम

मृतक सालिम चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई पूर्व जिला पंचायत सदस्य हैं। बेटे की मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजनों का हाल बेहाल हो गया। मृतक के भाई पूर्व जिला पंचायत सदस्य हाजी जुल्फिकार अली का कहना है कि कुछ दिन से छोटा भाई सालिम जेल में बंद था। उसे किसी तरह की कोई बीमारी नहीं थी। ऐसे में उसे अचानक हार्ट अटैक कैसे आ गया।

> दढ़ियाल निवासी सालिम हुसैन को गैंगस्टर के मामले में 13 मई को पुलिस जिला कारागार लाई थी। तभी से वह जेल में बंद था। सुबह हार्ट अटैक आने के कारण उसकी मौत हो गई।
> **-प्रशांत मौर्य, जेल अधीक्षक**

हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता लग सकेगा। सालिम की मौत की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच गए।

बोली लगाकर होगा दुकानों का आवंटन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : तोपखाना स्थित बापू मॉल की दुकानों का आवंटन बोली के जरिए 25 जून को होगा। माल के प्रथम तल की 155 दुकानों का आवंटन बोली के जरिए होगा। बोली में भाग लेने वालों को 1,00,000 का प्रीमियम जमा करना होगा।

सपा सरकार में तोपखाना गेट तोड़कर 35.14 करोड़ रुपये से सीएनडीएस ने बापू माल बनाया था। निर्माण पूरा होने पर सीएनडीएस ने इसे पालिका के हैंडओवर कर दिया था। इसका उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किया था। मॉल के प्रथम तल पर 316 दुकान और 16 हॉल हैं। इनमें से 155 दुकानों और 16 हॉल का आवंटन होना बाकी है। 25 जून को होने वाली बोली में दुकानों के साथ हाल को भी शामिल किया गया है।

नगर पालिका के अधिकारियों की अनदेखी के चलते करोड़ों रुपये की लागत से बना बापू मॉल खंडहर हो रहा है। इसके शीशे भी चटक गए हैं। जिन दुकानों का आवंटन हो चुका है, उनमें लाइट और पानी की सुविधा नहीं है। दुकानदारों ने निजी खर्चे से मॉल की छत पर सोलर पैनल लगा रखे हैं। पालिका के अधिकारियों ने दुकानों का आवंटन करने के लिए 25 जून तिथि निर्धारित की है।

व्यापार मंडल भी कई बार उठा चुका है आवंटन का मुद्दा

बापू मॉल की दुकानों की आवंटन प्रक्रिया को लेकर व्यापारी कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। व्यापारी नेता संदीप अग्रवाल सोनी का कहना है कि बापू मॉल की दुकानों का आवंटन इसलिए नहीं हो रहा है क्योंकि इनका किराया और प्रीमियम काफी अधिक है। रामपुर छोटा शहर है। यहां पर बेरोजगारी काफी है। छोटे शहर में इतना किराया और प्रीमियम निकालना काफी मुश्किल है। कहा कि दुकान का किराया और प्रीमियम कम से कम तय किया जाए। बापू मॉल की दुकानों का आवंटन होने से पालिका के राजस्व में भी काफी वृद्धि होगी।

पूर्व पालिका अध्यक्ष के भी अधिकार हुए थे सीज

बापू मॉल की दुकानों का आवंटन न होने के मामले में पूर्व पालिका अध्यक्ष फातिमा जबीं के अधिकार सीज हो गए थे। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों की मेहनत के चलते प्रशासक की तैनाती कराने पर बोली के जरिए दुकानों का आवंटन हुआ था। इसमें कुछ दुकान अभी भी शेष रह गई हैं। इनका आवंटन 25 जून को पालिका के सभागार में बोली के जरिए होगा।

तोपखाना रोड पर बना बापू मॉल।

- **प्रथम तल की 155 दुकानों की होनी है आवंटन प्रक्रिया**

> बापू मॉल की 155 दुकानों और 16 हॉल का आवंटन 25 जून को होगा। इसमें इच्छुक ठेकेदार भाग ले सकते हैं। प्रीमियम जमा होने के बाद आगामी बोर्ड बैठक में बापू मॉल की दुकानों का प्रस्ताव रखा जाएगा। **-दुर्गेश्वर त्रिपाठी**
> ईओ नगर पालिका परिषद

अभियान चला रही पालिका की टीम के साथ मारपीट की

संवाददाता, बिलासपुर

- **राहगीरों व मोहल्लेवासियों की मौके पर लगी भीड़**

अमृत विचार : पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चला रही नगर पालिका की टीम के साथ अभद्रता और मारपीट की गई। अभिलेख तक फाड़ दिए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। टीम ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

शनिवार की दोपहर अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमार सिंह के निर्देश पर पालिकाकर्मियों की एक टीम का गठन किया गया। टीम ने नगर में पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान टीम मोहल्ला शीरी मियां पहुंची। टीम दुकानदारों के पास पॉलीथिन को चेक कर रही थी। तभी एक दुकानदार भड़क गया। उसने पालिका कर्मचारियों के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। पालिकाकर्मियों ने विरोध किया तो दुकानदार ने अपने साथियों को बुला लिया और टीम के साथ मारपीट शुरू कर दी। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हंगामा बढ़ने पर राहगीरों व मोहल्लेवासियों की मौके पर भीड़ लग गई। पालिकाकर्मियों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख आरोपी मौके से खिसक लिए।

इसके बाद में टीम कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर। पालिकाकर्मियों ने आरोप लगाया कि एक दुकानदार ने अपने कुछ साथियों के साथ उनके मारपीट की। चालान बुक आदि अभिलेख फाड़ दिए गए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि टीम के साथ मारपीट करने वाले के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी गई है। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गई है।

अधिकारी बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नेशनल हाईवे का अधिकारी बनकर ठगी करने वाले युवक को गंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसके पास से 59 हजार रुपये भी मिले। पकड़ा गया आरोपी अमरोहा जनपद के गजरौला थाना क्षेत्र गांव मोहम्मदाबाद निवासी कुतुबुद्दीन है। वह महेशपाल के नाम से अधिकारी बनकर ठगी करता था।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने इसके बारे में बताया कि पटवाई थाना क्षेत्र के गांव मेहंदीनगर जनूबी निवासी कुलदीप सिंह का कहना था कि वह पांव साल से गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाजोड़ी टोला निवासी समी खां का है। समी खां की फैक्ट्री के पास नेशनल हाईवे एनएच 24 और एनएच 87 को जोड़ने का काम चल रहा है। इसके चलते वहां सरकारी अधिकारी आते-जाते रहते हैं। नौ जून को एक व्यक्ति नेशनल हाईवे की वर्दी पहनकर कार से आया और फैक्ट्री के अंदर प्रवेश करते हुए बोला कि इस फैक्ट्री को यहां से हटा लो। नेशनल हाईवे के लिए जमीन को अधिग्रहण करने का कार्य चल रहा है। यह कहकर वह चला गया।

पुलिस की गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

इसके बाद नौ, दस और 11 जून को वह आया और चल रहे कार्य को देखने लगा। उसने कुलदीप से कहा कि तुम्हारे मालिक की फैक्ट्री की जो जगह खाली पड़ी है, उस पर हम आर्टिफिशियल सीमेंटेड बाउंड्री करा देंगे। इससे जगह सुरक्षित हो जाएगी। इसमें करीब छह लाख रुपये लगेंगे, लेकिन तुम केवल ढाई लाख रुपये मालिक से लेकर सामान उठा लो।

समी खां के चालक ने उसे ढाई लाख रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपी ने कार चालक को कोसी नदी के पास बने एक होटल के पास बने एक सिक्योरिटी गार्ड के आफिस में बैठा दिया। कहा कि नेशनल हाईवे का काम करके अभी आता हूं। इस बीच आरोपी मौका पाकर फरार हो गया। कुलदीप ने अपने मालिक को सारा मामला बताया। तब उसने गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। गंज पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के पास से ढाई लाख में से मात्र 59 हजार रुपये मिले। गंज प्रभारी विजयपाल सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी जिला अमरोहा के थाना गजरौला के गांव मोहम्मदाबाद का रहने वाला कुतुबुद्दीन है। वह महेश पाल के नाम से अधिकारी बनकर आया था। आरोपी के पास से कार और अन्य सामान भी मिला है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

पाड़ से गिरकर घायल हुए मजदूर की मौत

मसवासी, अमृत विचार : क्षेत्र के आरसल-पारसल गांव के मझरा हसन में निर्माणधीन मकान की पाड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए मजदूर की मुरादाबाद के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

गांव मझरा हसन निवासी आबिद शाह (25) गांव में ही एक ग्रामीण के निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी कर रहा था। अचानक उसका पैर पाड़ से फिसल गया और वह नीचे गिर गया। इससे उसकी हालत मरणासन्न हो गई। ग्रामीण उसे उठाकर बाजपुर के अस्पताल ले गए। इसके बाद उसे काशीपुर ले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर उसे मुरादाबाद के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शुक्रवार की शाम इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

बहला-फुसलाकर बीए की छात्रा को ले गए जीजा-साला

संवाददाता, सैदनगर

- **एसपी के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**
- **एफआईआर होते ही आरोपी युवक व उसके परिजन हुए फरार**

अमृत विचार : बीए की छात्रा को जीजा-साला बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली स्वार क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती बीए फाइनल की छात्रा है। पढ़ाई के साथ वह स्वार के एक नर्सिंग होम में भी काम करती है। तीन दिन पहले युवती नर्सिंग होम पर गई थी। शाम को वापस नहीं आने पर घर वालों को चिंता होने लगी। उन्होंने नर्सिंग होम पर संपर्क किया तो पता चला कि युवती वहां नहीं पहुंची थी। युवती के अचानक गायब होने से घर वालों के होश उड़ गए। गांव में पूछताछ करने पर मालूम हुआ गांव का ही युवक गायब था। युवती के परिजनों ने युवक के घर वालों से संपर्क किया तो उन्होंने एक दिन बाद युवती को लौटाने की बात कही। अगले दिन भी युवती घर नहीं आई तो परिजन स्वार कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने अजीम नगर क्षेत्र का हवाला देकर उन्हें टरका दिया।

शुक्रवार को युवती के परिजन पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के पास पहुंचे। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर स्वार पुलिस ने रसूलपुर का मझरा चांद निवासी विष्णु, आकाश, और उत्तरांचल के बन्ना खेड़ा निवासी उसके जीजा विजय के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट दर्ज होते ही आरोपी युवक और उसके परिजन गायब हो गए।

जानकारी एक से 31 जुलाई तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

संचारी रोगों के प्रसार के लिए चूहा भी उत्तरदायी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला कृषि रक्षा अधिकारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 जुलाई तक चलेगा। जबकि दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलेगा।

कृषि विभाग द्वारा जनसहभागिता के माध्यम से चूहा और छछूंदर नियंत्रण जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कर्मचारियों एवं जनता का सहयोग लेकर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इनसे होने वाली बीमारियों एवं मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। खेतों में इनके नियंत्रण के प्रभावी एवं सुरक्षित उपायों से जनसमुदायों को अवगत कराते हुए घरों एवं आसपास चूहा तथा छछूंदर नियंत्रण जागरूकता अभियान चलेगा।

चूहे का प्रतीकात्मक फोटो।

उन्होंने बताया कि संचारी रोगों के प्रसार के लिए अन्य कारकों के साथ चूहा एवं छछूंदर भी उत्तरदायी हैं। चूहा एवं छछूंदर से जानलेवा बीमारी स्कवटाइफस एवं लेप्टोस्पायरोसिस फैलती है। इससे तेज बुखार, सिर दर्द, आखों में संक्रमण, मांसपेशियों में तेज दर्द एवं त्वचा पर चकत्ते पड़ जाते हैं।

यह बीमारियां चूहे-छछून्दर के मल-मूत्र में पाए जाने वाले वैक्टीरिया के सम्पर्क में आने से होती हैं। गम्भीर स्थिति में मेनिन्जाइटिस, गुर्दे की विफलता तथा फेफड़ों में रक्त तनाव हो जाता है। इन रोगों की रोकथाम के लिए चूहा एवं छछूंदर की रोकथाम जरूरी है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा 889 जागरूकता गोष्ठियां प्रस्तावित की गई हैं। कृषक विभिन्न उपायों को अपनाकर संचारी रोग को नियंत्रित कर सकते हैं।

चूहों की संख्या कम करने के लिए चूहेदानी और एल्युमीनियम फास्फाइड का करें प्रयोग

जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि चूहे दो प्रकार के होते हैं घरेलू एवं खेत के चूहे। घर में मिलने वाले चूहे को चुहिया या मूषक कहा जाता है। खेत के चूहे में फील्ड रैट, सॉफ्ट फर्ड फील्ड रेट एवं फील्ड माउस प्रमुख हैं। भूरा चूहा खेत व झार दोनों जगह पाया जाता है। जंगली चूहा जंगलों या रेगिस्तानों एवं निर्जन झाड़ियों में पाया जाता है। चूहा अपना बिल झाड़ियों, कूड़ों एवं मेड़ों आदि पर बनाते है। खेतों की समय-समय पर साफ-सफाई करके इनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है। चूहों के प्राकृतिक शत्रुओं जैसे-बिल्ली, सांप, लोमड़ी, बाज व चमगादड़ आदि भी इनका प्रयोग भोजन के रूप में करते हैं। चूहेदानी का प्रयोग करके उसमें रोटी, डबल रोटी, बिस्कुट आदि रखकर चूहों को फंसाकर मारने से इनकी संख्या पर नियंत्रण किया जा सकता है। घरों में ब्रोमाडियोलॉन 0.005 के बने चारे में 10 ग्राम दवा प्रत्येक बिल में रख दें। चूहे उसे खाकर मर जाते हैं। एल्युमीनियम फास्फाइड नामक दवा की तीन या चार ग्राम मात्रा प्रति बिल में डालकर बिल बंद करने से उसमें से निकलने वाली फास्फीन गैस से चूहे मर जाते हैं।

दो दिन बाद बूथ अध्यक्ष की मौत का खुलासा नहीं

रामपुर, अमृत विचार : भाजपा के बूथ अध्यक्ष का गांव से 100 मीटर की दूरी पर खेत में बने कमरे में 13 जून को शव मिला था। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। लेकिन पुलिस आत्महत्या मान रही है। दो दिन बाद भी पुलिस भाजपा के बूथ अध्यक्ष की मौत का खुलासा नहीं कर सकी है।

केमरी के शिव नगर निवासी डालचंद्र (32) भाजपा के 252 का बूथ अध्यक्ष था। इसके अलावा वह गांव में ही शराब की दुकान पर काम करता था। रात को घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित एक खेत की चौकीदारी भी करता था। गुरुवार की सुबह सात बजे तक जब वह घर नहीं आया तो परिजन खेत पर बने कमरे में पहुंचे। कमरे का दरवाजा खुला था। अंदर डालचंद्र का शव चारपाई पर पड़ा था। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। लेकिन पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। केमरी प्रभारी हिमांशु चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की बात आई है। फिर भी जांच की जा रही है।

किसान नेता ने खजुरिया पुलिस पर लगाए आरोप

संवाददाता, बिलासपुर

- **ऑडियो वायरल कर कहा-खनन माफिया से है पुलिस की सांठगांठ**

अमृत विचार : खजुरिया थाना क्षेत्र निवासी किसान नेता ने सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल करके खजुरिया पुलिस पर खनन कराने का आरोप लगाया है।

खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव खमरिया स्थित बहगुल नदी पर सैकड़ों किसान हर वर्ष कच्चा बांध बनाते हैं। ताकि बांध के माध्यम से पानी जमा करके फसलों की सिंचाई कर सकें। लेकिन, इस कच्चे बांध को सबसे अधिक नुकसान खनन करने वाले लोग पहुंचा रहे हैं। माफिया डंपरों और जेसीबी के माध्यम से नदी से खनन करते हैं। इसे बांध को काफी नुकसान पहुंचता है। इस बांध का कार्य देखने वाले किसान नेता बलवीर सिंह गंगवार ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल किया। इसमें वह खजुरिया पुलिस पर खनन कराने का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में खनन माफिया के ओवरलोड डंपरों ने सड़कों को दोबारा जर्जर हालत में पहुंचा दिया है। बांध को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है।

उन्होंने किसानों के साथ मिलकर डंपरों को रोक भी लिया था। खनन बंद करने की मांग की थी। खजुरिया पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। उन्होंने पुलिस से भी कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन, पुलिस ने किसानों को आश्वासन देकर डंपरों को छुड़वा दिया था। उनके विरुद्ध आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने ऑडियो में जल्द ही धरना देने की बात भी कही है। यह ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

बाइक सवार ने महिला की चेन लूटी, रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइन क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश महिला के गले में पड़ी चेन पर झपट्टा मारकर कर ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला नूर महल आवास विकास निवासी हर्षित सक्सेना का कहना है कि 13 जून की रात करीब पौने दस बजे वह अपनी पत्नी प्रेरणा सक्सेना और बेटे तेजस के साथ हाथी खाने चौराहे से दूध का डिब्बा लेकर घर आ रहे थे।

गंगापुर आवास विकास तथा फैमिली चौराहे के बीच पहुंचे तभी स्टार चौराहे से उनकी स्कूटी का पीछा कर रहे बाइक सवार ने पीछे बैठी उनकी पत्नी के गले में पड़ी सोने की चेन पर झपट्टा मारकर छीन लिया। जब तक महिला ने शोर मचाया तब बदमाश फरार हो चुका था। पीड़िता के पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक नजर

महिला को मारपीट कर घर से निकाला

मसवासी, अमृत विचार : मझरा खुशहालपुर में एक महिला ने पति पर अकारण मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस जांच कर रही है। चौकी क्षेत्र के गांव मझरा खुशहालपुर निवासी मासूम जहां पत्नी कर्रार हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि उसके चार बच्चे हैं। वह मेहनत मजदूरी करके पालन-पोषण करती है। आरोप है कि पति अकारण मारपीट और गाली-गलौज करता है। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता है। मायके वालों से शिकायत की तो वह उन्हें भी पीटने लगा। वह पति की पिटाई से बेघर हो गई है। महिला ने पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

बीमारियों से छुटकारा दिलाता है योग

रामपुर, अमृत विचार : रोशनबाग में 11 जून से लोगों को योग कराया जा रहा है। चेतना योग संस्था के जिलाध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। इसी के चलते रोजाना प्रात: 5:30 बजे से काफी संख्या में लोग योगाभ्यास करने आ रहे हैं। साधक बहुत मनोयोग से योगाभ्यास कर रहे हैं। कहा कि योग करने से काफी बीमारियों से छुटकारा मिलता है। रोजाना सभी लोगों को योग करना चाहिए।

अधिकारियों ने किया ईदगाह का निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : 17 जून को ईद उल अजहा है। इसके लेकर अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। इसी के चलते शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी नगर ने ईदगाह का निरीक्षण किया। ईद उल-अजहा पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ईदगाह का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गंगा दशहरा पर अग्रवाल धर्मशाला में होगा हवन

रामपुर, अमृत विचार : अग्रवाल धर्मशाला के पंडित विश्वनाथ मिश्रा ने बताया कि रविवार को गंगा दशहरा है। इस मौके पर विशेष रूप से स्वस्थ रहने तथा विश्व कल्याण के लिए यज्ञ, अनुष्ठान, जाप व पूजा पाठ किया जाएगा। दोपहर 12 बजे सभी भक्त इस महान महोत्सव में आमंत्रित है। सभी भक्त समय से शामिल रहे और धर्म लाभ प्राप्त करें।

आसमान छू रहीं कुर्बानी के जानवरों की कीमतें

कुर्बानी के जानवर खरीदने के लिए बाजारों में उमड़ रही भीड़, खूब बिक रहे बकरे

संवाददाता, रामपुर/दढ़ियाल

अमृत विचार : ईद उल अजहा पर बाजारों में कटरा, भैंस और बकरों की कीमतें आसमान छू रही हैं। कुर्बानी के जानवर खरीदने को बाजारों में भीड़ उमड़ रही है। तोपखाना रोड पर बकरों की खूब बिक्री हो रही है। जानवरों की खूबसूरती पर उनकी कीमत निर्धारित होती है। इस वर्ष कुर्बानी के जानवरों की कीमतें आसमान छू रही हैं। इसके बावजूद कुर्बानी के जानवर खरीदने के लिए बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।

शहर के शाहबाद गेट, तोपखाना रोड, हजरतपुर के अलावा बाजारों में बकरों की खूब खरीद-फरोख्त हो रही है। इसके अलावा मंगल की पैंठ, बुध की बाजार में भी बकरे खूब बिके। पनवड़िया, बिलासपुर खौद और हजरतपुर में लगने वाले बाजारों में भी कुर्बानी के जानवरों की खूब बिक्री हो रही है। बकरा कारोबारी मोहम्मद सुमेर बताते हैं कि इस वर्ष बकरों के अलावा कटरा और भैंस के दामों में भी तेजी है। दढ़ियाल प्रतिनिधि के मुताबिक नगर सहित क्षेत्र के गांव के लोग कुर्बानी के सिलसिले में जानवर खरीदने के लिए सरकथल गांव में लगने वाली सप्ताहिक पैठ में पहुंचे। कुर्बानी के लिए जानवर खरीदने वालों की काफी भीड़ रही। इस्लामी कैलेंडर के अनुसार ईद अल-अजहा का त्योहार 17 जून को मनाया जाना है।

दढ़ियाल के बाजार में बिक्री के लिए लाए गए बकरे। ● अमृत विचार

सरकथल में खूब हुई कुर्बानी के पशुओं की बिक्री

ईद उल अजहा के मद्देनजर क्षेत्र के गांव सरकथल में शुक्रवार को लगने वाले बाजार में कटरा, भैंस, बकरा लेकर पहुंचने वालों की संख्या काफी रही। कुर्बानी करने वाले लोग पशुओं की खरीदारी करने पहुंचे। ईद उल अजहा नजदीक आते ही पशुओं की कीमतें भी अचानक बढ़ गई हैं। साप्ताहिक बाजार में जानवर बेचने वालों की चांदी रही। सरकथल के बाजार में क्षेत्र के गांव लोदीपुर नायक, कुंडेसरा, कुंडेसरी, भाऊपुर, रामपुर धम्मन, अकबराबाद, सूरजपुर, जमालगंज, चौखंड़ी, मिलक, सिटला, घोसीपुरा, कैथोला, महुआखेड़ा, मुबाना, जटपुरा आदि गांवों के लोग भी खरीदारी करने पहुंचे।

ईद को लेकर पालिका प्रशासन ने नियुक्त किए नोडल अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● ईद उल अजहा पर पालिका प्रशासन ने तैयार किया खाका

अमृत विचार : ईद उल अजहा को लेकर पालिका प्रशासन ने शहर में पशुओं की आवाजाही को लेकर नोडल अधिकारियों की तैनाती की है। यह अधिकारी कुर्बानी के पशुओं पर नजर रखेंगे। इसके अलावा शहर में सफाई व्यवस्था की निगरानी भी करेंगे।

अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि ईद पर तीन दिन तक कुर्बानी की जाती है। इसके लिए मस्जिदों के बाहर साफ-सफाई और चूने की व्यवस्था कराई गई है। सफाई व्यवस्था की देखरेख करने के लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जानवरों के अवशेष के लिए 15 वाहनों को लगया गया है। इन वाहनों से पशुओं के अवशेष को उठाए जाएंगे। अवशेष को एचडीपीई बैग में भरा जाएगा और उस स्थान की नमक डालकर सफाई-धुलाई की जाएगी। पेयजल व्यवस्था के लिए जलकल अभियंता को निर्देशित किया गया है कि 17 से 19 जून तक शहर में पानी की व्यवस्था को बरकरार रखा जाए। जिन नलकूपों पर जनरेटर लगे हैं। उन जनरेटर में डीजल डलवाकर पानी की निर्बाध आपूर्ति दी जाए। त्योहार को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने मोबाइल खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि किसी की भी कोई शिकायत आए तो तत्काल उसका निस्तारण कराया जा सके। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक को संबोधित करतीं पालिका अध्यक्ष सना खानम। ● अमृत विचार

डंपिंग ग्राउंड मे दबाए जाएं पशुओं के अवशेष : सना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ईद उल अजहा को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष सना खानम ने शनिवार को पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया कि कुर्बानी के अवशेषों को सार्वजनिक स्थलों पर फेंक दिया जाता है। इससे संक्रामक रोग फैलते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत ही अवशेषों को उठाकर एचडीपीई बैग में भरकर डंपिंग ग्राउंड में दबाया जाए।

उन्होंने एंटी लार्वा का छिड़काव कराने, ब्लीचिंग पाउडर डलवाने और कीटनाशक दवा तथा चूना डलवाने के निर्देश दिए। जलकल अभियंता से कहा कि त्योहार के तीन दिन सुबह पांच से 12 और 12 से आठ तक लगातार पेयजल आपूर्ति दी जाए।

यदि किसी नलकूप में खराबी या कमी है तो उसे समय रहते जल्द पूरा करा लें। इस अवसर पर अधिशासीस अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी, मुख्य खाद्य व सफाई निरीक्षक डा. अविनाश कुमार, देवेंद्र कुमार, द्वारका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

कचहरी परिसर में पौधरोपण करते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

आप्ति ग्रामीण विकास संस्थान ने कचहरी में किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला कचहरी परिसर में आप्ति ग्रामीण विकास संस्थान के प्रतिनिधियों ने अधिवक्ताओं के साथ मिलकर बरगद का पेड़ लगाकर पौधरोपण अभियान की शुरूआत की। संस्थान के सचिव राजीव कुमार ने कहा कि मानसून आने पर जनपद में स्थान चिन्हित कर जनहित में बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत बहु वर्षीय पौधों का रोपण किया जाएगा। पर्यावरण की वर्तमान स्थितियों को देखकर संस्था ने यह कदम उठाया है। ताकि धरा हरी भरी रहे और पर्यावरण संतुलन हो सके। इस अवसर पर हरिओम रवि, चंद्रपाल सिंह, संजय, सोहन लाल प्रजापति, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

बरसात से पूर्व कराई जाए क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत

टांडा, अमृत विचार : मोहल्ला पड़ाव वार्ड नंबर तीन के मुख्य मार्ग पर गड्ढे हो गए हैं। राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। वार्ड 16 की सभासद के पति व मोहल्लेवासियों ने पालिका प्रशासन से मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है।

मोहल्ला भब्बलपुरी वार्ड नंबर तीन में पड़ाव के मैदान के पास मुख्य मार्ग में कई जगह गड्ढे हो गए हैं। मार्ग पश्चिमी दिशा की ओर बसे मोहल्ला इमामबाड़ा और दायमपुर आदि क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को सीधा जोड़ता है। इसलिए मार्ग पर रोजाना सैकड़ों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसमें कई जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। वार्ड 16 की सभासद के पति मास्टर मोहम्मद सगीर व मोहल्लेवासियों ने पालिका प्रशासन से बरसात से पूर्व क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है।

महिलाओं ने घर-घर जाकर लोगों को दिया निमंत्रण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सिविल लाइंस स्थित आवास विकास कॉलोनी और वीआईपी कॉलोनी में जय जगन्नाथ का महामंत्र गूंजा। जगन्नाथ रस कथा से पहले 11वीं निमंत्रण यात्रा आवास विकास और वीआईपी कालोनी में निकाली गई। इसमें महिलाओं ने लोगों को घर-घर जाकर कथा का निमंत्रण दिया।

सात से नौ जुलाई तक उत्सव पैलेस में जगन्नाथ यात्रा होनी है। इसे लेकर काफी समय से निमंत्रण यात्रा निकाली जा रही हैं। सीए सजल अग्रवाल ने बताया कि जगन्नाथ रस कथा की तारीख नजदीक आने के साथ निमंत्रण यात्राएं भी बढ़ रही हैं। प्रथम यात्रा में जहां मात्र 10 लोग शामिल थे। वहीं अब हर यात्रा में 50-60 लोग साथ चल रहे हैं। जिस कॉलोनी में यात्रा होती है, वहीं के कुछ भक्त निमंत्रण यात्रा से जुड़ रहे हैं।

शनिवार को ग्यारहवीं निमंत्रण यात्रा पुरानी आवास विकास कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से प्रारम्भ की गई। कालोनी की गलियों का भ्रमण करते हुए वीआईपी कॉलोनी पहुंची। जहां भक्तों ने पुष्प वर्षा से यात्रा का स्वागत किया। जगन्नाथ रस कथा के निमंत्रण पत्र दिल्ली से प्रिंट होकर आ जाएंगे। सर्वप्रथम सभी मंदिरों के पुजारियों को निमंत्रण दिया जाएगा। इसके बाद पूरे शहर में निमंत्रण पत्र बांटने के लिए पांच टीम गठित की जाएंगी। गो सेवा परिवार और इनिशिएटिव मानस फाउंडेशन की यही कोशिश है कि सभी तक निमंत्रण पहुंचाया जा सके।

निमंत्रण यात्रा में भजन गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

निमंत्रण यात्रा में यह रहे मौजूद

राजीव अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, ममता कपूर, घनश्याम कपूर, माधव गुप्ता, मुकुंद चांदीवाला, अमन अग्रवाल, हर्षित, संजय, वरुण, अंशिका, सुकृति, दीपा अग्रवाल, गीतिका, करिश्मा गुप्ता, आशीष जिंदल, राधे श्याम, विनोद गुप्ता, कोमल, पारुल, अचल आदि।

अनुप्रिया पटेल से मुलाकात करते अपना दल एस के जिलाध्यक्ष एवं अन्य।

कार्यकर्ताओं ने अनुप्रिया पटेल से मिलकर दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अपना दल एस के जिलाध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह संधू के नेतृत्व में जिला संगठन के पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। एनडीए गठबंधन सरकार में तीसरी बार केंद्रीय मंत्री बनने पर बधाई दी।

जिला संगठन के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच समी अहमद मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष रामपाल गंगवार, दुर्गा प्रसाद गंगवार, कार्यवाहक जिला महासचिव याकूब अली, विधानसभा अध्यक्ष स्वार टांडा शरीफ जमील, नगर अध्यक्ष केमरी हाजी पुत्तन, नगर अध्यक्ष रामपुर नजमी खान, जिला कार्यकारिणी सदस्य चौधरी भगत सिंह, जिला महासचिव अल्पसंख्यक मंच साजिद मलिक, जिला सचिव अल्पसंख्यक फरहान प्रधान आदि शामिल रहे।

बिजली विभाग पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : बिजली विभाग के कर्मचारियों पर जनता एवं व्यापारियों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की गई। समस्या का समाधान न होने पर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी।

शनिवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यकर्ता तहसील अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में तहसील पहुंचे। उन्होंने बिजली कर्मचारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी अमन देओल को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि उपभोक्ताओं के मीटर एक और दो किलोवाट के हैं। बिजली कर्मचारियों ने तमाम लोगों के बिना अनुमति के चार किलो वाट के कनेक्शन कर दिए हैं। उपभोक्ता को इसका पता ही नहीं है। वह अधिक बिल का भुगतान करने पर मजबूर है।

आरोप लगाया कि मीटर का बिल निकालते समय रीडिंग कम या अधिक करना, नए कनेक्शन देने पर अलग से सुविधा शुल्क की मांग करना, कनेक्शन होने पर मीटर लगाने के लिए सुविधा शुल्क की मांग करके उपभोक्ताओं को उत्पीड़न किया जा रहा है। नई एबीसी केबिल में आए दिन फॉल्ट हो रहे हैं। एबीसी केबिल की जांच करा कर नई केबिल डाली जाए। समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली, प्रदेश संगठन मंत्री शिवऔतार सक्सेना मन्नू, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, हाशिम शान, मुशर्रफ अली, संजय वाल्मीकि, सलीम अल्वी राशिद भाई, तौफीक, मकसूद, सब्बू, इरफान अंसारी, शकील सलमानी, इरफान आदि मौजूद रहे।

उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

भाकियू अराजनैतिक के नगराध्यक्ष बने डा. सिद्दीक

बिलासपुर, अमृत विचार: भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में मोहल्ला टांडा हुरमतनगर में पंचायत हुई।

इसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि धान के बीज में अवैध वसूली हो रही है। प्रशासन इसे लेकर कतई गंभीर नहीं है। ट्यूबवेल भी सही तरह से काम नहीं कर रहे पा रहे हैं। विभाग का इस ओर भी ध्यान नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने डा. सिद्दीक खां को नगर अध्यक्ष, आरिफ को नगर उपाध्यक्ष और नौशाद को नगर सचिव मनोनीत किया। उन्होंने 17 जून को रामपुर में पंचायत को सफल बनाने का आह्वान किया। पंचायत में हरिशंकर यादव, नदीम खां, वीरेंद्र कुमार, श्रीपाल यादव, नरेश गंगवार, रहीस अहमद, शिशुपाल गंगवार, ओमप्रकाश आदि शामिल रहे।

डीएम ने सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण कराने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● अवैध होर्डिंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के दिए निर्देश

● नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया अपनाने के बाद लगाए जा सकेंगे होर्डिंग

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने नगर निकायों में अवैध होर्डिंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। डिवाइडर के बीचों-बीच होडिंग न लगवाने के लिए अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि नियमानुसार टेंडर प्रक्रिया अपनाने के बाद ही होर्डिंग लगेंगे। जिलाधिकारी ने जहां से नगर निकाय की सीमा शुरू होती है वहां सुंदरीकरण एवं पौधरोपण कराने पर जोर दिया।

कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को अपने नगर निकाय में पार्क विकसित करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गंगा दशहरा व ईद-उल अजहा के दृष्टिगत नगर निकायों में साफ-सफाई, प्रकाश तथा पेयजल व्यवस्था निर्बाध रूप से सुनिश्चित कराने को कहा। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेष को बन्द वाहनों में ले जाकर नियमानुसार निस्तारण कर चूना, मैलिथियान आदि कीटनाशक दवाओं के साथ विसंक्रमित किया जाये। प्रतिबन्धित प्लास्टिक, कैरी बैग तथा प्लास्टिक या थर्मोकोल से निर्मित एक बार उपयोग के पश्चात निस्तारण योग्य कप, गिलास, प्लेट इत्यादि के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रभारी अधिकारी संदीप कुमार वर्मा एवं जनपद की समस्त नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

हिदायत गरीबों और मिस्कीनों में ज्यादा से ज्यादा बाटें कुर्बानी का गोश्त

दूसरों के साथ भी साझा करें ईद की खुशियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● कुर्बानी का वीडियो वायरल न करें खूबसूरत जानवर की करें कुर्बानी

अमृत विचार : कुर्बानी अल्लाह को खुश करने के लिए की जाए। जब कुर्बानी की पहली बूंद जमीन पर गिरती है तो कुर्बानी करने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं। कुर्बानी का गोश्त गरीबों और मिस्कीनों में ज्यादा से ज्यादा बांटना चाहिए। ईद उल अजहा की खुशियां दूसरों के साथ साझा करें। यह इस्लाम का कानून है और यही इस्लाम चाहता है।

अखिल भारतीय शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य और इमाम जमाअत शिया मस्जिद किला के मौलाना सैयद मोहम्मद जमान बाकरी बताते हैं कि अली इब्ने जाफर अपनी किताब में लिखते हैं कि मैंने अपने भाई इमाम मूसा काजिम अलैहिस्सलाम से कुर्बानी के बारे में पूछा। उन्होंने कहा हां, एक मोटे, ताजे, सींग वाले और नर मेढ़े की कुर्बानी करो। यदि मोटा मेढ़ा न मिले तो एक बकरा या भेड़ की कुर्बानी करो।

इमाम अली अलैहिस्सलाम कहते थे कि कुर्बानी की भेड़ छह माह की उम्र पूरी कर चुकी हो। बकरा या बकरी एक वर्ष की आयु पूरी कर चुके हों, तब इसे खरीद लें। उसके दोनों कान और दोनों आंखें हों। जब आप उनकी कुर्बानी करना शुरू करें तो वह किबला का सामना करें। उसके गोश्त के तीन हिस्से करें। एक गरीबों के लिए, दूसरा रिश्तेदारों और हमसाया तथा तीसरा हिस्सा अपने लिए रखें। याद रखें कि कुर्बानी अल्लाह की खुशनूदी के लिए होनी चाहिए इसमें कोई पाखंड नहीं होना चाहिए।

इसका गोश्त गरीबों और जरूरतमंदों में तकसीम किया जाना चाहिए। सड़कों पर किसी प्रकार की गन्दगी न हो। स्वच्छता का पूरा ध्यान रखना चाहिए। गंदगी को पॉलिथीन या कपड़े के टुकड़े में पैक करके निर्धारित स्थानों पर रखना चाहिए या दफन करना चाहिए। किसी भी प्रकार का विभाजन या नफरत नहीं फैलनी चाहिए।

> कुर्बानी के गोश्त को फ्रिज में न भरें बल्कि गरीबों और अनाथों में बांट दें। कुर्बानी करते हुए वीडियो वायरल नहीं होना चाहिए।
>
> **- मौलाना सैयद जमान बाकरी**
> **इमाम, मस्जिद किला**

डीएम ने लेखपालों को लगाई फटकार, सुधरने के दिए निर्देश

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को राजस्व विभाग की काफी शिकायतें मिलीं। पैमाइश व विरासत संबंधी शिकायतों का अंबार देखकर जिलाधिकारी ने लेखपालों को जमकर फटकार लगाई। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे, पैमाइश और विरासत संबंधी शिकायतों पर डीएम ने लेखपालों को लाइन में लगा लिया। फटकार लगाते हुए सुधरने के लिए आखिरी चेतावनी दी।

कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में कोताही किसी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लेखपालों को हिदायत देते हुए कहा कि विरासत की शिकायत पर तुरंत निलंबित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी जमीनों पर कब्जे नहीं रहने चाहिए। किसी की पैमाइश या विरासत संबंधी शिकायत आती है तो उसे तत्काल प्रभाव से निपटाया जाए। कोई शिकायत दोबारा न आने पाए। वहीं, दीपपुर गांव निवासी तेजपाल लोधी ने गृह तहसील में लंबे समय से तैनात लेखपालों को हटाने की मांग की। कहा है कि यह लोग स्थानीय निवासी होने के चलते काश्तकारों पर दबाव बनाते हैं।

लेखपाल ने किसान को डीएम से मिलने से रोका

संपूर्ण समाधान दिवस में लेखपालों के कारनामे भी सामने आए। तहसील क्षेत्र के गांव मडैयान गौर निवासी अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि लेखपाल कुर्रे बंदी नहीं कर रहा है। इस काम के लेखपाल उससे 20 हजार रुपये भी घूस के रूप में वसूल चुका है। शनिवार को अब्दुल्ला डीएम से मिलने पहुंचा तो लेखपाल ने उसे अंदर नहीं जाने दिया। प्रार्थना पत्र छीनने की कोशिश भी की।

कब्जे हटवाकर कराई जाएगी नहर की खोदाई

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : बरसात में जलभराव के कारण फसलें डूबने से किसानों को राहत मिलेगी। ग्रामीणों की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी को नहर की जमीन से कब्जे हटवाकर खोदाई कराने के निर्देश दिए।

भोट के निवासियों ने कुछ दिन पूर्व जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कुछ लोगों के खिलाफ नहर की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की थी। इसके अलावा बरसात में अत्याधिक जलभराव के कारण फसलों के डूबने की समस्या से निजात दिलाने की मांग भी की थी। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के आदेश पर खंड विकास अधिकारी निहारिका जैन व डीसी मनरेगा मंशाराम, एपीओ अमित चौरसिया ने शनिवार को टीम के साथ नहर विभाग की जमीन का निरीक्षण किया। ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप कुमार को नहर विभाग की जमीन से अवैध कब्जे हटवाने और नहर की खोदाई का काम शुरू कराने के निर्देश दिए।

ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि सुभान अली पाशा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से नहर विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की थी। नहर की जमीन पर कब्जा कर पटान करने से बरसात के पानी का निकास नहीं हो पाता।

बाढ़ आने या पीलाखार नदी के उफनाने पर पानी का निकास न होने के कारण बरसात का पानी भोट व मुतियापुरा गांव के जंगलों में भर जाता है। इससे फसल डूब कर खराब हो जाती है। इसलिए नहर विभाग की जमीन से अवैध कब्जा हटने के बाद ही बरसात से पूर्व नहर की खोदाई कर पानी का निकास सुचारु कर दिया जाएगा। इससे भोट व मुतियापुरा समेत कई गांवों के लोगों को जलभराव से होने वाली परेशानी से निजात मिल जाएगी।

भोट के जंगल में नहर की जमीन का निरीक्षण करतीं खंड विकास अधिकारी निहारिका जैन।

एक नजर

डंपर में घुसी बेकाबू बाइक दो भाई गंभीर रूप से घायल

शाहबाद, अमृत विचार : साप्ताहिक बाजार से जा रहे दो भाइयों की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े डंपर में घुस गई। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के गांव महूनागर निवासी हुकुम सिंह और रामबाबू शनिवार को साप्ताहिक बाजार करने शाहबाद आए थे। देर शाम घर लौटते समय शाहबाद-सिरौली मार्ग उनकी बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े डंपर में घुस गई। इसमें दोनों भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पंचायत अध्यक्ष व सभासदों ने जिलाध्यक्ष को दिया ज्ञापन

मसवासी, अमृत विचार : नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह के साथ मारपीट के मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष और सभासदों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भाजपा के जिलाधक्ष को सौंपा। निष्पक्ष जांच की मांग की। शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल समेत तमाम सभासदों ने भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू से भेंट कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि नायब तहसीलदार ने झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। घटनास्थल पर हकीकत कुछ और थी। दुर्घटना का शिकार हुए बृज किशोर का परिवार फुटपाथ पर है। इस दौरान बृजनंदन सिंह सागर, जितेंद्र चंद्र, कुसुम, कुलदीप, पूर्व पंचायत अध्यक्ष रघुवीर सिंह आर्य, नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल, विजय कुमार, पूर्व सभासद अनिल कुमार दिवाकर आदि शामिल रहे।

मेलबोर्न क्लब ने आठ विकेट से जीता मैच

टांडा, अमृत विचार : मंसब अली स्पोर्टस स्टेडियम में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में मेलबोर्न क्लब ने सद्भावना क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हरा दिया। सद्भावना क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 107 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेलबोर्न क्लब की शुरूआत खराब रही। मैच के शुरू में ही एक विकेट गंवा दिया। उसके बाद नासिर पीटरसन ने पारी को संभाला। नौ ओवर में मैच जिताकर टीम को दूसरे राउंड में पहुंचा दिया। मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार नासिर पीटरसन को पालिकाध्यक्ष के पति हाजी सरफराज आलम द्वारा दिया गया।

भूमि विवाद की अधिक शिकायतें मिलने पर डीएम ने जताई नाराजगी

शाहबाद में जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की फरियाद, 42 में से छह शिकायतों का मौके पर कराया गया निस्तारण

संपूर्ण समाधान दिवस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना। संबंधित अधिकारियों को तय समय सीमा में शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। शाहबाद में विभिन्न विभागों से संबंधित 42 शिकायतें मिलीं। इनमें से छह शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जनसुनवाई में विभिन्न प्रकार के भूमि विवाद एवं पैमाइश से संबंधित सर्वाधिक मामले आने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित पूरी राजस्व टीम को सख्त निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जाए।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की उपस्थिति में शनिवार को तहसील शाहबाद के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 42 शिकायतें मिलीं। इनमें से छह शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद के विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराने को प्राथमिकता दें। किसी मामले में कोई व्यक्ति शांति व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश करता है अथवा बार-बार किसी जमीन पर अवैध कब्जा करता है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराएं। उन्होंने लेखपालों को भी जमकर फटकार लगाई। कहा कि एक माह तक लगातार अभियान चलाकर अपने राजस्व क्षेत्र के सभी प्रकार के जमीनी विवादों का पूरी पारदर्शिता के साथ समाधान कराएं। किसी भी गांव सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए। एक माह के बाद प्रशासनिक स्तर से राजस्व ग्रामों में जमीनी विवादों के निस्तारण की स्थिति का सत्यापन कराने के लिए टीमें गठित होंगी। यह टीम यदि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे की पुष्टि कर देंगी तो संबंधित लेखपाल के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई होगी।

उप जिलाधिकारी शाहबाद से कहा कि वह जमीनी विवादों के निस्तारण की साप्ताहिक समीक्षा करें। कहा कि प्रत्येक अधिकारी प्रातः 10 से मध्याह्न 12 बजे तक अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जनसुनवाई करे। अवकाश अथवा अन्य अति महत्वपूर्ण कार्य से मुख्यालय से बाहर होने की दशा में अधीनस्थ अधिकारी अथवा कर्मचारियों को यह जिम्मेदारी सौंपे ताकि लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का तय समय सीमा के भीतर निस्तारण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

निस्तारण के दौरान गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह, एसडीएम शाहबाद सुनील कुमार और क्षेत्राधिकारी संगम कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

तहसील सदर में एक शिकायत का हुआ निस्तारण

तहसील सदर में मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में नौ शिकायतें मिलीं। इनमें से एक का मौके पर निस्तारण किया गया।

टांडा में तीन शिकायतों का हुआ निस्तारण

टांडा में उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 23 शिकायतें मिलीं। इनमें से तीन का मौके पर निस्तारण कराया गया। मिलक में उप जिलाधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 13 शिकायतें मिली। इनमें से दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बिलासपुर में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 28 शिकायतें मिली। इनमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

लोगों की शिकायत सुनते एडीएम प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य। ● अमृत विचार

एक भी शिकायत का नहीं हुआ निस्तारण

स्वार, अमृत विचार : अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य ने कहा कि अधिकारी मौके पर पहुंच कर फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण करें। संपूर्ण समाधान दिवस में 19 शिकायतें मिलीं। मगर इनमें से किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। शनिवार को तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस, राजस्व, बाल विकास परियोजना, विकास व चक मार्ग आदि से संबंधित 19 शिकायत मिलीं। किसी भी शिकायत का निस्तारण न होने पर समयावधि के अंदर निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम अमन देओल, सीओ अतुल कुमार पांडेय, कोतवाल संदीप त्यागी, तहसीलदार अशोक संत, वन रेंजर मुजाहिद हुसैन, एडीओ सुरेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा, नायब तहसीलदार मनवेन्द्र सिंह, ईओ सुरेन्द्र केसरवानी आदि मौजूद रहे।

डायरिया-बच्चा वार्ड में 46 रोगी हुए भर्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जनपद में डायरिया का प्रकोप थमता नजर नहीं आ रहा है। जिला अस्पताल के डायरिया और बच्चा वार्ड में रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है।

शनिवार को जिला अस्पताल में 952 रोगियों की ओपीडी हुई। दवा और पर्चा काउंटर से लेकर चिकित्सकों के कमरों के बाहर तक रोगियों और तीमारदारों की कतारें लगी रहीं। डायरिया वार्ड में 35 और बच्चा वार्ड में 11 रोगी भर्ती हुए। जनरल फिजिशियन डा. दशरथ सिंह ने सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक 180 रोगियों को परामर्श दिया। इनमें 20-25 रोगियों को उल्टी दस्त और बुखार तथा शरीर में पानी की कमी की शिकायत थी। इन्हें उपचार दिलाने के लिए डायरिया वार्ड में भर्ती कराया।

उधर बाल लोग विशेषज्ञ डा. पल्लव सिंघल ने बच्चों के तीमारदारों से एहतियात बरतने की सलाह दी। कहा कि बदलते मौसम को देखते हुए बच्चों की सेहत पर काफी ध्यान देने की जरूरत है। एहतियात नहीं बरतने पर वह तरह-तरह की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एचके मित्रा ने बताया कि डायरिया के रोगियों के लिए अस्पताल में 45 बेड की व्यवस्था की गई है। बच्चा वार्ड में 15 बेड की व्यवस्था है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

- **शनिवार को जिला अस्पताल में 952 रोगियों की हुई ओपीडी**
- **डॉक्टरों ने बच्चो के तीमारदारों को दी एहतियात बरतने की सलाह**

समाधान दिवस में भी गूंजा मोतीझील पर कब्जे का मुद्दा

संवाददाता, शाहबाद

- **सभासद ने प्रार्थना पत्र देकर की कब्जा हटाने की मांग**

अमृत विचार : नगर की बहुचर्चित मोती झील पर अवैध कब्जे का मुद्दा संपूर्ण समाधान दिवस में भी गूंजा। सभासद ने प्रार्थना पत्र देकर मोती झील के रकबे से कब्जा हटाने की मांग की।

कभी रकबे तो कभी उसके रास्ते पर कब्जे को लेकर नगर की मोती झील का मुद्दा हर समय चर्चा में रहता है। अब सभासद सैयद बब्लू अली ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया है। इसमें कहा गया है कि नगर के एक भू-माफिया ने मोती झील की गाटा संख्या 308 सरकारी रास्ते पर कब्जा करके अवैध तरीके से प्लाटिंग कर दी है। इसमें लेखपालों ने भी खेल कर दिया है। उन्होंने 308 गाटा संख्या के रास्ते को 535 हामिद खां की जमीन में निकाल दिया है। शिकायत पर राजस्व विभाग व नगर पंचायत की टीम ने गाटा संख्या 308 व 535 की पैमाइश की तो पता चला कि गाटा संख्या 308 पर सरकारी रास्ते पर कुछ लोगों ने कब्जा करके पक्के मकान बना लिए हैं।

सभासद का आरोप है कि पैमाइश के बाद भूमाफिया ने तहसील कर्मचारियों से साठगांठ कर ली। लिहाजा, टीम ने जांच आख्या और नक्शा नजरी भी कार्यालय में दाखिल नहीं किया। सभासद का आरोप है कि साठगांठ के चलते सरकारी रास्ते से कब्जा नहीं हटाया जा रहा है। उन्होंने सरकारी रास्ते से कब्जा हटवाने की मांग की है।

सार संक्षेप

चेयरमैन के पति ने किया ईदगाह का निरीक्षण

शाहबाद, अमृत विचार : सोमवार को ईद-उल-अजहा को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष के पति व वसीम खां ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। ईदगाह पहुंच कर कर्मचारियों को सफाई के निर्देश दिए। शनिवार को चेयरमैन के पति ने नगर पंचायत कर्मियों के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कस्बे में सफाई व्यवस्था चकाचक रखने के निर्देश दिए। इसके बाद वह ईदगाह पहुंचे। ईदगाह की रंगाई-पुताई व सफाई व्यवस्था देखी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सभासद सैयद बब्लू अली, लिपिक नवेद मियां, एसबीएम प्रभारी मुजीब मियां, कंप्यूटर ऑपरेटर रेहान अली, सफाई नायक रघुवीर और हरपाल आदि मौजूद रहे।

सार्वजनिक स्थान पर न करें कुर्बानी : हरेंद्र

धमोरा, अमृत विचार : शहजादनगर थाने में शांति व्यवस्था एवं ईद उल अजहा को लेकर बैठक हुई। थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने क्षेत्र के चौकीदार, ग्राम प्रधान और संभ्रांत व्यक्तियों को बुलाया। बैठक में उन्होंने कहा कि ईद उल अजहा पर सार्वजनिक जगह पर कुर्बानी न करें। कुर्बानी से किसी भी समुदाय को परेशानी नहीं होनी चाहिए। क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर चौकीदारों को भी अलर्ट किया गया। उन्हें गांव में गश्त करने को कहा गया। ग्राम प्रधानों से चौकीदारों का सहयोग लेने की अपील की गई। इस दौरान चौकी प्रभारी विष्णु कुमार, ग्राम प्रधान इरशाद, ग्राम प्रधान बब्लू यादव, ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान बिलकीस आदि मौजूद रहे।

साप्ताहिक बंदी में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम

मिलक, अमृत विचार : शनिवार को साप्ताहिक बंदी के दौरान नगर की अधिकांश दुकानें बंद थीं। मगर पालिका की टीम ने सुबह से ही अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर लिया। मगर साप्ताहिक बंदी के कारण दुकानों के न खुलने से पालिका प्रशासन के अरमानों पर पानी फिर गया। पालिका ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का ऐलान कराया। पालिका क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा किये जा रहे अतिक्रमण की बाबत चेताया। कहा कि अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अभियान में अधिशासी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद व पालिका की टीम मौजूद रही।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का चुनाव 28 को

रामपुर, अमृत विचार : डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जनपद शाखा की बैठक चादर वाला बाग में हुई। इसमें 28 जून को होने वाले प्रांतीय चुनाव को लेकर प्रांतीय उपाध्यक्ष निश्चल भटनागर ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी। कहा कि 28 जून को लखनऊ प्रांतीय चुनाव में भाग लेने के लिए जाना है। डिप्लोमा फार्मेसी संगठन के साथी 27 तारीख की रात जनपद लखनऊ के लिए बस द्वारा कूच करेंगे। अध्यक्षता दीपक त्यागी एवं संचालन हरीश धोनी ने किया।

इमाम की हत्या पर सपा सांसद ने जताया दुख

मसवासी, अमृत विचार : मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के भैंसिया गांव में बड़ी मस्जिद की इमाम की हत्या को लेकर सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने उनके पैतृक निवास भूबरा पहुंचकर परिजनों को ढांढ़स बंधाया। उन्होंने हर संभव सहायता करने का आश्वासन भी दिया। भैंसिया गांव में बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना अकरम की 11 जून को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके पिता आले नबी बताते हैं कि उनकी और उनके बेटे की किसी से कोई रंजिश नहीं थी। शनिवार की शाम सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी मौलाना अकरम के पैतृक निवास पर पहुंचे और परिजनों को ढांढ़स बंधाया। कहा कि वह इस मामले में पुलिस के उच्च अधिकारियों से बात करके घटना के खुलासे की मांग करेंगे। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अहमद, हाजी लियाकत हुसैन, मौलाना साबिर, आजम, इकरार अहमद, इस्तखार अहमद, आदि मौजूद रहे।

हिन्दू संगठनों ने फूंका आतंकवाद का पुतला

मिलक, अमृत विचार : जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की मौत पर हिन्दू संगठनों ने आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला फूंका। शनिवार को हिन्दू संगठनों के लोग आंबेडकर पार्क चौराहे पर एकत्र हुए। नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने देश में आतंकवाद का खात्मा करने के लिए जम्मू कश्मीर में धारा 370 को हटाया था। देश को आतंकवाद मुक्त करना एकमात्र उद्देश्य था, लेकिन पाकिस्तान के आतंकी संगठनों को मोदी सरकार का बिल्कुल भी खौफ नहीं है। आतंकी संगठनों ने मोदी सरकार को चेतावनी देते हुए जम्मू कश्मीर की यात्रा पर जा रहे तीर्थ यात्रियों पर हमला किया है। श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमला किया। इसमें 10 निर्दोष तीर्थ यात्री मारे गए। यह देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है। जम्मू-कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद आशा की एक किरण जगी है लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश की नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके आतंकवादियों ने देश की संप्रभुता को चुनौती दी है।

खनन के वाहन निकलने पर पुलिस के खिलाफ हंगामा

मसवासी, अमृत विचार : बाईपास मार्ग से पूरी रात खनन के वाहनों के निकलने पर लोगों का सब्र जवाब दे गया। गुस्साए लोगों ने बीच मार्ग पर खनन के तमाम वाहनों को रोक कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। आरोप लगाया कि खनन कारोबारियों से सांठगांठ के चलते पुलिस रातों-रात अवैध खनन से लदे ओवरलोड वाहन बाईपास से पास करा रही है। नगर में अनियंत्रित खनन लदे डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक बृजकिशोर दिवाकर के पैर कटने की घटना के बाद से खुशहालपुर तिराहे पर दो पुलिसकर्मियों खड़ा करे अवैध खनन से लदे ओवरलोड वाहन खुशहालपुर वाया मानपुर तीन पुलिया से होकर निकाले जा रहे हैं। बाईपास मार्ग में गड्ढा होने के साथ ही बेहद धूल भी है। वाहनों के गुजरने से उड़ने वाले धूल के गुबार से लोग परेशान हैं। इससे गुस्साए तमाम लोग शुक्रवार की देर रात सड़क पर उतर आए। उन्होंने खनन लदे वाहनों को रोककर पुलिस पर सांठगांठ का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इसके चलते दूर तक खनन के वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस के अधिकारियों के काफी देर तक मान-मनौवल के बाद लोग शांत हुए। तब खनन लदे वाहनों को पुलिस ने मानपुर चेकपोस्ट से रवाना किया।

सपा की जीत पर अखिलेश को भेंट किया स्मृति चिन्ह

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : सूबे में सपा की अधिक सीट आने पर सपाई गदगद हैं। विकासखंड शाहबाद के पूर्व ब्लॉक प्रमुख व अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष हरज्ञान सिंह ने लखनऊ जाकर सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात की और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

लोक सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में अधिक सीट आने पर बधाई दी। देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरने पर उनकी दूरदर्शी सोच की सराहना की। पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने सपा मुखिया को श्रीकृष्ण की मूर्ति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। इस दौरान अखिलेश यादव ने उनसे कहा कि जो मोहब्बत का संदेश इंडिया गठबंधन ने देश को दिया है, वही संदेश प्रदेश में भी जारी रहेगा। इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में 2027 में सरकार बनायेगा। इसलिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता 2027 के चुनाव के लिए अभी से जी जान से जुट जायें। कहा कि समाजवादी पार्टी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों को हमेशा साथ लेकर चलती रहेगी।

लखनऊ में अखिलेश यादव को स्मृति चिन्ह देते हरज्ञान सिंह। ● अमृत विचार

कूड़े के ढ़ेर से निकली चिंगारी से घर में लगी आग

स्वार, अमृत विचार : कूड़े के ढेर से निकली चिंगारी से किसान के घर में आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक किसान के घर में रजिस्ट्री कराने के लिए रखे पांच लाख रुपये समेत करीब आठ लाख रुपये का सामान जल गया।

शनिवार को तहसील क्षेत्र के गांव सोनकपुर में अचानक कूड़े के ढेर में आग लग गई। देखते ही देखते कूड़े के ढेर से लपटें उठने लगीं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मगर फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पूर्व ही आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। आग की चिंगारी ने किसान इकरार अहमद के घर को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग बेकाबू हो गई। इस बीच फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

अधिवक्ताओं की बेमियादी हड़ताल जारी

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : तहसील स्थित न्यायालयों एवं कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर शनिवार को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। हालांकि दोपहर बाद एसडीएम और बार के पदाधिकारियों के बीच वार्ता हुई, लेकिन कुछ बिंदुओं पर सहमति नहीं बनने के कारण अधिवक्ताओं ने हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है।

तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ता सात जून से न्यायिक कार्य से विरत हैं। अधिवक्ताओं का आरोप है कि न्यायालयों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। वकीलों का आरोप है कि रजिस्ट्रार कानूनगो का कई माह पूर्व तबादला हो गया था, लेकिन उन्हें आज तक रिलीव नहीं किया गया। तहसील में कार्यरत कई लेखपाल और कर्मी स्थानीय निवासी हैं। इसके कारण वह कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन नहीं कर रहे हैं और मनमानी पर उतारू हैं। शनिवार को दोपहर बाद एसडीएम अनुराग सिंह की कॉल पर बार के अध्यक्ष अनिल भारद्वाज और महासचिव वार्ता के लिए उनके चैंबर में पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच हड़ताल समाप्ति को लेकर वार्ता हुई, लेकिन कुछ बिंदुओं पर सहमति नहीं बन पाने के कारण हड़ताल समाप्त नहीं हो सकी। अधिवक्ताओं ने वादकारियों के हित में हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है।

हड़ताल के दौरान चैंबर पर बैठे अधिवक्ता। ● अमृत विचार

> तहसील में भ्रष्टाचार एवं अन्य अनियमितताओं का बोलबाला है। कई प्राइवेट व्यक्ति तहसील में कार्य कर रहे हैं। इससे सरकारी कार्यों की गोपनीयता भंग हो रही है। डीएम शासन की मंशा के अनुरूप कार्य कर जनता को लाभ पहुंचाने में लगे हैं। वहीं तहसील प्रशासन इसके विपरीत कार्य कर रहा है। भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को दूर करने के लिए हड़ताल को बाध्य होना पड़ा।
>
> **-अनिल भारद्वाज, अध्यक्ष, तहसील बार एसोसिएशन**

क्रिकेट रामपुर लायंस टीम के उवैस अहमद बने मैन आफ दि मैच

रामपुर लायंस ने छह विकेट से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ज्वाला क्लब मैदान में चल रहे केपी सिंह मेमोरियल क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट दो टीमें भिड़ीं। रामपुर लायंस टीम ने परवेज क्रिकेट क्लब अजीतपुर टीम को हरा दिया। समिति के पदाधिकारियों ने दोनों टीमों का हौंसला बढ़ाया।

ज्वाला क्लब सेवा समिति की ओर से ज्वाला क्लब मैदान में कराए जा रहे क्रिकेट टूनामेंट के छठे दिन परवेज क्रिकेट क्लब अजीतपुर और रामपुर लायंस के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर परवेज क्रिकेट क्लब अजीतपुर के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 13.1 ओवर में 63 रन का स्कोर खड़ा किया। पप्पी कुट्टल ने सबसे ज्यादा 23 गेंदों में 18 रन बनाए। जवाब में रामपुर लायंस के खिलाड़ियों ने चार विकट खोकर स्कोर हासिल कर लिया और मैच छह विकेट से जीत गए। मैन आफ दि मैच रामपुर लायंस टीम के उवैस अहमद को दिया गया। उन्होंने शानदार गेंदबाजी कर दो ओवर में पांच रन देकर दो विकेट लिए।

मुख्य अतिथि संजय यादव व प्रतीक सिंह रहे। इस अवसर पर अमित ठाकुर, अभिनाश पटेल, विक्की सक्सेना, विनय शर्मा, संजू शर्मा, शिवम भारद्वाज, परागमणि वशिष्ठ, पीयूष कुमार, अजय राठौर, यशपाल सिंह, हरिओम यादव, शाहवेज, उदयवीर, लक्की, नितिन, हर्ष, त्रिभुवन पंडित, ज्वाला आदि मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि का स्वागत करते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

टीम ने पांच दुकानों से पकड़ी पॉलीथिन, जुर्माना वसूला

मसवासी, अमृत विचार : नगर पंचायत की टीम ने शनिवार को पॉलीथिन जब्तीकरण की कार्रवाई करते हुए पांच दुकानों पर औचक छापेमारी की। मौके से एक किलो पचास ग्राम पॉलीथिन बरामद की गई। टीम ने सात हजार रुपये जुर्माना भी वसूला।

शनिवार को नगर पंचायत की टीम ने अवैध पॉलिथीन जब्तीकरण की कार्रवाई के लिए कई दुकानों पर औचक छापेमारी की। वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्रा ने बताया कि प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध जब्तीकरण अभियान चलाया गया। इसमें पांच दुकानदारों से प्लास्टिक व पॉलीथिन जब्त की गई तथा सात हजार रुपये जुर्माना भी वसूल किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अभियान में नवनीत कुमार, नरेश कुमार, मनदीप सिंह, प्रदीप कुमार, अतुल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाते नगर पंचायत कर्मी। ● अमृत विचार

पॉलीथिन जब्त करने पर टीम से उलझे व्यापारी

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : शनिवार को नगर पंचायत की टीम ने मुख्य बाजार में प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान छह दुकानदारों से 10 किलो पॉलीथिन जब्त की और 28 हजार रुपये के चालान भी काट दिए। इससे व्यापारी भड़क गए। उन्होंने ईओ के पास पहुंचकर अभियान चलाने से पहले ऐलान कराने को कहा।

एसबीएम प्रभारी मुजीब मियां ने बताया कि शनिवार को अभियान से नाराज होकर व्यापार मंडल के लोग भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता को लेकर ईओ पुनीत कुमार से मिले। उन्होंने अभियान चलाने से पहले बाजार में ऐलान कराने की मांग की। ईओ ने कहा कि एनाउंस करा दिया जाएगा, लेकिन प्रतिबंधित पॉलीथिन का इस्तेमाल करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। टीम में रिजवान खां, एसबीएम प्रभारी मुजीब मियां, अरशद, जसवंत, हरपाल, प्रमोद, फरहा, उपासना, फिरोज, शोएब आदि शामिल रहे।

एक नजर

जनपद स्तरीय बास्केटबॉल टीम चयनित

मुरादाबाद, अमृत विचार : आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में शनिवार को जनपद स्तरीय टीम के ट्रायल्स हुए। इसमें 12 सदस्यीय टीम का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। 22 उत्तर प्रदेश यूथ बालक एवं बालिका बास्केटबॉल स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन 18 से 24 जून तक बरेली में होना है। जिसके लिए जनपद की बालक वर्ग की बास्केटबॉल टीम का चयन आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी के बास्केटबॉल कोर्ट पर किया गया। चयन के समय जिला बास्केटबाल संघ के सचिव संजीव भारद्वाज, अध्यक्ष डॉ एएच रजा, सह सचिव फरोज खान, सहसचिव मोहित चौधरी, सलीम खान, फरदीन खान और आदिति चौधरी मौजूद रहे।

चयनित टीम : चिराग राजपूत (कप्तान), वियाना प्रजापति, आर्यन, अपेक्ष डॉगर, लकी, आदित्य, मृत्युंजय, सुमित, आरुष, पुलकित, आयुष, कृष्णकांत साथ ही टीम कोच मोहित चौधरी और टीम मैनेजर सलीम खान रहेंगे।

उधार के रुपये मांगे तो बहाने से बुलाकर किया अमानवीय व्यवहार, वीडियो वायरल

फाइनेंसर को नंगा कर पेड़ से बांधकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। उधार के रुपये मांगने पर फाइनेंसर को आरोपियों ने बहाने से बुलाकर गमछे से उसके हाथ कसकर पेड़ से बांधा और फिर नंगा कर उसे लाठियों से पीटा। आरोप है कि उसके साथ कुकर्म करने की भी कोशिश हुई। यही नहीं, आरोपियों ने इस कृत्य का वीडियो भी बनाया और इंटरनेट पर वायरल कर दिया है। घटना एक जून को दोपहर की है। लेकिन, आरोपियों की धमकी से भयभीत पीड़ित ने घटना के बारे में घर में भी नहीं बताया। 13 दिन बाद जब वायरल वीडियो देखा तो घर वालों को जानकारी हुई। पीड़ित को गुरुवार को सुरजनपुर पुलिस चौकी ले गए, जहां चौकी इंचार्ज को घटना बताई।

शेरपुर पट्टी गांव निवासी पीड़ित का कहना है कि पुलिस ने शुक्रवार को ही मुख्य आरोपी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन उठा भी लिया था लेकिन, शनिवार सुबह उसे छोड़ दिया। जिस पर पीड़ित ठाकुरद्वारा तहसील में चल रहे समाधान दिवस में पहुंचा था। यहां उसने एसएसपी हेमराज मीना को प्रार्थना पत्र देकर आपबीती बताई और वायरल वीडियो भी दिखाए। जिस पर एसएसपी ने मामले का तुरंत संज्ञान लिया और उनके निर्देश पर ठाकुरद्वारा थानाध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने पीड़ित की तहरीर पर ज्ञात दोनों आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। इसमें दो अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया है। नामजद आरोपियों में शेरपुर पट्टी निवासी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन पुत्र जगदीश यादव और डिलारी थाने के गांव गुलड़िया निवासी सचिन यादव हैं। इतना ही नहीं, हरकत आई पुलिस ने कुछ ही देर में मुख्य आरोपी काली डॉन को उठा भी लिया है। उधर, एसएसपी ने सीओ ठाकुरद्वारा को पूरी घटना और सुरजनपुर चौकी पुलिस पर लगे आरोपों की जांच के आदेश भी दिए हैं। पीड़ित ने बताया कि उसकी शिकायत सुनकर एसएसपी ने सुरजनपुर चौकी इंचार्ज को भी बुलाकर नाराजगी जाहिर की। दूसरी तरफ, सीओ ठाकुरद्वारा राजेश तिवारी ने बताया कि घटना जानकारी में आते ही पुलिस सक्रिय हो गई है और मुख्य आरोपी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन को हिरासत में लिया है। इससे पूछताछ की जा रही है। साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

पीड़ित ने बताई घटना और कारण

पीड़ित शानू मलिक ने बताया कि आरोपी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन उनके घर के सामने रहता है। इसका दोस्त सचिन यादव है। पीड़ित ने बताया कि वह फाइनेंस का काम करता है। डेढ़ साल पहले सचिन ने बीमारी का बहना बनाकर उससे 5,000 रुपये उधार लिए थे। इधर, पीड़ित की पत्नी की डिलीवरी होने वाली थी। इसलिए उसने सचिन से अपने उधार वाले रुपये वापस मांगे थे। जिस पर सचिन ने पीड़ित को कांठ मार्ग पर पुलिया पर बुलाया था। वहां काली डॉन, सचिन यादव और दो अन्य लोग मौजूद थे। इन लोगों ने उसे देखते ही दौड़कर पकड़ लिया। गमछे से उसके हाथ कसकर पेड़ में बांध दिया और उसके सभी कपड़े उतार दिए और फिर उसे लाठियों से पीटा। पीड़ित का आरोप है कि इन चारों ने उसके साथ कुकर्म भी करने की कोशिश की। इस पूरी घटना का उन लोगों ने वीडियो भी बना लिया था, जिसे वायरल कर दिया है।

अब ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी एसीआर

मुरादाबाद, अमृत विचार: सरकारी सेवा में कार्यरत चिकित्सकों व स्टाफ की एसीआर (वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट) में अनियमितता एवं धोखाधड़ी खत्म करने के मकसद से नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब चिकित्सकों को अपनी एसीआर ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी।

पूर्व में मैन्युअल रिपोर्ट को नष्ट कर दिए जाने के मामले सामने आ जाते थे। ऐसा करके रिपोर्ट दोबारा तैयार कर ली जाती थी। जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि चिकित्सक व अन्य कर्मचारी अपने कार्यों का जो भी ब्योरा ऑनलाइन फाइल करेंगे, उसमें अब बदलाव किया जाना संभव नहीं होगा। कर्मचारी की तरफ से फाइल की गई एसीआर की अब तीन स्तरों पर मॉनिटरिंग होगी। उनकी एसीआर पहले रिपोर्टिंग, इसके बाद रिव्यूइंग और अंत में एक्सेप्टिंग मैनेजर के पास जाएगी। एसीआर के आधार पर पदोन्नति किए जाने का प्रावधान है।

BHARAT MAXILLO FACIAL SURGERY & DENTAL IMPLANT CENTRE

Dr. Amit Yadav
BDS, MDS
(Oral & Mxillo Facial Surgeon)

- दाँतों की समस्त बीमारियों का इलाज।
- बाहर निकलें दातों को तार बांधकर व्यवस्थित करना।
- मसूड़ों की हड्डी में स्थाई दाँत लगाना।
- जबड़े की रसौली का इलाज।
- जबड़ें व चेहरे की हड्डियों के फ्रेक्चर का अत्याधुनिक तकनीक (मिनी प्लेटिंग) द्वारा इलाज ।

Shahpur Tigri Road, Near Khushalpur Police Chowki, Moradabad.
Mob- 9457168237, 7579663555

ठेला हटाने में कहासुनी घर में घुसकर मारा, रिपोर्ट

पाकबड़ा, अमृत विचार : रास्ते से ठेला हटाने को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ती देख स्थानीय लोगों ने दोनों पक्षों को समझाया और घर भेज दिया। थोड़ी देर बाद एक पक्ष ने घर में घुसकर दूसरे पक्ष के लोगों से मारपीट की। मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

थाना क्षेत्र के गांव मोड़तैया में चार दिन पहले रात को करीब 8 बजे गांव निवासी सत्य प्रकाश बाजार से अपने घर जा रहा था। रास्ते में जयपाल पुत्र डोरी सिंह का ठेला खड़ा था। जिससे रास्ता तंग हो गया था। सत्य प्रकाश ने ठेला हटाने को कहा तो दोनों में कहासुनी हो गई। मामला बढ़ते देख गांव के लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कर घर भेज दिया। उसके थोड़ी देर बाद जयपाल ने साथियों कृपाल पुत्र डोरी लाल, मोहित एवं सोहित पुत्र जयपाल ने सत्य प्रकाश के घर में घुसकर लाठी-डंडे एवं लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। जब तक परिजन पहुंचे आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजन घायल को लेकर थाने पहुंचे, जहां से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कुल्फी बेचकर दिन में करता था रेकी, गिरफ्तार

आरिफ के घर चोरी करने वाले आरोपी से पुलिस ने माल भी बरामद किया, 12 जून को हुई थी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सोनकपुर थाना क्षेत्र के गांव अलीनगर में मो. आरिफ पुत्र मुख्तार के घर में चोरी करने वाले आरोपी शाने हैदर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से माल भी बरामद कर लिया है।

पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत में एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि चोरी की घटना पांच-छह जून की रात की है। इस मामले में पीड़ित मो. आरिफ ने थाने में 12 जून को एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी शाने हैदर ने अपने घर पर तिजोरी को तोड़कर उसमें रखे जेवर व 35,000 रुपये निकाल लिए थे। जेवरात को थैले में रखकर घर के पीछे जमीन के दबा दिए थे। एसपी क्राइम ने बताया कि गिरफ्तार शाने हैदर ने मो. आरिफ के घर पहले से रेकी की थी। इसके बाद उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। सीओ राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि वह कुल्फी बेचने का काम करता है। अलीनगर में कुल्फी बेचने जाता था। जब भी वह अलीनगर में कुल्फी बेचने जाता तो आरिफ के दो मंजिला घर पर नजर रखता था। इसी बीच एक दिन उसने घर से एक महिला (मो. आरिफ की पत्नी) को बैग लेकर जाते हुए देख लिया था। घटना की रात में वह मकान में पीछे से छत पर गया और खिड़की का शीशा तोड़कर कमरे में घुसकर तिजोरी चोरी की थी। फिर कमरे का लॉक खोलकर प्रमुख गेट से वह नीचे आकर निकल गया था। अगले दिन उसने अपने घर पर तिजोरी को तोड़ा। उसमें रखे जेवर और रुपये निकाल लिए थे। जेवरात जमीन दबाए थे। इन चोरी के रुपयों में उसने 25,000 रुपये खर्च कर डाले हैं। पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तारी के बाद आरोपी शाने हैदर की निशानदेही पर चोरी का माल और उसके पास से तमंचा-कारतूस बरामद किया है। इसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में भी मामला दर्ज किया गया हे।

चोरी के आरोपी के बारे में जानकारी देते एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार। ● अमृत विचार

- शाने हैदर ने जमीन में दबा दिए थे चोरी किए जेवर, 25 हजार रुपये कर दिए थे खर्च

बाइक से चोरी करने आया था शाने, महताब ने देख लिया

मोहम्मद आरिफ के मुताबिक, उनके घर में चोरी पांच जून को हुई। पत्नी राहमीन अपने मायके गई थीं। दो मंजिला घर के ऊपरी वाले कमरे में लोहे की तिजोरी रखी थी। इसमें उनकी पत्नी का सोने का हार, टीका, अंगूठी, पाजेब, नत्थ और 35,000 रुपये रखे थे। जब उनकी पत्नी मायके से लौटी तो कमरे में देखा तिजोरी गायब है। परेशान आरिफ ने गांव में घटना की जानकारी साझा की। उन्हें पता चला कि उनके गांव में शाने हैदर उर्फ कैफ कुल्फी बेचने आता है। पांच-छह जून की रात करीब 12 बजे गांव के ही महताब पुत्र यूनुस ने कब्रिस्तान के पास बाइक से शाने हैदर को एक अन्य व्यक्ति के साथ देख लिया था। फिर आरिफ आरोपी की तलाश में उसके गांव महमूदपुर गए तो वह वहां नहीं मिला। फिर उन्होंने मामले में सोनकपुर थाने में 12 जून आरोपी शाने हैदर उर्फ कैफ के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने 1.72 लाख रुपये का माल व 35,000 रुपये नकद गायब होने की बात कही थी।

चार भाइयों में बड़ा भाई पहले से जेल में, मां मायके में

प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शाने हैदर चार भाई है। इसमें बड़ा भाई पहले से ही जेल में है। यह मूलरूप से रामपुर जिले का रहने वाला था लेकिन, वहां संपूर्ण संपत्ति बेच दी थी। फिर यह थाना मैनाठेर के महमूदपुर माफी में किराए के घर में रह रहा है। इसके पिता सलीम हुसैन की मृत्यु हो चुकी है, जबकि इसकी मां अपने मायके में अगवानपुर में रह रही है। आरोपी शाने हैदर ने साजिया से निकाह किया था। साजिया अपने पहले पति को छोड़ चुकी है, इसके पहले पति से तीन बच्चे हैं। शाने हैदर से दो बच्चे हुए थे, जिनकी मौत हो गई थी।

आरोपी से बरामद चोरी का माल

गले का हार, 2 टॉप्स, दो अंगुठी, नथनी, टीका, एक जोड़ी पाजेब, टूटी हुई तिजोरी, आभूषण का खाली डिब्बा व 10,000 रुपये।

कलेक्ट्रेट में बैठक में बोलतीं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह। ● अमृत विचार

योग को अपनाने से दूर होंगी बीमारियां

मुरादाबाद, अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह की शुरुआत शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में की गई। इसका दीप प्रज्जवलित कर प्रारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने किया।

उन्होंने कहा कि योग गुरुओं को हम ठीक से सुनें और उस पद्धति को अपनाएं। योग का आशय जोड़ना अथवा एकजुट होना है। योग को अपने जीवन में अपनाने से हमारे जीवन में बहुत सी बीमारियों से छुटकारा मिलता है। योग हमारे जीवन के हर क्षेत्र में होता है। हम नियमित रूप से संतुलित खान-पान लें यह भी योग है। यह समाज के लिए जरूरी है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

ट्रेन की पेंट्रीकार में सफर करते पकड़े 23 यात्री

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को सप्तक्रांति एक्सप्रेस (12558) में आरपीएफ ने पेंट्रीकार से बिना टिकट 23 यात्रियों को पकड़ा। बताया जा रहा है कि पेंट्रीकार के मैनेजर ने यात्रियों से सीट के लिए दो हजार रुपये वसूले थे।

मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर शनिवार को डीसीएम सिद्धार्थ वर्मा के आदेश पर सीएमआई गजनफर उल्ला खां, सुशील सिन्हा, आरपीएफ इंस्पेक्टर अखिल कुमार ने आनंद विहार से मुजफ्फरपुर जाने वाली सप्तक्रांति एक्सप्रेस में चेकिंग की। ट्रेन में चेकिंग के दौरान पेंट्रीकार से 23 यात्रियों को पकड़ा गया। सभी ने बताया कि पेंट्रीकार के मैनेजर ने उन्हें बैठाने के लिए सभी से दो-दो हजार रुपये लिए थे। इस बीच पेंट्रीकार का मैनेजर भाग निकला। सभी यात्रियों को ट्रेन से उतारकर थाने लाया गया। वहां सभी ने किराये का भुगतान कर दिया। 23 यात्रियों से 21 हजार रुपये वसूले गए।

मोहिंद्रा रेस्टोरेंट के बाहर दंपति से अभद्रता, धमकाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कार में भी तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी

अमृत विचार : कांशीराम नगर ई-124 के अनुज वर्मा ने बताया कि 14 जून को वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कार से मोहिंद्रा रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। रेस्टोरेंट के बाहर कुछ लोग निकल रहे थे। गाड़ी को आगे पीछे करने को लेकर बहस करने लगे और गाली-गलौज की। अनुज ने विरोध किया तो वह लोग हाथापाई पर उतारू हो गए और उनकी गाड़ी के अंदर जबरन हाथ डालकर चाबी खींच दी। यही नहीं, हाथ मारकर ड्राइवर साइड का शीशा भी तोड़ दिया। दबंगों ने उन्हें धमकाया कि घर से उठाकर जान से मार देंगे।

घटना नगर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात की है। शिक्षिका अपने पति और बच्चों के साथ रेस्टोरेंट में खाना खाने के लिए पहुंची थी। मामले में शिक्षिका के पति की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, मझोला थाना क्षेत्र के कांशीराम नगर निवासी अनुज वर्मा निजी कंपनी में जॉब करते हैं। उनकी पत्नी डोली शिक्षिका हैं। पीड़ित के अनुसार पूरी घटना रेस्टोरेंट के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

करनपुर के ग्राम विकास अधिकारी कुलगौरव निलंबित

मुरादाबाद, अमृत विचार: जन्म प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट में लगाने में देरी पर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के आदेश पर बिलारी विकास खंड के ग्राम करनपुर के ग्राम विकास अधिकारी कुलगौरव को निलंबित कर दिया गया है।

बताया गया कि करनपुर निवासी मनीष कुमार ने पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मार्च में आवेदन दिया था। लेकिन ग्राम विकास अधिकारी ने प्रार्थना पत्र पर अब तक रिपोर्ट नहीं लगाई गई थी। शासकीय कार्यों में उदासीनता बरतने की जानकारी पर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने ग्राम विकास अधिकारी कुलगौरव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि लापरवाही पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

जूनियर समर लीग | आरसीबी ने सीएसके को 16 रनों से हराया, मोहम्मद हमदान व अक्षत बने मैन आफ द मैच

एमआई ने कैपिटल्स को 5 विकेट से हराया

जूनियर समर लीग के मैच में गेंदबाजी करता खिलाड़ी।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी में चल रही जूनियर समर लीग में शनिवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। वहीं आरसीबी ने सीएसके के खिलाफ 16 रनों से रोमांचक जीत दर्ज की।

पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच और दूसरा मुकाबला रॉयल चैलेंजर बैंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया। पहले मैच में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले दिल्ली कैपिटल्स को खेलने के लिए आमंत्रित किया। दिल्ली कैपिटल्स ने निर्धारित 25 ओवर में 5 विकेट खोकर 142 रन बनाए। टीम के लिए कप्तान अरबाज खान ने 47 गेंदों में 51 व रियाज अहमद और आर्य ने 15-15 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमआई ने 24.1 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल की। टीम के लिए कप्तान मोहम्मद आजम ने 44 गेंदों में नाबाद 51 व मोहम्मद हस्सान ने नाबाद 16 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद आजम व गेम चेंजर ऑफ द मैच अरबाज खान को चुना गया।

वहीं, रॉयल चैलेंजर बैंगलोर की टीम ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.5 ओवर में 108 रन बनाए। टीम के लिए हमदान ने 42 बॉल में 56 व अक्षत यादव ने 11 रन बनाए। सीएसके 16.4 ओवर में 92 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए युवराज सिंह ने 23 व शब्बू पाशा ने 20 रन बनाए। इस तरह आरसीवी ने 16 रन से मुकाबला जीत लिया। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद हमदान और गेम चेंजर अक्षत यादव को चुना गया। अंपायर की भूमिका में शमशाद अल्वी व अहमद रजा रहे।

स्कोरर अफजल खान रहे। मैच के दौरान रुक्मणी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन सिद्धार्थ मलिक, टूर्नामेंट आयोजक बदरूददीन सिद्दीकी, कोच मोहम्मद हसीन, नजाकत अली, सोनू कुमार, मोहम्मद हसीब, ओमदत्त शर्मा, शिवकुमार रावत, तरुण चिमा, इंतजार हुसैन, कमाल पाशा, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद उमर आदि मौजूद रहे।

उप प्राचार्य की मौत से शिक्षकों में रोष

मुरादाबाद, अमृत विचार: परीक्षा कार्य में लगे उप प्राचार्य की गर्मी से हुई मौत से शिक्षकों में रोष है। उन्होंने विवि से प्रश्नपत्र जमा कराने का समय बढ़ाने की मांग की है।

आकाशदीप अपार्टमेंट रामगंगा विहार निवासी मनोज कुमार अग्रवाल रामपुर के इंटीग्रल कॉलेज के उप प्राचार्य थे। मनोज कुमार 29 मई को हिंदू कॉलेज में शाम की पाली की उत्तर पुस्तिकाएं जमा करने के बाद गर्मी से बीमार हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए महानगर के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां 13 जून को उनका निधन हो गया। परीक्षा प्रभारी हिंदू कॉलेज डॉ. जेके पाठक, पंकज सिंह का कहना है कि साथी की मौत से सभी शिक्षकों में रोष है। सभी शिक्षकों ने कर्मचारी की मौत के बाद विश्वविद्यालय से समय में बदलाव की मांग रखी है।

एक नजर

मां-बेटे को पीटने के चार आरोपियों पर रिपोर्ट

सैदनगली, अमृत विचार : महिला व उसके पुत्र के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बा उझारी के मोहल्ला नौरंगाबाद निवासी अनीता देवी पत्नी मनोज ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। इसमें उसने बताया कि उसका पुत्र सौरभ कुमार आठ जून को काम करने के बाद घर लौट रहा था। मोहल्ले के लोगों ने उस पर अशोभनीय टिप्पणी की। उसने विरोध किया तो उसके साथ गाली गलौज की गई थी। महिला ने बताया कि 12 जून की रात वह अपने कुत्ते को घुमाकर ला रही थी। इस दिन भी आरोपी पड़ोसियों ने उसके व पुत्र के साथ गाली गलौज और मारपीट कर घायल कर दिया था। जान से मारने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने अनीता की तहरीर पर अर्जुन, पंकज, राहुल व सतीश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम समाज की भूमि पर लगाई जाए पानी की टंकी

हसनपुर, अमृत विचार : पुजारी ने प्रधान व लेखपाल पर मंदिर की भूमि पर पानी की टंकी लगवाने का प्रस्ताव पास करवाने का आरोप लगाया है। टंकी का निर्माण ग्राम समाज की भूमि पर कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव धोरिया निवासी मंदिर के पुजारी वेदराम ने शनिवार को मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा। पुजारी का कहना है कि मंदिर के पास ग्राम समाज की जमीन है। कई वर्षों से भक्तों ने 6-7 लाख रुपये से अधिक मिट्टी भराव, दीवार आदि में खर्च किए हैं। मंदिर में प्राचीन समय से भंडारा व जागरण होते हैं। प्रधान, लेखपाल और कुछ लोगों ने मिलकर जमीन पर पानी की टंकी लगवाने का प्रस्ताव करवा दिया है। मंदिर की दीवार को भी गिरवा दिया गया है। ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की 5-6 बीघा जमीन खाली पड़ी हुई है। पुजारी ने कहा कि इस जमीन को गंगा मंदिर के नाम अभिलेखों में दर्ज कराया जाए। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर को मुख्यमंत्री के पोर्टल पर इसकी शिकायत की गई थी। लेकिन लेखपाल ने उस पर झूठी आख्या प्रेषित की थी।

हसनपुर में योगा करते विधायक, पालिका अध्यक्ष व अधिकारी। ● अमृत विचार

मिनी स्टेडियम में योगाभ्यास करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, पालिकाध्यक्षा शशि जैन व अन्य। ● अमृत विचार

तनाव दूर करने के लिए रोजाना करें योग

जिलाधिकारी बोले- स्वस्थ मस्तिष्क के लिए जरूरी, मोक्ष प्राप्ति का साधन भी है योग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : मिनी स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का आरंभ योग समारोह के साथ हुआ। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, पालिका अध्यक्ष शशि जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष, अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने योगाभ्यास किया। योग गुरु नितीश भारद्वाज ने योगासन कराए।

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर 15 जून से योग सप्ताह शुरू हो गया है। पहले दिन शनिवार को शहर के मिनी स्टेडियम में योगाभ्यास के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यहां योग गुरु नितीश भारद्वाज ने लोगों को योगाभ्यास कराया। डीएम, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, पालिका अध्यक्ष शशि जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, ब्लॉक प्रमुख गुरिंदर सिंह, मनवीर चिकारा सहित अन्य बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों और शहर के लोगों ने योगाभ्यास किया। डीएम ने योग का महत्व बताया। कहा कि योग व्यक्ति के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। प्रत्येक व्यक्ति को योग अवश्य करना चाहिए। यह शरीर में तनाव व स्वस्थ मस्तिष्क के विकास सहित अनेक शारीरिक विकारों को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण है।

योग की हर विधा जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। योग मोक्ष प्राप्त का साधन है। तनाव दूरकर मन की शांति के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 10 से 15 मिनट योग अवश्य करना चाहिए। योग से शरीर, मस्तिष्क स्वस्थ रहता है एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा निवास करती है। इस बौद्धिक जीवन में स्वस्थ मस्तिष्क का होना आवश्यक है। योग आसन के अभ्यास से शक्ति और लचीलापन विकसित होता है। योग के आसन मांसपेशियों, जोड़ों और त्वचा और पूरे शरीर, ग्रंथियों, तंत्रिकाओं, आंतरिक अंगों, हड्डियों, श्वसन और मस्तिष्क को प्रभावित करते हैं।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस योग सप्ताह में अधिक से अधिक लोग योग अभ्यास करें। 21 जून को मिनी स्टेडिय में शहर के सभी लोग योगाभ्यास करें।

मानसिक विकारों को दूर करता है योग

हसनपुर, अमृत विचार : 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 15 से 21 जून तक एक सप्ताह तक चलेगा। शनिवार को नगरपालिका प्रांगण में सुबह सात बजे विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, एसडीएम सुनीता एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने शिविर का आरंभ किया। योग आचार्य सुमित ने लोगों को योग कराया। उन्होंने योग के लाभ बताए। कहा कि योग स्वयं एवं समाज के लिए जरूरी है। योग से कई मानसिक विकारों को दूर किया जा सकता है। योगाभ्यास से शारीरिक सक्रियता बढ़ती है। नियमित आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार धारण एवं ध्यान आदि योग के नियम हैं। इससे मस्तिष्क शांत होने के साथ तनाव कम होता है। ब्लड प्रेशर, मोटापा और कोलेस्ट्राल में कमी आती हौ। मांसपेशियां मजबूत होती है। योग शिविर में नन्हे सिंह आर्य, हरीश खडगवंशी, यशपाल सिंह चौहान, शुभम अग्रवाल, करन सिंह, अजय पोल, विक्रम महंत, पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, विनय शर्मा, अरशद, मनी, दीपक अग्रवाल और दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

नौगांवा सादात, अमृत विचार : नगर पंचायत प्रांगण में योग प्रशिक्षक नवनीत यादव ने उपजिलाधिकारी बृजपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी सलिल भारद्वाज, नगर पंचायत अध्यक्ष के पति नदीम जैदी, अनिल कुमार, लेखपाल पीतांबर सिंह, मुकेश कुमार, बूंदु खान एवं नगर पंचायत कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया। एसडीएम ने कहा कि मानव जीवन के लिए योग एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्रिया है। हम सभी प्राणियों को योग क्रिया को अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करना चाहिए। योग करने वाला मनुष्य हमेशा स्वस्थ रहता है और उसको योग अनेक प्रकार की बीमारियों से दूर रखता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क कार्य करता है। ट्रेनर नवनीत कुमार ने सूर्य नमस्कार, कपालभांति, अनुलोम विलोम, अनेक प्रकार के योगासन से होने वाले लाभ के संबंध में बताया। शुगर वालों को कौन सा आसन करना चाहिए, पीठ दर्द वालों को कौन सा आसन करना चाहिए और कौन सा आसान नहीं करना चाहिए। इस संबंध में विशेष जानकारी दी।

सार-संक्षेप

शौचालय पर लटके ताले, ग्रामीण परेशान

सामुदायिक शौचालय पर लटके ताले।

रहरा, अमृत विचार : क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में स्वच्छ शौचालय पर ताले लटके हुए हैं। शौचालयों पर ताले लटके होने से ग्रामीण जंगल में शौच जाने के लिए मजबूर है। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव खेलिया खालसा में सामुदायिक शौचालय बना हुआ है। इस पर 15-20 दिनों से ताला लटका हुआ है। ग्रामीण शौच के लिए जंगल जाने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के शौचालय पर पहले भी कई बार ताला लगा हुआ था। अब लगभग 15- 20 दिन से शौचालय बंद है। इस मामले में ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि शौचालय के पाइप टूट गए हैं। जिन्हें जल्दी सही कराया जाएगा और शौचालय चालू कर दिया जाएगा। एडीओ पंचायत राजेंद्र सिंह ने बताया कि शौचालय बंद है। इसकी जानकारी नहीं है, ग्राम पंचायत को नोटिस जारी किया जाएगा।

कैलसा में लोकपाल ने मनरेगा कार्य का किया निरीक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : लोकपाल मनरेगा कृपाल सिंह ने शनिवार को ग्राम पंचायत कैलसा में कराए गए मनरेगा कार्य का निरीक्षण किया। कार्यक्रम अधिकारी बृजभान सिंह, ग्राम प्रधान देवेंद्र कुमार और सचिव विजेंदर त्यागी ने विकास कार्य के संबंध में लोकपाल को जानकारी दी। उन्होंने पीडीएस गोदाम एवं अमृत सरोवर, वाटर हार्वेस्टिंग, खेल मैदान, ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत में लगाए गए कैमरों का भी सत्यापन किया। सचिव विजेंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि इसी तरह से अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी अमृत सरोवर अमृत वाटिका खेल के मैदान कार्य भी तेजी के साथ किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन कार्यों में करने का का सहयोग पूरी तरह से मिल रहा है।

भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत में मौजूद पदाधिकारी।

भाकियू की पंचायत में उठा भ्रष्टाचार का मुद्दा

गजरौला, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन सयुक्त मोर्चा की एक पंचायत शनिवार को मोहल्ला चौधरी चरण सिंह नगर में राष्ट्रीय कार्यालय में हुई। इसमें गजरौला थाने के भ्रष्टाचार का मुद्दा छाया रहा। जिला अध्यक्ष नरेश हासमपुर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को जानकारी दी कि गजरौला थाने में आए दिन किसानों के खिलाफ फर्जी मुकदमे लिखे जा रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने किसानों और पदाधिकारी को बताया कि गजरौला इंस्पेक्टर ने अपना व्यावहार नहीं बदला तो थाने का घेराव करके धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान सिद्धार्थ को अमरोहा का युवा जिला अध्यक्ष और सोहिब चौधरी को गजरौला युवा ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। 20 लोगों की कार्यकारिणी बनाई गई। अभय चौधरी, जैन चौधरी, सुरेंद्र सिंह, अभिषेक भुल्लर, समीर चौधरी, इमरान अहमद, आरिफ चौधरी, सुहेल चौधरी आदि लोग रहे।

बाबा नीम करौली के भंडारे में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

बाबा नीम करौली के भंडारे में उमड़े लोग

मंडी धनौरा, अमृत विचार : शनिवार को नगर के मोहल्ला बकाबाद स्थित भाजपा नेता रोहित आर्य के आवास पर बाबा नीम करौली का भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम रामायण पाठ व महायज्ञ किया गया। भक्तों ने बाबा के जयकारे लगाए जिससे पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। बाबा को भोग लगाने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पंकज वर्मा, रोहित आर्य, अमितेश आर्य, शिल्पी आर्य, सतीश अग्रवाल, सुधीर सिंह, मनोज कुमार, प्रवीन, रोहित पाल, चंद्रसैन, संजय बजंगी, राहुल आर्य, दीपांशु, विवेक, रिंकू आर्य, आरवी, शानवी आर्य, लोकेश आदि मौजूद रहे।

रजिस्ट्री कार्यालय में किसान की जेब से उड़ाए 10 हजार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जमीन का बैनामा कराने के लिए रजिस्ट्री कार्यालय गए किसान की जेब से 10 हजार रुपये निकाल लिए। घटना कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव धनौरा उर्फ मुरादनगर में किसान मतलूब हसन का परिवार रहता है। शुक्रवार दोपहर वह बैनामा कराने के लिए सदर तहसील में गए थे। वह रजिस्ट्री कार्यालय के अंदर पहुंचे तो तभी उनकी जेब से किसी 10 हजार रुपये निकाल लिए। जब उन्होंने रुपये निकालने के लिए अपने कुर्ते की जेब में हाथ डाला तो रुपये गायब थे। कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज चेक किए गए। इसमें मतलूब के पीछे खड़े संदिग्ध युवक पर संदेह है। युवक की काफी तहसील परिसर में तलाश की गई। पीड़ित की तहरीर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

25 हजार का इनामी चरस के साथ पकड़ा

अमरोहा, अमृत विचार: अमरोहा देहात थाना क्षेत्र से पुलिस ने वांछित चल रहे शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास 132 ग्राम चरस बरामद की है।

थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाश अजनबी निवासी गांव तेलीपुरा माफीकाफी समय से वांछित चला था। बदमाश पर पुलिस अधीक्षक ने 25,000 का इनाम घोषित किया था। बदमाश को कार्रवाई करने के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पशुओं के लिए फंड में करेंगे बढ़ोतरी

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : सात गोवंशीय पशुओं की मौत के मामले में नगर की राजनीति में हलचल तेज है। भाजपा सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने अधिकारियों के साथ गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर इस बारे में वार्ता करेंगे।

नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित कान्हा गोशाला में काफी गोवंश हैं। पशुओं की मौत के बाद हिंदू संगठनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर जमकर हंगामा किया था। शनिवार को सांसद ने अधिकारियों एवं भाजपा नेताओं के साथ कान्हा गोशाला में व्यवस्थाएं देखीं। सांसद ने कहा कि वह मुख्यमंत्री से मिलेंगे और गोवंशीय पशुओं के लिए आने वाले फंड में बढ़ोतरी करने की मांग करेंगे। इस दौरान दौरान एसडीएम सुनीता, सीओ दीप कुमार पंत, पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी आदि रहे।

कान्हा गोशाला का निरीक्षण करते सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर। ● अमृत विचार

संदिग्ध हालात में ई-रिक्शा चालक की मौत, हत्या का आरोप लगाया

संवाददाता, गजरौला

● गदापुर रेलवे फाटक के पास घायलावस्था में मिला, कान व नाक से बह रहा था खून

अमृत विचार : घर से मजदूरी करने निकले ई-रिक्शा चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मोहल्ला अल्लीपुर भूड़ निवासी असलम ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। शनिवार सुबह वह अपने घर से मजदूरी करने के लिए निकला था, लेकिन करीब डेढ़, पौने दो घंटे वह गदापुर रेलवे फाटक के पास घायलावस्था में मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने असलम की हत्या का आरोप लगाया है। बताया कि उसके कान व नाक से भी खून बह रहा था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में गैर इरादतन हत्या की धारा में अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

किसान ने खाया जहर, हालत गंभीर

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : बिजली निगम कर्मचारी के व्यवहार से परेशान किसान ने जहर खानकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालत में किसान को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव चकोरी निवासी विनोद पुत्र जगराम के घर कई दिन पहले बिजली निगम के टीजी-टू मोमराज पहुंचे थे। विनोद पर सात हजार का बिजली बिल बकाया है। उसकी पत्नी गुड्डी घर अकेली थी। बताया कि मोमराज ने गुड्डी से विनोद को घर बुलाने के लिए कहा तो इस बात को लेकर दोनों के बीच नोकझोंक हो गई। कुछ देर बाद विनोद घर पहुंच गया। आरोप है कि उनके बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि टीजी-2 ने तीन किलोवाट का लोड बताते हुए विनोद का करीब ढाई लाख रुपये का बिल बना दिया।

● परिजन बोले- बिजली बिल को लेकर कर्मचारी ने किया परेशान

कोतवाली में उसके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज करा दी। विनोद ग्रामीणों के साथ कोतवाली पहुंच, लेकिन उसकी वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद वह घर पहुंच कर कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई।

परिजनों ने सरकारी अस्पताल में विनोद को उपचार के लिए भर्ती कराया। लेकिन हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

कीटनाशक खाने से युवती की मौत

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में कीटनाशक खाने से युवती की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां उसे भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। जहां रास्ते में ही युवती ने दम तोड़ दिया। बिना किसी कार्रवाई के ही उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार सुबह परिजनों से अनबन के बाद 22 वर्षीय युवती ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। उपचार के लिए लेकर जाते समय उसकी मौत हो गई। वह पांच बहन भाइयों में सबसे बड़ी थी।

विरोध अधिवक्ताओं की मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की ऐलान

अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री कार्यालय पर की तालाबंदी

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन के सदस्य तहसील कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं नायब तहसीलदार के तबादले की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इस क्रम में शनिवार को अधिवक्ताओं ने नगर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय पर तालाबंदी कर प्रदर्शन किया।

तहसील बार एसोसिएशन का आरोप है कि तहसीलदार कार्यालय में भ्रष्टाचार है और नायब तहसीलदार मनमाना व्यवहार करते हैं। बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल स्थानीय व जिला स्तरीय अधिकारियों से सामने अपनी बात रख चुका है। आंदोलन के अंतर्गत शनिवार को नगर के मुख्य बाजार स्थित उप निबंधक कार्यालय की तालाबंदी कर अधिवक्ताओं ने नारेबाजी की। बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्त ने बताया जब तक अधिवक्ताओं की मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर मुजाहिद चौधरी, रवि शंकर शर्मा, मंगल सिंह शर्मा, मयंक सक्सेना, वीर सिंह आदि रहे।

हसनपुर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

मंडी धनौरा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

बार एसो. के पदाधिकारी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मंडी धनौरा, अमृत विचार : बार एसोसिएशन हसनपुर के समर्थन में शनिवार को बार एसोसिएशन धनौरा की एक बैठक कुलवीर सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में बार सभागर में आयोजित की गई। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार हसनपुर के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव किया गया। बार एसोसिएशन धनौरा के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी चंद्रकांत को सौंपा। अधिवक्ता बार एसोसिएशन हसनपुर के समर्थन में सांकेतिक हडताल पर रहेंगे। इस दौरान मदनसैन यादव, अनुराग ठाकुर, सुरेन्द्र कुमार, मुकेश सैनी, रविन्द्र सिंह आदि रहे।

एडीएम ने अधिवक्ताओं को दिया आश्वासन

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन तहसीलदार कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं, नायब तहसीलदार के व्यवहार का विरोध कर रही थी। शनिवार को जिले की सभी बार एसोसिएशनों के पदाधिकारियेम ने बार एसोसिएशन हसनपुर के आंदोलन को समर्थन दिया। एडीएम (न्यायिक) मायाशंकर यादव, एसडीएम सुनीता सिंह एवं बार एसोसिएशन के बीच बार सभागार में वार्ता हुई। बार महासचिव ने कहा कि आंदोलन को समाप्त करने का केवल एक समाधान है, नायब तहसीलदार भारत प्रताप सिंह का स्थानांतरण किया जाए। एडीएम ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया। कहा कि दो दिन में अधिवक्ताओं को सकारात्मक परिणाम मिलेगा।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

एक नजर

मारपीट कर महिला से जेवर छीनकर भागा व्यक्ति

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव सिंघौला चेत सिंह निवासी पुष्पा देवी पत्नी राजेश ने थाने में तहरीर देकर कहा कि वह नल पर पानी लेने गई। तभी गांव के ही एक व्यक्ति ने मारपीट की। महिला का आरोप है कि महिला के कान से एक कुंडल, लौंग और हसली छीनकर व्यक्ति भाग गया। गवां चौकी इंचार्ज देवेंद्र सिंह ने बताया कि दो लोगों में मारपीट हुई थी। सूचना के बाद डायल 112 पुलिस दोनों को थाने ले आई। जिसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

पानी का छिड़काव कर पहुंचाई राहत

संभल, अमृत विचार : शनिवार को नगर पालिका चेयरमैन के पति चौधरी मुशीर खां ने चंदौसी चौराहा पर स्प्रिंकलर टैंकर का उदघाटन किया। जिसके बाद चिलचिलाती धूप के बीच स्प्रिंकलर टैंकर से नगर के विभिन्न रास्तों पर पानी का छिड़काव किया। सड़कों से गुजरने वाले लोगों ने राहत महसूस की। इस दौरान सफाई निरीक्षक आसिफ अली, सभासद पति अजीम अब्बासी, मोहम्मद वसीम कुरैशी, हरीश बाबू, प्रमोद सैनी, आज कुरैशी आदि रहे।

ग्रामीण ने फंदे पर लटक कर दी जान

छह माह पहले शराब के नशे में पत्नी को पीटा तो बेटे ने गोली मारकर घायल कर दिया था

संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचारः शराब की लत ऐसी लगी कि दुनिया छोड़ दी लेकिन शराब छोड़ने को तैयार नहीं हुआ। कैलादेवी थाना क्षेत्र में नशे की हालत में पत्नी व बच्चों से झगड़ा करने के बाद ग्रामीण ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। शराब को लेकर घर में इस कदर कलह था कि छह माह पहले ग्रामीण ने शराब के नशे में पत्नी को पीटा तो बेटे ने उसे गोली मार दी थी।

धीरेंद्र।

थाना क्षेत्र के गांव चाचूनागल की मढैया निवासी 42 वर्षीय धीरेंद्र को शराब की लत ऐसी लगी कि घर तबाही के कगार पर आ गया। नशे की लत की वजह से वह कर्जदार हो गया था। उसने अपने हिस्से की जमीन भी बेच दी थी। इसके बाद भी धीरेंद्र की नशे की लत नहीं छूटी। आर्थिक तंगी हुई तो धीरेंद्र व उसकी पत्नी अंगूरी देवी के बीच विवाद रहने लगा। आए दिन धीरेंद्र पत्नी व बच्चों के साथ मारपीट भी करता। शुक्रवार की रात भी नशे की हालत में धीरेंद्र घर पहुंचा और आंगन में सो रही पत्नी व बच्चों के साथ झगड़ा किया। मौके पर पहुंचे अन्य परिजनों ने समझा-बुझाया तो धीरेंद्र कमरे में सोने चला गया। शनिवार की सुबह जागकर अंगूरी देवी जगाने के लिए धीरेंद्र के कमरे में पहुंची तो धीरेंद्र का शव छत में लगे पंखे में बंधी रस्सी के फंदे पर लटका था। अंगूरी की चीख पुकार को सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और फंदा खोलकर धीरेंद्र का शव नीचे उतारा।

आए दिन पत्नी से गाली गलौज कर मारपीट करता था

संभल। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव चाचूनागल की मढैया निवासी नशे के आदी धीरेंद्र आए दिन अपनी पत्नी अंगूरी देवी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करता रहता था। 19 सितंबर की सुबह धीरेंद्र का 14 वर्षीय बेटा अपनी बहन की ससुराल बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अजीनाबाद से घर आया था। शाम को जब शराब के नशे में अंगूरी देवी के साथ धीरेंद्र मारपीट कर रहा था तो बेटे से देखा नहीं गया और उसने घर में रखे तमंचे से गोली मारकर पिता धीरेंद्र को घायल कर दिया था।

राजमिस्त्री गिरकर हुआ घायल

मनोटा, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर गहरा की मढैया निवासी राजमिस्त्री गोधा शनिवार को गांव के ही निर्मल सिंह के नव निर्माणाधीन मकान पर लेंटर डालने के लिए बने ढूले के ऊपर ड़ली मिट्टी को काटते हुए समतल कर रहा था। अचानक से ढूले में लगी लकड़ी की सपोर्ट टूट गई और गोधा मलबे के साथ नीचे जमीन पर गिरकर घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन गोधा को लेकर पास के ही निजी चिकित्सक के पास पहुंचे और गोधा को उपचार के लिए भर्ती कराया।

घरेलू कलह में युवक ने फंदे से लटककर दी जान

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में घरेलू कलह के चलते युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। थाना क्षेत्र के गांव दबथरा हरलाल निवासी राजीव कुमार और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद राजीव कुमार ने शुक्रवार को घर के दरवाजे की चौखट में साड़ी का फंदा डाला और लटक गया। पत्नी ने नजारा देखा तो होश उड़ गए। चीख पुकार पर आसपास के लोग पहुंच गए। लोगों ने राजीव कुमार को गंभीर हालत में बबराला निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के असदपुर गंगाघाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

किशोरी को खेत में सांप ने डसा, मौत

संभल, अमृत विचारः सदर कोतवाली क्षेत्र में परिजनों के साथ मैंथा फसल की कटाई कर रही 14 वर्षीय किशोरी को सांप ने डस लिया। परिजन उपचार के लिए किशोरी को लेकर जिला अस्पताल आ गए। यहां डॉक्टर ने देखते ही किशोरी को मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर सराय निवासी रफीउद्दीन शनिवार को अपनी पत्नी व बच्चों के साथ खेत में मैंथा फसल की कटाई कर रहा था। साथ में रफीउद्दीन की 14 वर्षीय पुत्री निशावर भी मैंथा फसल की कटाई कर रही थी। सुबह दस बजे अचानक से मैंथा फसल में निकले सांप ने निशावर के हाथ में काट लिया। परिजन पहले किशोरी का इधर-उधर निजी डॉक्टर से इलाज कराते रहे। जिससे उसकी हालत और बिगड़ती चली गई। इसके बाद परिजन किशोरी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आ गए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर उसका शव को मोर्चरी में रखवा दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना किया तो डॉक्टर ने कागजी कार्रवाई पूरी कर निशावर का शव परिजनों को सौंप दिया।

मारपीट में घायल एक पक्ष के लोग। ● अमृत विचार

पैसे के लेनदेन को लेकर दो पक्ष भिड़े, नौ लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में पैसे के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से दो महिलाओं समेत नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया।

थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर खागी निवासी महेश पुत्र चरन सिंह से गांव के ही जानकी सिंह पुत्र लेखराज ने नौ हजार रुपये उधार ले लिए थे। शनिवार को महेश ने जानकी से रुपये मांगे तो कहासुनी के बाद मारपीट हुई। जिसके बाद दोनों के परिजन भी आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में करीब आधा घंटा तक जमकर लाठी डंडे चले। जिससे अफरा तफरी का माहौल हो गया। मारपीट में एक पक्ष से महेश, पुष्पेंद्र, रौदास, माया देवी और चरन सिंह तथा दूसरे पक्ष से लेखराज, रूपकिशोर, जानकी सिंह और फूलवती देवी घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाने में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट का मामला संज्ञान में है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

जरूरत पर जनता के लिए हाजिर रहूंगा : जियाउर्रहमान

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम तेल मंडी में संभल के नवनिर्वाचित सांसद जियाउर्रहमान बर्क को सम्मानित किया गया। सांसद ने मदरसे के लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर जनता के लिए हाजिर रहूंगा।

मदरसा में कार्यक्रम की शुरूआत कारी सलमान ने तिलावत से की, फिर नाते पाक पेश की गई। मुफ्ती आलम नूरी ने कहा कि यही मरकजी इदारा है जिसने डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को पहले विधानसभा में विधायक और फिर लोकसभा में सांसद बनाकर भेजा। डॉ.बर्क को सियासत में लाने और उनको बनाने का काम इसी इदारे का है। आज उनके बाद उनके पोते जियाउर्रहमान बर्क को सांसद बनाने का काम भी इसी मरकजी मदरसे का है। ख्वाजा कलीम अशरफ सम्भली ने कहा कि मरकजी मदरसे के संस्थापक हजरत मुफ्ती अजमल शाह ने हमेशा डॉ. बर्क का चुनाव लड़ाया और उनके बाद मुफ्ती मुहम्मद हुसैन ने डॉ. बर्क का चुनाव लड़ाया। सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने लोगों और मरकजी मदरसे के तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया। कहा कि मैं जानता हूं और लोगों से भी सुना है कि मरकजी मदरसा ने हमेशा हमारा साथ दिया है और अब मुझे देश की सबसे बड़ी पंचायत में जिताकर भेजा है। मैं भी मरकजी मदरसे के साथ हूं, जब भी मेरी जरूरत पड़ेगी मैं हाजिर रहूंगा। दादा डॉ. बर्क के नक्शे कदम पर ही चलूंगा। हमेशा सभी लोगों और खासकर गरीबों के लिए खड़ा रहूंगा। मदरसा कमेटी ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क को बड़ी शील्ड देकर सम्मानित किया।

इस दौरान कारी तनजीम अशरफ अजमली, मुफ्ती अहमद रजा, मुफ्ती शकील मिस्बाही, मुफ्ती राशिद सकाफी, मौलाना हसीब अख्तर, मौलाना शमशाद मिस्बाही, कारी वसी अशरफ, कारी सरताज, कारी शाहिद, हाजी जफीर अहमद, सय्यद अब्दुल कदीर, फरीद एडवोकेट, मुश्फिक एडवोकेट, शफीक बरकाती, मास्टर शाहिद, यामीन खां, तकी अशरफ एडवोकेट, मास्टर इस्माईल आदि रहे।

कार्यक्रम में मौजूद सांसद जियाउर्रहमान बर्क। ● अमृत विचार

सम्मान

- मदरसे में नवनिर्वाचित सांसद जियाउर्रहमान बर्क को किया गया सम्मानित

हंगामा करती महिला को समझाती दरोगा। ● अमृत विचार

नशे में महिला ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा, पुलिस पहुंची

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : शराब के नशे में एक महिला ने हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू किया तो पुलिस के हाथ पांव फूल गए। हंगामे के दौरान आसपास भी लोगों की भीड़ जुटी रही।

बदायूं जनपद के सहसवान निवासी एक महिला शनिवार शाम को कस्बे के जुलेपुरा पुलिया पर पहुंची और हंगामा करने लगी। नशे में महिला ने जुलेपुरा पुलिया के मिठाई विक्रेताओं को धमकाते हुए मिठाई पैक करा ली और गाली गलौज करने लगी। इस दौरान वहां भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर सब इंस्पेक्टर रेनू राठी पुलिस बल के साथ पहुंचीं। महिला को समझाने का प्रयास किया। महिला के हाई वोल्टेज ड्रामा के चलते पुलिस भी परेशान नजर आई। बाद में पुलिस ने महिला को समझा बुझा कर टेंपो से गन्तव्य के लिए रवाना कर दिया।

सार संक्षेप

क्लीनिक संचालक को पीटने के मामले 4 पर रिपोर्ट दर्ज

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना पुलिस ने अंपजीकृत क्लीनिक संचालक को घर में बंधक बनाकर मारपीट के मामले में महिला समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जनपद बुलंदशहर के डिबाई थाना क्षेत्र के गांव यावापुर निवासी सोनू ने तहरीर देकर कहा था कि शुक्रवार को गांव का ही एक युवक के दवा देने का बहाना बनाकर घर ले गया था। वहां क्लीनिक संचालक को बंधक बनाकर मारपीट की गई। उसे दो मंजिला मकान की छत से नीचे फेंका गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रामौतार, अखिलेश, पुष्पेंद्र और सोमवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

तहसील कार्यालय पर लोगों को शर्बत वितरण करते युवक। ● अमृत विचार

पारा पहुंचा 44 डिग्री सेल्सियस तो उबले लोग

संभल, अमृत विचार : प्रचंड गर्मी के चलते प्रशासन की ओर से नई तहसील पर शिविर लगाकर लोगों को शर्बत वितरित किया गया। शनिवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली तो लोग पसीने में तरबतर होने लगे। समय बढ़ा तो परेशानी भी बढ़ती गई। सड़कों पर बाइकों से चले लोगों को लू ने परेशान किया। दोपहर में सड़कें सुनसान हो गईं तो बाजारों और गली मुहल्लों में सन्नाटा पसर गया। लोग घरों में कैद हुए मगर पंखे और कूलर भी खास राहत नहीं दे सके क्योंकि पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस बीच नई तहसील कार्यालय पर प्रशासन की ओर से शिविर लगाया गया। जहां आने वाले लोगों को ठंडा शर्बत वितरित किया गया। लोगों ने शर्बत का सेवन करके राहत महसूस की।

चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते अतिथि। ● अमृत विचार

चिकित्सकों ने बताए स्वस्थ रहने के गुर

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : भारत विकास परिषद मंगलम व जायंट्स ग्रुप ऑफ बहजोई फ्रेंड्स के तत्वाधान में ऑर्थोपेडिक रोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गाजियाबाद से आए चिकित्सकों ने रोगियों की जांच कर उन्हें स्वस्थ रहने के टिप्स दिए।

भारत विकास परिषद मंगलम व जायंट्स ग्रुप आफ बहजोई फ्रेंड्स द्वारा आयोजित शिविर में मैक्स हॉस्पिटल वैशाली गाजियाबाद के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. जाकिर व उनकी टीम ने 65 हड्डी के रोगियों को जांच ,शुगर, ब्लड प्रेशर व हड्डियों में कैल्शियम की कमी की जांच की। उन्हें सलाह के साथ दवाइयां निशुल्क देकर लाभ प्राप्त कराया। चिकित्सकों की टीम ने दवा वितरण करने के साथ-साथ रोगियों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए।

इस दौरान योगेश कुमार वार्ष्णेय एडवोकेट ,सोमप्रकाश प्रकाश वार्ष्णेय ,विनीत कुमार सर्राफ विपिन कुमार रमपुरा, सुमित डी आर, भास्कर नारायण ,राजीव लोचन ,कपिल दीवाना राहुल वार्ष्णेय एडवोकेट आदि का सहयोग किया।

जलभराव से गुस्साए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संभल/कैलादेवी, अमृत विचारः पंवासा विकासखंड क्षेत्र में साफ सफाई नहीं होने से गुस्साए ग्रामीणों ने गंदगी व रास्ते पर हो रहे जलभराव के पास ही खड़े होकर प्रदर्शन किया।

विकासखंड के गांव नारंगपुर से गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास से होकर खेतों की ओर जा रास्ते पर नाली की साफ सफाई नहीं होने से तमाम गंदगी व जलभराव हो रहा है। जिसकी वजह से खेतों पर काम करने जाने के लिए ग्रामीणों व महिलाओं को रास्ते से होकर आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्कूल खुलने पर पढ़ने जाने वाले छात्रों को कीचड़ के बीच से होकर निकलना पड़ता है।

गांव में संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है। इसी बात को लेकर शनिवार को गुस्साए ग्रामीण नरेश, दानवीर, भूदेव, वीरपाल, गौरव, राजेंद्र आदि ने गंदगी व जलभराव के पास रास्ते पर खड़े होकर प्रदर्शन किया।

रसोइयों ने रैली निकाल प्रदर्शन किया

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में तैनात रसोइयों ने रजपुरा में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ब्लॉक संसाधन केंद्र में दिया। जिसमें मानदेय समेत कई मुद्दों को लेकर रसोइयों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया।

रजपुरा के रामलीला ग्राउंड में राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइया एकता संघ के बैनर तले रसोइयों ने बैठक कर मांगें उठाईं। इसके बाद रैली निकाल कर ब्लॉक संसाधन केंद्र पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राज कटारिया ने कहा कि रसोईया बहुत ही अल्प मानदेय और बेहद कठिन परिस्थितियों में अपने कार्यों को वर्षों से कुशलतापूर्वक करते आ रहे हैं। मानदेय की राशि भी नियमित रूप से नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में रसोइयों को 6 हजार रुपये दिए जाते हैं जबकि 5 साल का बीमा भी मिलता है। 15 सौ रुपये बोनस के मिलते हैं। अन्य राज्यों में सुविधा के अनुसार यहां भी रसोइयों को सुविधा मिलनी चाहिए। इस दौरान प्रदेश सचिव पिंकी देवी, जिला अध्यक्ष महेश्वरी, कृष्णपाल समेत तमाम रसोइया रहे।

प्रदर्शन करती रसोईयां। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन ब्लॉक संसाधन केंद्र में दिया
- कई मुद्दों को लेकर उपेक्षा करने का आरोप लगाया

सिरसी में जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

मक्के से इमाम हुसैन के सफर का निकला जुलूस

संभल/सिरसी, अमृत विचार : सिरसी में मक्के से इमाम हुसैन के सफर का जुलूस निकला। जिसकी तमाम लोगों ने जियारत की। शनिवार को मजलिसे अजा मुर्तजा हसन के मकान पर शुरू हुई। जिसमें मर्सिया ख़्वानी असद अब्बास और उनके हमनवां ने पढ़ी। मौलाना मौलवी मुनव्वर राजा ने मजलिस को खिताब किया। जिसके बाद सफारे इमाम हुसैन का जुलूस बरामद किया गया। जुलूस स्टेशन रोड इमाम बारगाह मुहल्ला सादात से होता हुआ कर्बला मोहल्ला शर्की सादात पर संपन्न हो गया। जुलूस में अंजुमन हाशमी ने नौहाख्वानी की। मौलाना मीसाम अब्बास मुजफ्फरनगर ने तकरीर की। जुलूस में आसपास के गांवों के अलावा कुंदरकी, सैदनगली, इकरोटिया, सिरपुड़ा, बुकनाला के लोगों ने शिरकत की।

समीक्षा डीएम ने सभी नोडल अधिकारियों को प्रत्येक माह में दो बार निरीक्षण के निर्देश दिए

गोआश्रय स्थलों की व्यवस्थाएं दुरुस्त करें

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थलों पर पशुओं को दी जा रही सुविधाओं को लेकर नोडल अधिकारियों से समीक्षा की। डीएम ने सभी नोडल अधिकारियों को प्रत्येक माह में दो बार निरीक्षण के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम मनीष बंसल ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा नोडल अधिकारियों से गोशाला में की जा रही है व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि जिन नोडल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कम किया जा रहे हैं उनसे फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त करें। ताकि समय से निरीक्षण किया जा सके। डीएम ने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत सभी पशु चिकित्सा अधिकारी प्रति सप्ताह गोशाला का निरीक्षण करेंगे। गोशाला में सीसीटीवी कैमरे को लेकर भी डीएम ने जानकारी प्राप्त की। नोडल अधिकारियों से कहा कि निरीक्षण के समय सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को भी देखा जाए। 15 दिन का बैकअप है या नहीं तथा गोशाला पूरा क्षेत्र कवर हो रहा है या नहीं, इसको भी देखा जाए। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, प्रभारी सीडीओ ज्ञान सिंह, सीबीओ डॉ दिनेश चंद्र, डीडीओ रामाशीष सहित जनपद के सभी एसडीएम व जनपद के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

विद्युत आपूर्ति बंद रहने से पेयजल को तरसे लोग

चन्दौसी, अमृत विचार : गणेश कॉलोनी में शनिवार की सुबह आठ बजे विद्युत आपूर्ति ठप बनी रही। जिससे कॉलोनी के 1500 घरों की पेयजलापूर्ति बाधित हो गई। बिजली गुल होने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली बंद होने के कारण विभाग की ओर से जर्जर लाइन के स्थान पर नए तार डलवाना बताया जा रहा है। देर शाम विद्युत आपूर्ति चालू होने पर नागरिकों ने राहत महसूस की।

गणेश कॉलोनी में लगभग 1500 मकान है। शनिवार की सुबह आठ बजे बिजली आपूर्ति बंद हो गई। जिससे सुबह के समय लोगों को पेयजलापूर्ति सहित अन्य दिनचर्या के कार्यों के लिए पानी नहीं मिल सका। दोपहर तक बिजली बाधित होने से लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन किया तो जानकारी हुई की कॉलोनी में विद्युत पोल पर नए विद्युत लाइन बिछाई जा रही है। जिस कारण बिजली बंद की गई है।

योग दिवस पर कॉलेज में दिलाई जाएगी शपथ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : एसएम कॉलेज में लगे योग शिविर में शपथ दिलाई गई। विश्व योग दिवस के अवसर पर राज्यपाल के निर्देशन में शपथ ग्रहण का गिरीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस संकल्प को पूरा करने में महाविद्यालय में स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया। महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य प्रोफेसर दानवीर सिंह यादव ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। साथ ही योग शिविर में योग शिक्षक अमरनाथ व जितेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के योग व फिजिकल फिटनेस संबंधी एक्सरसाइज कराई गई। बताया कि 21 जून को योग दिवस पर शहरवासियों को शपथ ग्रहण कराई जाएगी। इसलिए अधिक से अधिक शहरवासी शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पहुंचे।

इस दौरान डॉ. हेमंत कुमार, पंकज सिसोदिया, मीडिया प्रभारी डॉ. प्रवीण कुमार, मनोज लखोटिया, डॉ. अजय प्रकाश, डॉ. कादंबरी मिश्रा, स्कंद, डॉ. नीरज मलिक, डॉ. प्रदीप कुमार, आकाशदीप वार्ष्णेय, अंकित शर्मा, अंशुल श्रीवास्तव, ब्रजमोहन, सुभाष कुमार, डॉ. दीप कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य

- शिविर में विद्यार्थियों ने लिया उत्साह से प्रतिभाग
- वर्ल्ड रिकार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया

बाबा नीम करौरी का जन्मदिन मनाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

केक काटकर मनाया बाबा नीम करौरी का जन्मदिन

बहजोई, अमृत विचार : कैंची धाम नीम करौरी बाबा का जन्मदिन श्रद्धालुओं ने धूमधाम के साथ मनाया। जहां एक और केक काटकर जन्मदिन मनाया तो वहीं दूसरी ओर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाकर पुण्य लाभ कमाया। बाबा नीम करौरी के जन्म दिवस पर नागरिकों ने कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया। इसके बाद उन्होंने केक काटकर बाबा नीम करौरी का जन्मदिन मनाया। बाबा नीम करौरी का गुणगान किया। अंत में आरती का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर बाबा नीम करौरी का गुणगान किया तो वहीं भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद पाकर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान इस दौरान मुकेश वार्ष्णेय, उमंग कुमार, वीरेंद्र कुमार लाला, धर्मेश कुमार एडवोकेट, अंजनी कुमार, हरी बाबू, सुरेश चंद्र, हिमांशु ब्रेड, संदीप कुमार, आकाश, चिराग, विशाल, अर्पित, कन्हैयालाल आदि मौजूद रहे।

एक नजर

ठंडा शर्बत पीकर मिली गर्मी से राहत

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र की नगर पंचायत नरौली के शनिवार वाली बाजार में भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए ठंडा शर्बत का वितरण किया गया। शनिवार को कस्बा नरौली के शनिवार वाली बाजार में नागरिकों व दुकानदारों ने भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत दिलाने के लिए ठंडे शर्बत का वितरण किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंच शर्बत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। इस दौरान नरौली चेयरमैन विट्टन मलिक, आमिर, राजेश कुमार, नईम, अनिल कुमार, सतपाल, अकील आदि मौजूद रहे।

परीक्षा देने आए छात्र की बाइक चोरी

चन्दौसी, अमृत विचार : मॉडन लॉ कॉलेज में बीसीए की परीक्षा देने आए छात्र की बाइक कॉलेज गेट से चोरी हो गई। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर निवासी युवक जसविंदर सिंह को मॉडन लॉ कॉलेज में बाइक पर सवार होकर बीसीए की परीक्षा देने पहुंचा। छात्र ने अपनी बाइक महाविद्यालय के बाहर अन्य बाइकों के पास खड़ी कर दी। परीक्षा देकर छात्र वापस लौटा तो बाइक नदारद थी। छात्र ने साथी छात्रों के साथ बाइक की कई स्थानों पर तलाश की। मगर कोई सफलता नहीं मिली। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। बाइक चोरी की घटना महाविद्यालय गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

जिला अस्पताल परिसर से बाइक चोरी

संभल, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर मालिनी निवासी वसीम के छह वर्षीय बेटे हस्सान बीमार होने की वजह से संभल जिला अस्पताल में भर्ती है। शनिवार को वसीम घर से खाना लेकर बाइक से जिला अस्पताल आया था। वसीम बाइक जिला अस्पताल परिसर में खड़ी कर बेटे हस्सान के पास चला गया। शाम पांच बजे के बाद वसीम घर जाने के लिए जैसे ही अस्पताल से बाहर आया। देखा तो बाइक गायब थी। आसपास में तलाश करने के बाद भी वसीम को बाइक का पता नहीं चला। जिसके बाद वसीम कोतवाली पहुंचा और तहरीर देकर पुलिस से बाइक बरामद करने की मांग की।

चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

संपूर्ण समाधान दिवस : 54 में से सिर्फ 2 शिकायतों का निस्तारण

करीब तीन माह बाद एडीएम की अध्यक्षता में लगा समाधान दिवस, भीषण गर्मी के बावजूद फरियादी उमड़े

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की वजह से करीब तीन महीने बाद लगे संपूर्ण समाधान दिवस में भीषण गर्मी के बावजूद फरियादी उमड़ पड़े। लोगों ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों की 54 शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें महज दो का ही मौके पर निस्तारण कराया जा सका।

प्रदेश सरकार की व्यवस्था के तहत 16 मार्च को संपूर्ण समाधान दिवस लगा था। जिसके बाद लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग गई। चुनाव संपन्न होने के बाद शनिवार को संभल में नई तहसील सभागार में एडीएम प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। भीषण गर्मी के बावजूद फरियादियों की भीड़ उमड़ी। अधिकारियों ने मामलों को ध्यान से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी लेकर शिकायत का समाधान कराने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की सबसे अधिक 27, पुलिस विभाग की चार, विकास विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, समाज कल्याण विभाग की एक-एक, अन्य विभागों की 20 शिकायतें दर्ज हुईं। अधिकारियों ने मौके पर राजस्व विभाग की दो शिकायतों का समाधान करा दिया। शेष शिकायतें संबंधित अधिकारियों को सौंपकर शासन की मंशा के अनुरूप समाधान कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम विनय कुमार मिश्र, तहसीलदार रवि सोनकर, नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर, बीडीओ संभल प्रेमपाल सिंह आदि अधिकारी रहे।

अधिकारियों को अपनी समस्या बताते फरियादी। ● अमृत विचार

सील किए गए गोदाम का ताला तोड़कर चोरी

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के शहबाजपुरा रायसत्ती निवासी महजबी ने समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया। कहा कि उसके भाई शाकिर निवासी तुर्तीपुर इल्हा के मकान में बिजली के सामान का गोदाम है। दो साल पहले पुलिस प्रशासन ने मकान को सील कर दिया था। जिसके बाद भाई ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जो अभी विचाराधीन है। 11 जून को चोर ताला तोड़कर गोदाम में घुस गए और सामान चोरी कर ले जा रहे थे। पड़ोस के कई लोगों ने देखकर शोर मचाया तो चोर कुछ सामान छोड़कर भाग गए। महजबी ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई।

महिला ने लगाई भूमि पर कब्जा दिलाने की गुहार

संभल, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव बारीपुर भमरौआ निवासी प्रेमवती ने शिकायती पत्र देकर कहा कि वर्ष 2019 में तहसीलदार ने सरकारी पट्टा दिया था। जिसे लेकर गांव के एक व्यक्ति ने केस दर्ज करा दिया था। 2024 में एडीएम के यहां से प्रेमवती के पक्ष में आदेश हुआ। राजस्व विभाग की टीम पहुंची तो लोगों ने विवाद करके भगा दिया। वह लोग पट्टे की भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं। इस मामले में कई बार प्रार्थना पत्र दिए हैं। प्रेमवती ने पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग की है।

पंचायत घर की जमीन से अवैध कब्जा हटवाएं

संभल, अमृत विचार : गांव हजरतनगर गढ़ी निवासी अनीता ने शिकायत की कि सरकारी पंचायत घर की जमीन पर अवैध कब्जा है। एक व्यक्ति ने मकान बना लिया है। अनीता ने जांच कराकर जमीन को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई।

पत्र के साथ महंत भगवान दास शर्मा।

खुले नालों से हादसे का अंदेशा, ढकने की मांग

संभल, अमृत विचार : समाज हित संरक्षण समिति के अध्यक्ष महंत भगवानदास शर्मा ने समाधान दिवस में शिकायत की। कहा कि चंदौसी चौराहा से बिजलीघर तक नाला ढका हुआ नहीं है। जिस कारण हादसा हो सकता है। एक व्यक्ति की पहले नाले में गिरकर मौत हो चुकी है। असमोली बाईपास पर मंडलाई के पास 100 मीटर नाला खुला है। यह 10 फिट गहरा है। पहले एक बाइक सवार नाले में गिरकर जान गंवा चुका है। नालों को ऊपर से ढका जाना जरूरी है। उन्होंने मुरादाबाद मार्ग पर सरकारी संपत्ति पर लगे सरकारी बोर्ड को उखाड़ फेंकने की भी शिकायत की।

बदायूं रोड पर मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

चन्दौसी, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के बदायूं रोड स्थित बिजली घर के सामने 35 वर्षीय युवक का शव मिला। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शनिवार की सुबह छह बजे बदायूं रोड स्थित बिजली घर के पास से कुछ लोग गुजर रहे थे। तभी उन्होंने बिजली घर के पास हाइवे के किनारे एक 35 वर्षीय युवक का शव देखा। तब राहगीरों ने घटना से पुलिस को अवगत कराया। कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। देखा तो युवक के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं था। तलाशी लेने पर युवक की जेब से ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह का कहना है कि शनिवार की सुबह बदायूं रोड पर बिजली घर के पास शव मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि उसकी मौत कैसे हुई।

फरियादियों की शिकायत सुनते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

86 शिकायतों में से तीन का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : आचार संहिता हटने के बाद तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। शनिवार को कुल 86 शिकायतें आई, जिसमें राजस्व विभाग की तीन का निस्तारण किया गया।

शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम मनीष बंसल, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। पहले दिन कम शिकायतें पहुंची। जिसमें राजस्व विभाग की 40, पुलिस की 14, चकबंदी की आठ, विकास की पांच, खाद्य एवं रसद विभाग की पांच, समाज कल्याण व स्वास्थ्य की एक-एक के अलावा अन्य 12 शिकायतें आई। जिसमें मौके पर राजस्व विभाग की तीन शिकायतों का निस्तारण कर दिया। अन्य शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द कर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जमीन कब्जा मुक्त कराने को दिया शिकायती पत्र

संभल, अमृत विचार: संभल तहसील क्षेत्र के गांव शरीफपुर निवासी सगे भाई सत्यवीर व हरस्वरूप ने तहसील क्षेत्र के गांव गुलालपुर निवासी सोने से जमीन खरीदी थी। जिसका बैनामा सत्यवीर की पत्नी कुंता देवी व हरस्वरूप की पत्नी शारदा के नाम है। सगे भाइयों से थोड़े दिन पहले सोनू के चाचा धर्मेंद्र ने जमीन को साढ़े आठ हजार रुपये प्रतिवर्ष देने की बात कहते हुए ठेके पर रख लिया था। आरोप है कि अब धर्मेंद्र जमीन पर कब्जा करना चाहता है। जिसकी वजह से ठेके पर रखी जमीन के रुपये भी नहीं दे रहा है। जब भी सत्यवीर व हरस्वरूप रुपये मांगने जाते हैं। धर्मेंद्र गाली गलौज करता है और खेत पर आने पर हर स्वरूप व सत्यवीर को धमकी देता है। कुंता देवी व शारदा ने शनिवार को सदर तहसील में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र सौंपकर जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की।

संभल में संपूर्ण समाधान दिवस में विरोध जताती बेला गांव की महिलाएं।

ग्राम समाज की जमीन पर मकान बनाने का प्रधान पर लगाया आरोप

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : विकास खंड असमोली की ग्राम पंचायत बेला के ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रदर्शन करने के बाद अधिकारियों को शिकायती पत्र दिया। कहा कि बेला मिलक रोड पर ग्राम समाज की भूमि है। आरोप लगाया कि भूमि पर प्रधान ने लोगों को झूठा आश्वासन देकर सचिव व लेखपाल से हमसाज होकर मकान बना लिया है। पहले भूमि पर कूड़ी पड़ती थी जिसे प्रधान ने जेसीबी द्वारा मिट्टी में दबवा दिया। भूमि पर निर्माण के बारे में जब जानकारी ली गई थी तो प्रधान ने राशन दुकान और सफाई अभियान की बात कही। जिससे गांव में तनाव है। ग्रामीणों ने जांच कराकर समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई। इस दौरान कैला देवी, ओमवती, ब्रजेश, जगवती, लीलावती, राजेश कुमार, प्रेमपाल, सोनू कुमार, चंद्रप्रकाश आदि रहे। वहीं ग्राम प्रधान ने कहा कि आरोप झूठा है।

सार संक्षेप

सारे तीर्थधाम आपके चरणों में...

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से आजाद रोड पर संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम दीन दयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, सौरभ मिश्रा, अजय सक्सेना, राजेश शंखधार, डा. दीपक भटनागर, वाईके शर्मा, जेएन मिश्रा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने सारे तीर्थ धाम आपके चरणों में, सीमा चटर्जी ने मेरी लगी बालाजी संग प्रीत कि दुनिया क्या जाने आदि भजन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। अंत में आरती के प्रश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सुरेश चंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, राकेश चौबे, डीसी शर्मा, पीएन शर्मा, कपिल शर्मा, अशोक पाठक आदि मौजूद रहे।

बाइक में टक्कर मारने के बाद पलटी कार, एक घायल

संभल, अमृत विचार : ऐचोड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर सक्ता निवासी विकास शनिवार को कार में सवार होकर अपने साथी के साथ नखासा थाना क्षेत्र के गांव देहपा में दावत खाने आ रहा था। देहपा के पास पहुंचते ही विकास का कार से नियंत्रण हट गया और अनियंत्रित होकर कार संभल हसनपुर मार्ग के किनारे बाइक लेकर खड़े देहपा निवासी लक्ष्मण के टक्कर मारने के बाद पलट गई। इस हादसे में लक्ष्मण घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने कार को सीधा कर विकास व उसके साथी को बाहर निकाला और लक्ष्मण को उपचार के लिए पास के निजी डॉक्टर के पास भर्ती कराया।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : हयातनगर के मुहल्ला दौलतपुरी निवासी सतीश शनिवार को शिव मंदिर से मोहल्ला भूड़ा जाने वाले रास्ते पर खड़े होकर अवैध शराब बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सतीश को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर सतीश के पास से 21 पव्वे शराब के बरामद हुए। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने सतीश का चालान कर दिया।

योग करतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी व पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

शिविर में राज्यमंत्री ने किया योग

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : नगर पालिका की ओर से गांधी पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया गया।

योग शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी ने किया। उन्होंने कहा कि योग करने से कई प्रकार के रोग स्वयं ही खत्म हो जाते हैं। साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। इससे आप तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि योग से न केवल मन की शांति बल्कि हमारे शरीर की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। इस दौरान सभासद मेघा गुप्ता, जेई केके अग्रवाल, सुनील कुमार, प्रियंका सिंह, प्रभाकर गुप्ता, ब्रजवाला वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, अर्पित श्रीवास्तव, हिना गोयल, अक्षिता गोयल, चंद्रमोहन, लवित वार्ष्णेय, अंशुल गुप्ता, नरेश कुमार, राजकुमार, प्यारे लाल, अंकित आदि मौजूद रहे।

योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति और नगर पालिका परिषद संभल के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ हुआ। पहले दिन लोगों ने कई योगासन किए। योगासनों का महत्व बताकर लोगों से योग को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया गया।

नगर के शंकर इंटर कॉलेज में शनिवार को सुबह योग शिविर का शुभारंभ राज्य कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप ऐरन, योगेंद्र वर्मा, प्रधानाध्यापक नरेंद्र वर्तवाल, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के तहसील प्रभारी डॉ. प्रदीप त्यागी, सभासद गगन वार्ष्णेय, सनी गुप्ता, रेनू वार्ष्णेय, कृष्णा ग्रेवाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

योग शिविर में भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल का स्वागत करते आयोजक।

● योग दिवस के उपलक्ष्य में शुरू हुआ सात दिवसीय शिविर

मुख्य योग शिक्षक कुलदीप ऐरन, कृष्णा ग्रेवाल, रेनू वार्ष्णेय, संजय देओल ने संयुक्त रूप से योग साधकों को योगाभ्यास कराया। मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल को अंग वस्त्र पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा की आत्मा को परमात्मा के साथ जोड़ने का साधन योग है। बिना योग के परमात्मा की अनुभूति असंभव है।

एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने कहा कि योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है। जीवन को सरल व आनंदमय बनाने के लिए योग बहुत जरूरी है। योग करने से हमारे तन के साथ-साथ मन भी स्वस्थ रहता है। हमारे विचारों की शुद्धता के लिए हमारे मन का भी स्वस्थ होना बहुत जरूरी है।

रोगों से निजात को कराये योगासन

संभल। त्रिकोणासन, भुजंगासन, मर्कटासन, शलभासन, उष्ट्रासन, मकरासन, धनुरासन करने के फायदे भी बताए गए। पतंजलि के वैद्य अभिलाष द्विवेदी ने जोड़ों के दर्द को दूर करने के घरेलू उपाय बताया। इस दौरान विकास वर्मा, परीक्षित मोंगिया, धीरेंद्र सिंह, राजेन्द्र गुर्जर, विष्णु कुमार, भारत मिश्रा, श्वेता तिवारी, सीमा वर्मा, साधना पुठिया, अनु रस्तोगी, ममता शुक्ला, किरन रस्तोगी, मीनू नरूला, सरिता गुप्ता आदि रहे।

सुरक्षा इंतजामों को जांचते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत। ● अमृत विचार

गंगा दशहरा को लेकर एसपी ने देखे सुरक्षा इंतजाम

संभल, अमृत विचार : आज गंगा दशहरा पर जनपद के गंगा घाटों पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए उमड़ेंगे। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने गंगा घाटों का दौरा कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। शनिवार को दोपहर बाद पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत गुन्नौर के राजघाट गंगा घाट पर पहुंचे। उन्होंने बबराला से गंगा घाट तक यातायात व्यवस्था के बारे में कोतवाल व सीओ से जानकारी ली। कहा कि यातायात सुचारू रहे और जाम न लगे इसका ध्यान रखा जाये। वहीं गंगा घाट पर भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा को पुख्ता इंतजाम करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने सिसौना डांडा व साधु मणि गंगा घाट पर किये गये इंतजामों की भी जानकारी ली।

गंगा दशहरा गंगा दशहरा व अन्य मुख्य स्नान पर्वों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु करते हैं स्नान लेकिन नहीं हैं सुविधाएं

राजघाट मेले को प्रांतीयकृत घोषित करने की उठी मांग

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : ज्येष्ठ माह में गंगा दशहरा के अवसर पर राजघाट में लगने वाले गंगा मेला को प्रांतीयकृत मेला घोषित कर शासन से बजट आवंटित करने की मांग उठ रही है।

गंगा दशहरा आज (16 जून) है। मोक्षदायिनी के तट पर गंगा दशहरा, कार्तिक पूर्णिमा सहित विशेष स्नान पर्वों पर गंगा में डुबकी लगा कर पुण्य लाभ अर्जित करने के लिए आसपास के जनपदों सहित क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है लेकिन गंगा घाट पर सुविधाओं के अभाव से श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ता है। अनुमान है कि मुख्य स्नान पर्व के दिन करीब एक लाख लोग आस्था की डुबकी लगाने आते हैं। दो दिनों तक लोगों का जमावड़ा लगा रहता है लेकिन प्रशासनिक स्तर पर मेले के आयोजन के लिए कोई खास व्यवस्था नहीं की जाती है। महिला श्रद्धालुओं के कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम, शौचालय, सफाई, प्रकाश, स्वास्थ्य सेवा, पर्याप्त सुरक्षा आदि की सुविधा जैसे तमाम मुद्दे हैं। अब राजघाट में गंगा दशहरा और कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले गंगा मेला को प्रांतीयकृत मेला घोषित करने की मांग उठ रही है ताकि श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं से जूझना न पड़े।

घाट पर पसर जाती है गंदगी

बबराला, अमृत विचार : संभल जिले के राजघाट, कच्चे गंगा घाट में गंगा स्नान के लिए हजारों की संख्या में दूर दराज से श्रद्धालु आते हैं लेकिन इतनी बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद भी प्रशासन की तरफ से इन कच्चे घाटों पर कोई सुरक्षा और सुविधा की व्यवस्था नहीं है। गंगा किनारे डस्टबीन नहीं हैं। जिस कारण लोग सूखे फूल पत्ते पूजा की सामग्री, खंडित मूर्तियां और पुराने वस्त्रों को घाटों के किनारे पर फेंक कर चले जाते हैं। जिसके चलते गंगा के घाट पर गंदगी के अंबार लगे रहते हैं और फिर वही गंदगी गंगा में बहकर चली जाती है।

गंगा मेला को प्रांतीयकृत मेला घोषित होने से न केवल क्षेत्र बल्कि जिले का नाम भी रोशन होगा। साथ ही मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं भी मिलेंगी। **-अभय टेस्टी, रोटेरियन**

मुख्यमंत्री से राजघाट गंगा मेला को प्रांतीयकृत मेला घोषित करने की मांग की है। वरिष्ठ नेताओं से भी आग्रह कर इस मुद्दे पर सहयोग मांगा है। उम्मीद है कि सरकार इस ओर ध्यान देगी ताकि मेले में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं के साथ मनोरंजन के साधन, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो सकें। **-हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, चेयरमैन नगर पंचायत बबराला**

गंगा स्नान मेला में पॉलीथीन का खुलेआम प्रयोग किया जाता है। मेले की उगाही के लिए बनी कमेटी भी दुकानदारों से उगाही पर ध्यान देती है, लेकिन घाट पर फैली गंदगी पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। **-रमेश गुप्ता, सेवानिवृत शिक्षक**

गंगा मेला को प्रांतीयकृत मेला घोषित किया जाना आवश्यक है। ताकि मेला आयोजन की व्यवस्था ठीक से हो सके। श्रद्धालुओं को सहूलियत मिलेंगी। **-योगेश गुप्ता, व्यवसायी**

खेलते समय बालक पेड़ से गिरकर घायल

चन्दौसी, अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अमियापुर पचाक में शनिवार की सुबह 11 बजे खेलते समय बच्चे का पैर फिसलने से पेड़ से नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बालक को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने बालक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। अमियापुर पचाक निवासी आशु 10 वर्ष पुत्र लोकेश कुमार गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा छह का छात्र है। बालक शनिवार की सुबह 11 बजे अन्य बच्चों के साथ गांव के बाहर खेल रहा था। खेल-खेल में वह पेड़ पर चढ़ गया और अचानक पैर फिसलने से नीचे आ गिरा। जिससे बालक का बाया हाथ फ्रैक्चर हो गया। बालक को उपचार के लिए सीएचसी लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जिला न्यायालय परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : चन्दौसी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश बेंच संघर्ष समिति के आह्वान पर हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में बार रूम के बाहर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही अधिवक्ता विरोध स्वरूप कार्य से विरत रहे।

● विरोध स्वरूप न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद नजर कुरैशी ने कहा कि पिछले कई वर्षों से संघर्ष समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग करती आ रही है। मगर अभी तक मांग पूरी नहीं होने से समस्त अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। शनिवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। साथ ही न्यायिक अधिकारियों से भी किसी भी पत्रावली का कोई प्रतिकूल आदेश पारित न करने का निवेदन किया। कहा कि अगर शीघ्र ही अधिवक्ताओं की मांग पूरी नहीं होती है, तो अधिवक्ता उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान सचिव सचिन गोयल, सुनील कुमार, मोहम्मद गुल नवाज खां, पंकज कुमार मिश्रा, कुशल पाल सिंह, कृष्ण कुमार आदि रहे।

भारतवासियों का स्वभाव रहा है सबके प्रति आत्मभाव

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, ''जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।"

प्रकृति का प्रत्येक अंश और अंग परस्परावलम्बन में है। सब एक दूसरे पर आश्रित हैं। न जल स्वतंत्र है और न ही हवा। वनस्पतियां औषधियां भी स्वतंत्र नहीं हैं। लाखों जीव हैं, वह भी प्रकृति की शक्तियों पर निर्भर हैं। पिछले कुछ समय से प्रकृति के सभी घटकों पर आधुनिक सभ्यता का आक्रमण है। पृथ्वी का ताप बढ़ा है। संभवतः पहली बार भारत के बड़े क्षेत्र में तापमान लगभग 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। अनेक जीव पशु पक्षी इस ताप को सह नहीं पाए। अनेक मनुष्यों की भी इस ताप के कारण मृत्यु हुई। भूमंडलीय ताप में लगातार वृद्धि का कारण हमारी जीवनशैली है। इसका केन्द्र आधुनिक औद्योगिक सभ्यता है। इस विषय पर कई अंतर्राष्ट्रीय बैठकें भी हो चुकी हैं। लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। यही स्थिति जल प्रदूषण की है। नदियां सूख रही हैं। ऋतु चक्र गड़बड़ाया है।

प्राचीन भारत में सभी प्राकृतिक शक्तियों वनस्पतियों और भिन्न-भिन्न जीवों के प्रति आत्मीयता का भाव रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में यह आत्मीयता सुंदर कविता के रूप में प्रकट हुई है। इस सूक्त के रचनाकार अथर्वा हैं। उन्होंने पृथ्वी को माता कहा है। उत्सवों और मांगलिक कार्यों में छाया आदि बनाने के क्रम में जमीन में बांस गाड़े जाते थे। जमीन को खोदना पड़ता था। ऋषि प्रार्थना करते हैं, "हे पृथ्वी माता इसके लिए हमें क्षमा करें।" अथर्वा कहते हैं, "इस पृथ्वी पर तमाम उत्सव होते हैं। लोग मिलते हैं। परस्पर प्रसन्न होते हैं। ऐसी हमारी पृथ्वी माता हम सबको संरक्षण दें। ऋग्वेद और अथर्ववेद में वनस्पतियों को भी देवता माना गया है। महाभारत के प्रसंग में श्री कृष्ण ने पृथ्वी की उपासना की। पृथ्वी प्रकट हो गईं। श्री कृष्ण ने पूछा कि, "हे माता आप किस उपासना से प्रसन्न होती हैं? पृथ्वी ने उत्तर दिया कि, "दोपहर और सांय कीट-पतिंग, चूहे बिल्लियों आदि के लिए अन्न के कुछ दाने बिखेरने से हम प्रसन्न होते हैं। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' (पृष्ठ 44) में लिखा है, "प्राचीन भारत में नदियां ईश्वर तुल्य मानी जाती थीं। ऋग्वेद में सरस्वती नदी को देवी के रूप में चित्रित किया गया है। वैदिकोत्तर काल में गंगा को मातृ देवी कहा गया है। ऐसी परंपराएं आज तक बरकरार हैं,पृथ्वी और जल दोनों से वनस्पतियों और पशुओं का पोषण होता था। इसलिए इन्हें माता का दर्जा दिया गया। अनेक वृक्ष नीम, पीपल, बरगद, शमी और तुलसी भी पवित्र माने जाते हैं।"

ऋग्वेद और अथर्ववेद में गोहत्या को निषेध बताया गया है। शर्मा जी ने लिखा है कि, "गौतम बुद्ध पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सुत्त निपात में गायों की सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया है।" शर्मा जी ने ऋग्वेद के संदर्भ की उपेक्षा की है। बुद्ध से बहुत पहले ऋग्वेद में गायों की सुरक्षा के साथ उनकी उपासना पर भी जोर दिया गया है। संपूर्ण वैदिक साहित्य पर्यावरण सजगता से भरा पूरा है। पर्यावरण की चिंता संप्रति विश्व कर्तव्य है। भारत में पर्यावरण चेतना का उद्भव कम से कम 3000 से 4000 वर्ष पुराना है। गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को प्रकृति का यज्ञ चक्र समझाया और कहा, "अन्न से प्राणी हैं, अन्न वर्षा से उत्पन्न होता है। वर्षा यज्ञ से होती है और यज्ञ श्रेष्ठ कर्म से उत्पन्न होता है। (गीता 3.14) मनुष्य वनस्पतियों और जीवन के प्रति आत्मीय बना रहे तो वर्षा समय पर होगी। सभी प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा भी होगी।

रामधारी सिंह दिनकर ने 'संस्कृति के चार अध्याय' में लिखा है, ''जब आर्य इस संस्कृति का निर्माण करने लगे तब उनके सामने अनेक जातियों को एक संस्कृति में पचा कर समन्वित करने का सवाल था। ये जातियां आर्य आगमन के पहले से ही इस देश में बस रहीं थीं। उन्होंने आरंभ से हिन्दुओं का लचीला रुख पसंद किया।" दिनकर जी के कथन में आर्य बाहर से आई हुई जाति है। प्रश्न है कि बाहर से आए आर्य यहां पर नदी संस्कृति का निर्माण क्यों करेंगे? दिनकर जी आर्यों को बाहर से आया हुआ मानते थे। यह गलत है। यहां पहले से ही वैदिक संस्कृति फल फूल रही थी। दिनकर जी ने अपनी बात के समर्थन में पंडित जवाहर लाल नेहरू को उद्धृत किया है। नेहरू ने लिखा है, ''ईरानी और यूनानी लोग, पार्थियन और बैक्ट्रियन लोग, सीथियन और हूण लोग, मुसलमानों से पहले आने वाले तुर्क और ईसा की आरंभिक सदियों में आने वाले ईसाई, यहूदी और पारसी, ये सब के सब एक के बाद एक भारत में आए और उनके आने से समाज ने एक हल्के कम्पन का भी अनुभव किया। मगर अंत में आकर वे सब के सब भारतीय संस्कृति के महासमुद्र में विलीन हो गए।" नेहरू के कथन में भारतीय संस्कृति का महासमुद्र ध्यान देने योग्य है। इसी में बाहर से आए लोग और विचार धुल गए।

सांस्कृतिक दृष्टि से भारत प्राचीन काल से ही सर्वसमावेशी रहा है। इसका कारण प्राचीन वैदिक दर्शन रहा है। सी.ई.एम. जोड ने सही लिखा है कि, "मानव जाति को भारत वासियों ने जो सबसे बड़ी चीज वरदान के रूप में दी है वह यह है कि भारतवासी हमेशा से ही अनेक जातियों के लोगों और अनेक प्रकार के विचारों के बीच समन्वय करने को तैयार रहे हैं और सभी प्रकार की विविधताओं के बीच एकता कायम करने की उनकी क्षमता लाजवाब रही है। सबके प्रति आत्मभाव भारतवासियों का स्वभाव रहा है। वैदिककाल में कीट पतिंग से लेकर मनुष्यों तक एक ही आत्मतत्व मान्य रहा है।

भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रभावित विद्वान मैक्समूलर ने लिखा है कि, ''अगर मैं आपसे यह पूछूं कि केवल यूनानी, रोमन और यहूदी भावनाओं और विचारों पर पलने वाले हम यूरोपीय लोगों के आतंरिक जीवन को अधिक समृद्ध, अधिक पूर्ण और अधिक विश्वजनीन, संक्षेप में, अधिक मानवीय बनाने का नुस्खा हमें किस जाति के साहित्य में मिलेगा, तो बिना किसी हिचकिचाहट के मेरी ऊंगली हिन्दुस्तान की ओर उठ जाएगी।" बीसवीं सदी के चिंतक रोम्यां रोलां ने लिखा है कि, अगर इस धरती पर कोई एक ऐसी जगह है, जहां सभ्यता के आरंभिक दिनों से ही मनुष्यों के सारे सपने आश्रय और पनाह पाते रहे हैं, तो वह जगह हिन्दुस्तान है।"

यहां ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही विश्ववारा संस्कृति रही है। यहां जो भी आया हिन्दू समाज ने उसका स्वागत किया। सबके साथ रहने, मिलने, बात करने और संस्कृति का आनंद लेने का वातावरण वैदिक काल से ही शिखर पर था। इस्लामी ब्रितानी लोगों के भारत आने से संस्कृति पर बुरा प्रभाव पड़ा। इस्लाम अनुयायियों से टकराव भी हुए। बाद में ब्रिटिश सत्ता द्वारा भारतीय संस्कृति पर हमले हुए। अंग्रेज भारत के लोगों का धर्मांतरण चाहते थे। उन्होंने भी भारतीय संस्कृति पर आधुनिकता के नाम पर तमाम वैचारिक हमले किए। गांधी जी ने कड़ा प्रतिवाद किया और यूरोपीय सभ्यता को 'चांडाल' कहा। इस सभ्यता को ही दुर्भाग्य से आधुनिक सभ्यता कहा जाता है। हमारी आधुनिक सभ्यता हमारी ही प्राचीन संस्कृति का आधुनिक रूप होना चाहिए।

पहाड़ और पर्दा प्रथा

दरांती (घास काटने वाला बड़ा चाकू) चलाने में निपुण ये महिलाएं पर्दा प्रथा के बारे में जानती भी नहीं हैं। पहाड़ में आपको छत्रपति शिवाजी की प्रतिमूर्ति बेशक यदा कदा मिले, परंतु लक्ष्मीबाई रूपी वीरांगना लगभग हर घर में मिल जाएगी, जो विकट परिस्थितियों का सामना वीरांगना की भांति सहजता से कर सकती हैं।

हमारे पहाड़ की महिलाएं घूंघट नहीं करती,करे भी क्यों,न यहां की परिस्थितियां और न ही परिवेश इसकी अनुमति देता है। पहाड़ के जैसे ही अचल, अडोल, हांड-तोड़ मेहनत करने वाली पहाड़ी महिलाएं लड़कपन के दिनों में मन से जितनी उन्मुक्त होती हैं,वही विवाह के पश्चात उतनी ही गृहस्थी के प्रति समर्पित।

पहाड़ की परंपरा में पर्दा प्रथा नहीं है,क्योंकि यहां छोटे-बड़े का नैसर्गिक लिहाज ही काफी है। उन्मुक्त, स्वच्छंद परिवेश में हंसना बोलना, पारिवारिक सामंजस्य जिस में निश्छलता, समर्पण और स्पष्टवादिता का भाव मानो पहाड़ से ही विरासत में मिला है। दुर्गम परिस्थितियों में महिलाएं अकेली ही बड़ी कुशलता से घर संभालने को विवश भी हैं और अभ्यस्त भी, आखिरकार रोजी-रोटी के लिए साथी के पलायन की विवशता जो है। खैर अब तो गांव के गांव यहां से शहर को पलायन कर गए हैं।

बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

दरांती (घास काटने वाला बड़ा चाकू) चलाने में निपुण ये महिलाएं पर्दा प्रथा के बारे में जानती भी नहीं हैं। पहाड़ में आपको छत्रपति शिवाजी की प्रतिमूर्ति बेशक यदा कदा मिले,परंतु लक्ष्मीबाई रूपी वीरांगना लगभग हर घर में मिल जाएगी,जो विकट परिस्थितियों का सामना वीरांगना की भांति सहजता से कर सकती है।

खैर मेरे जैसे शुरू से शहर में पले बड़े पहाड़ के जीवन को सही से लेखबद्ध भी नहीं कर सकते,परंतु हां अपनी मां को मैंने बड़ी कुशलता से दरांती का इस्तेमाल घास काटने के अलावा घर की साग-सब्जी काटते हुए देखा है। मुझे तो दरांती देखने में ही भय लगता है, तो रखना तो बहुत दूर की बात है। घुंघट से जुड़ा एक वाकया याद आया। मायके में जोशी जी जो कि बेटे-बहू वाले सामूहिक परिवार के रूप में हंसी-खुशी एक ही छत के नीचे रहता थे। एक बार उनसे पड़ोस के एक गैर उत्तराखंडी जो की वरिष्ठ थे और दिल्ली पुलिस में उच्च पद से सेवानिवृत थे ने बोला अरे जोशी जी तुम्हारे पहाड़ की बहुए पर्दा नहीं करती हैं, न बड़ों की उपस्थिति का ख्याल करती हैं। कहीं भी उठ-बैठ जाती हैं। तो जोशी जी बोले आप बिल्कुल ठीक कह रहे हैं। हमारे पहाड़ की महिलाओं की आंखों में ही शर्म और लिहाज बहुत है। घरों के झगड़े घरों में ही निपट जाते हैं। आपकी तरह घूंघट की आड़ में कोर्ट कचहरी नहीं जाते कभी। पड़ोसी ने फिर कभी आक्षेप लगाने की हिम्मत नहीं उठाई।

मैं स्वयं पर्दा प्रथा के खिलाफ हूं। आखिरकार क्यों महिलाएं पर्दा करें,मात्र इसलिए की महिलाएं हैं। अरे पर्दा प्रथा हिंदुस्तान की सनातनी संस्कृति में थी ही नहीं। यह तो जब बाहरी आक्रांता आए तब मजबूरी वश शुरू किया गया। आक्रांता कब के चले गए। हम आजादी की शताब्दी मनाने की ओर उन्मुख हैं और यह पर्दा प्रथा मानो महिलाओं की आजादी को ही मुंह चिढ़ा रहा हो। आज महिलाओं को प्रगतिशील विचारों, गरिमामय छवि, निर्णयात्मक क्षमता और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा चलाकर चलने की आवश्यकता है न कि पुरातन परंपराओं को पोषित,पल्लवित और अग्रप्रेषित करने की,पर हैरत होती है कुछ महिलाएं ही पुरुष सत्तात्मक वर्चस्व को बनाए रखने की पक्षधर हैं और पर्दा प्रथा का खुलकर समर्थन करती हैं।

देवि सुरेश्वरि भगवति गंगे

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक कथा के अनुसार राजा बलि को छलने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा से तीन पग भूमि मांगी। राजा के 'हां' करने के बाद वामन विराट हो गए और एक पग से सारी पृथ्वी तथा दूसरे से आकाश नाप लिया।

गंगा जी बस कहने को तो नदी हैं,किंतु उनकी अपार पवित्रता और महत्ता के चलते वे इससे ऊपर की चीज और साक्षात् देवी हैं। 'रामचरितमानस' में रावण से संवाद करते हुए अंगद कहते हैं, "राम मनुज कस रे सठ बंगा। धन्वी काम नदी पुनि गंगा"। यानी जैसे श्रीराम भला मानव वर्ग में कैसे गिने जाएंगे और क्या गंगा जी की गिनती सामान्य नदियों में होगी? कदापि नहीं। श्रीमद्भगवद्गीता के दशम् अध्याय (विभूति योग) में अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने अपने को नदियों में जाह्नवी कहकर गंगा की सर्व श्रेष्ठता प्रतिपादित कर दी है, "झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी"। इनके दर्शन, मज्जन, पान से दैहिक, दैविक और भौतिक ताप मिट जाते हैं। कहा गया है, 'दर्शन मज्जन पान त्रिविध भय दूरि भगावत'। उनके जल की महिमा का प्रत्यक्ष से लेकर परोक्ष प्रभाव अत्यंत विशद है। पंडित राज जगन्नाथ ने अपनी इतिहास प्रसिद्ध संस्कृत कृति "गंगा लहरी" के एक श्लोक में लिखा है कि रात्रि के विलास काल में राज रमणियां अपने उरोजों पर जो कस्तूरी का लेप करती हैं,वह प्रातः गंगा स्नान करते समय उनके जल में धुलकर मिल जाता है। तब उन हिरनों के पास दिव्य विमान पहुंच जाते हैं जिनकी नाभि से वह कस्तूरी निकली थी और उन्हें सशरीर नंदन वन में विहार हेतु उपस्थित कर देते हैं':-

प्रभाते स्नांतीनां नृपति रमणीनां कुच तटी
गतो यावन्मातर्मिलति तव तोयैर्मृगमदः।
मृगास्तावत्वैमानिक शत सहस्रैःपरिवृतः
विशंति स्वच्छन्दं विमल वपुषो नंदन वनम्।।

भौतिक रूप से ऐसी माता गंगा का उद्गम हिमालय पर गोमुख है और वे एक बड़े क्षेत्र को पवित्र करती, जीवन दान देती गंगा सागर में समुद्र में विलीन हो जाती हैं,लेकिन उनके अलौकिक उद्गम की अनेक कथाएं हमारे आर्ष ग्रंथों-रामायण, महाभारत और पुराणों में उल्लिखित हैं। कहते हैं राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ किया था जिसके लिए घोड़ा छोड़ा गया था। इंद्र इस यज्ञ की सफलता से भयभीत थे। अतः उन्होंने छद्म वेष में वह घोड़ा कपिल मुनि के आश्रम में जाकर बांध दिया। मुनि ध्यानावस्थित थे। उन्हें कुछ पता नहीं चला। इधर राजा सगर की साठ हजार संतानें घोड़े को ढूंढने निकलीं और उन्हें कपिल मुनि के आश्रम में वह बंधा मिला। इन संतानों ने मुनि पर चोरी का आरोप लगाया और अनुचित व्यवहार करने लगे। मुनि ने क्रुद्ध होकर उन्हें भस्म कर दिया। उनकी प्रेतात्माएं भटकने लगीं। आगे चलकर इसी वंश में राजा भगीरथ हुए। उन्होंने अपने इन पूर्वजों की मुक्ति का उपाय पूछा, तो बताया गया कि स्वर्ग प्रवाहिनी गंगा यदि इनकी भस्मी के ऊपर से प्रवाहित हो जाएं, तो ये मुक्त हो जाएंगे। राजा ने तप करके गंगा जी को पृथ्वी पर आने के लिए राजी कर लिया,किंतु उन्होंने एक शर्त रखी। वे बोलीं कि हमारा वेग अति उत्कट होगा। उसे यदि कोई रोक सके,तभी हमारी उपयोगिता पृथ्वी वासियों के लिए हो पाएगी,अन्यथा मैं पृथ्वी फोड़कर सीधे पाताल चली जाऊंगी। तब भगीरथ ने भगवान शंकर को तप करके प्रसन्न किया। वे उनके वेग को अपनी जटावों में लेने को सहमत हो गए। गंगा जी अवतरित होने लगीं, तो उन्हें कुछ अहंकार हो गया कि भला मेरा वेग कौन रोक पाएगा? बस फिर क्या था भोलेनाथ ने उन्हें अपनी जटाओं में ऐसा उलझा दिया कि वे विपुल काल तक धरती पर उतर ही नहीं पाईं। अंततः भगीरथ की अनुयय विनय पर भगवान शंकर ने उन्हें भूमि पर आने दिया और भगीरथ का उद्देश्य पूरा हो गया।

एक अन्य कथा के अनुसार राजा बलि को छलने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा से तीन पग भूमि मांगी। राजा के 'हां' करने के बाद वामन विराट हो गए और एक पग से सारी पृथ्वी तथा दूसरे से आकाश नाप लिया। तीसरा फिर भी शेष रहा। कहते हैं कि आकाश पर विराट का पग पड़ते ही ब्रह्मांड कपाल फूट गया और ऊर्ध्व लोकवाहिनी गंगा जी पृथ्वी पर अवतरित हो गईं। इसी कथा में कहीं-कहीं थोड़ा अंतर है। वह यह कि जब वामन विष्णु जी का चरण आकाश पर गया,तो ब्रह्मा जी ने उसका प्रक्षालन करके उपने कमंड में भर लिया और पुत्री का रूप देकर हिमालय को सौंप दिया। तीसरी कथा के अनुसार भगवान शंकर ने एक बार नृत्य किया जिससे राधा माधव द्रवित हो गए। वह ब्रह्मद्रव ब्रह्मा जी ने अपने कमंड में भर लिया और वह देवलोक में पावन नदी बनकर प्रवाहित होने लगा। पश्चात् भगीरथ के प्रयास से वह विष्णु चरणों से होकर शंकर जटाओं पर गिरकर पृथ्वी पर आईं और एक धारा पाताल चली गई। देवलोक में वे मंदाकिनी, पृथ्वी पर गंगा या भागीरथी तथा पाताल में भोगवती कहलाईं। तीनों लोकों में होने के कारण वे त्रिपथगा भी हैं। उनका संबंध इस तरह त्रिदेवों-ब्रह्मा, विष्णु, महेश से भी है। उनका यह अवतरण ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को हुआ था, जिसे ज्येष्ठ दशहरा या गंगा दशहरा कहते हैं। हिमालय पर अनेक धाराओं में प्रवाहित होती हुई, पंच प्रयागों में धाराओं का आमेलन हुआ है। वहां का अंतिम प्रयाग देवप्रयाग है,वहीं से इनका नाम गंगा पड़ा। वहां अलकनंदा और भागीरथी का संगम है। स्कंद पुराण के हिमवत खंड के अनुसार यहां तीन रात्रि विश्राम कर लेने वाले को इंद्र पदवी प्राप्त होती है। यहां स्थित रामकुंड में भगवान राम ने भी स्नान किया था।

लोक ही स्मृतियों का स्रोत

सरोज मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दोस्तों हम बहुत कठिन दौर से गुजर रहे हैं। जीवन मूल्य तिरोहित हो गए हैं। विचार का संकट खड़ा हो गया है। वैचारिकता समाप्त है। हम मुगालते में जी रहे हैं। हम मनुष्य की तरह नहीं वस्तु जींस की तरह जी रहे हैं। धर्म की वस्तु, जाती की वस्तु। वोट की वस्तु, राजनीती की वस्तु, कुटिल चतुर गुंडों के स्वार्थ पूर्ती की वस्तु। हां कुछ लोग एक कदम आगे हैं। वे वस्तु की जगह साधन हो गए हैं। देश का आचरण। नैतिकता तिरोहित है, मित्रों, मनुष्य स्मृतिवान है। वह इतिहास बोध संपन्न प्राणी है। विचारों में जीता है, सिद्धांतों को रचता है और सिद्धांतों में ही ऊपर उठता रहता है।

लोक ही उसकी स्मृतियों का श्रोत है। वही मूल जड़ है। मनुष्य का अपना रचा हुआ एक लोक होता है। मतलब की उसका संपूर्ण अस्तित्व लोक बद्ध होता है। वह लोक लय से संचालित होता है। लोक से ही आभिजात्य विकसित हुआ है, हो रहा है और होता रहेगा, अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए लोक राग को सुरक्षित कर पाना हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती है। आज समय का छंद कही खो गया है। कारण बहुत साफ है। हमारी लौकिक परंपरा में किंवदंतियों का घाल मेल हो गया। भगवान से लेकर जीवनशैली तक की अवधारणाओं में भी। हमारी अनुभूतियां। जिजीविषा का पल्ला पकड़ कर आती रहीं। यही जिजीविषा ही अनादी काल से आज तक हमें स्थापित करती रही है। जिजीविषा की इस दुर्दमनीय धारा को हमारा लोक राग। हमारी स्मृतियां प्रवाह देती रहीं हैं,किन्तु आज का समय बहुत कठिन है।

हर कदम पर बटमार समाज को गुमराह कर रहे हैं। ये बटमार संगठित हैं। जरूरत है एक नए प्रतिबद्धता की। नए लोकराग की जो समाज में छिपे कपट को पहचान सके। तभी समय का छंद सधेगा। इस दौर में भी अभी भी हमारे पास बहुत कुछ है अपनी भावी पीढ़ी के लिए बचाने के लिए।

कश्मीर की समस्या और बाहरी ताकतें

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

कश्मीर में लंबे समय से तनाव चल रहा है। पाकिस्तान और उसके अनुयायी पृथकतावादी संगठन एक ओर हैं तो दूसरी ओर हिंदुत्ववादी संगठन हैं। बीच में कहीं तीसरा धड़ा धर्मनिरपेक्ष कश्मीरियों का है,जो कश्मीर की रक्षा किए हुए हैं और उनके कारण ही आज कश्मीर भारत का हिस्सा है वरना सांप्रदायिक ताकतें और फंडामेंटलिस्ट-पृथकतावादी अपने-अपने तरीकों से जम्मू-कश्मीर को बांट चुके होते,जो लोग नागार्जुन के बारे में बातें कर रहे हैं उनसे सम-सामयिक सवालों पर स्टैंड लेने के लिए कहा जाना चाहिए।

बाबा की कविता का मामला साहित्य का मामला नहीं है। यह समाज और राष्ट्र का मामला भी है। बाबा नागार्जुन के पास कश्मीर को लेकर एक समझ थी और वे कश्मीर की धड़कन को अच्छी तरह पहचानते थे। कश्मीर पर लिखी उनकी कविता का शीर्षक है 'केसर की मासूम क्यारियों से आती आवाज'। बाबा ने लिखा- ''काश्मीरी ही काश्मीर कर सकते उद्धार/'' जो लोग यह समझते हैं कश्मीर की समस्या देसी है वे गलतफहमी के शिकार हैं,पहले भी आज भी कश्मीर की समस्या बाहरी ताकतों के द्वारा पैदा की गई है। अमेरिका और पाक की इन दिनों कश्मीर में अतिरिक्त दिलचस्पी दर्ज की गई है। अमेरिकी रवैये पर बाबा ने लिखा- ''अमेरिकी बंदर पंचों की खुल जाएगी पोल/काश्मीर में बजा करेंगे काश्मीर के ढोल।''

कश्मीर को लेकर तथाकथित सुलह कराने वालों पर बाबा ने लिखा - '' डिनर नई दिल्ली में और कराची में कर लंच/ तौल रहे रावलपिंडी में लड्डू बंदर पंच।'' अंत में बाबा नागार्जुन ने जो लिखा वह और भी महत्वपूर्ण है। लिखा '' मात खाएंगे हिंदी पंडित, पाकिस्तानी पीर/ लो देखो, वह खड़ा हो रहा नया-नया कश्मीर।''

आखिर हम इतिहास से कब सीखेंगे

गणेश प्रसाद पांडेय
गोरखपुर

डॉ. आंबेडकर जी का वह कथन सोचने पर मजबूर का देता है कि यदि समाज के एक बड़े वर्ग को युद्ध से दूर नहीं किया गया होता तो भारत कभी गुलाम नहीं बनता।

कभी-कभी विचार आता है कि 1500 ई. के बाद के ब्रिटिश कितने साहसी और बुद्धिमान रहे होंगे, जिन्होंने एक ठंडे प्रदेश से निकलकर,अनजान रास्ते और अनजान जगहों पर जाकर लोगों को गुलाम बनाया। अभी भी देखा जाए तो ब्रिटेन की जनसंख्या और क्षेत्रफल गुजरात के बराबर है,लेकिन उन्होंने दशकों नहीं शताब्दियों तक दुनिया को गुलाम रखा।

भारत की करोड़ों की जनसंख्या को मात्र कुछ लाख या हजार लोगों ने गुलाम बनाकर रखा और केवल गुलाम ही नहीं बनाया,बल्कि खूब हत्याएं और लूटपाट की। उन्हें अपनी कौम पर कितना गर्व होगा कि उनके मुठ्ठी भर लोगों ने दुनिया को नाच नचाते रहे।

भारत के एक जिले में शायद ही 50 से ज्यादा अंग्रेज रहे होंगे,लेकिन लाखों लोगों के बीच अपनी धरती से हजारों मील दूर आकर अपने से संख्या में कई गुना अधिक लोगों को इस तरह गुलाम रखने के लिए अद्भुत साहस रहा होगा। अगर इतिहास देखते हैं तो पता चलता है कि उनके पास हम पर अत्याचार करने के लिए लोग भी नहीं थे तो उन्होंने हम में से ही कुछ लोगों को भर्ती किया था,हम पर अत्याचार करने के लिए, हमें लूटने के लिए। सोचकर ही अजीब लगता है कि हम लोग अंग्रेजों के सैनिक बनकर, अपने ही लोगों पर अत्याचार करते थे। चंद्रशेखर, बिस्मिल जैसे मात्र कुछ गिनती के लोग थे, जिन्हें हमारा ही समाज हेय दृष्टि से देखता था। आज वही नपुंसक समाज उन चंद लोगों के नाम के पीछे अपना कायरतापूर्ण इतिहास छुपाकर झूठा दंभ भरता है।

यानि हम स्वाभिमानहीन लोग हैं, स्वतंत्रता मिलने पर भी हम मानसिक गुलाम ही रहें। दूसरी तरफ हमारी व्यवस्थाएं भी सड़ी हुई हैं,जिन्होंने इन सभी नाकामियों का कभी मंथन ही नहीं किया। हमारे ऊपर जब आक्रमण हो रहे थे और हम जब एक युद्धकाल से गुजर रहे थे,हमारी बहुसंख्यक जनसंख्या इस मानसिकता में थी कि "कोउ नृप हो हमें का हानि"! मतलब उनको युद्ध से, राज्य से, राजा से कोई मतलब नहीं था। ये सब बस क्षत्रिय के काम थे। उनको करना है तो करें, नहीं करना तो नहीं करें। यही कारण था कि मुस्लिम आक्रमण से राजस्थान क्षेत्र छोड़कर समस्त भारत धराशाही हो गया था,क्योंकि राजस्थान में क्षत्रिय जनसंख्या अधिक थी तो संघर्ष करने में सफल रहे। ऐसे ही कुछ क्षेत्र और थे,जो इसमें सफल हुए। आज इस्राइल बुरी तरह शत्रुओं से घिरा हुआ है,लेकिन सुरक्षित है। क्योंकि वहां के प्रत्येक व्यक्ति की देश और धर्म की सुरक्षा की जिम्मेदारी है,लेकिन हमने ये कार्य केवल क्षत्रियों पर छोड़ दिया था,जबकि फौज में भी युद्ध के समय माली, नाई, पेंटर, रसोइया आदि सभी लड़ाका बनकर तैयार रहते हैं। हमने युद्धकाल में भी परिस्थितियों को नहीं समझा और अपनी योजनाएं नहीं बनाई अपनी व्यवस्थाएं नहीं बदली।

डॉ. आंबेडकर जी का वह कथन सोचने पर मजबूर का देता है कि यदि समाज के एक बड़े वर्ग को युद्ध से दूर नहीं किया गया होता तो भारत कभी गुलाम नहीं बनता। जरा विचार करके देखिए कि मुस्लिमों एवं अंग्रेजों से जिस तरह क्षत्रिय लड़े, अगर पूरा हिन्दू समाज क्षत्रिय बनकर,लड़ा होता तो क्या हम कभी गुलाम हो सकते थे? सामान्य परिस्थिति में समाज को चलाने के लिए उसको वर्गीकृत किया ही जाता है, लेकिन विपत्तिकाल में नीतियों में परिवर्तन भी किया जाता है,लेकिन हम इसमें पूरी तरह नाकाम लोग हैं। इसलिए 1000 सालों से दुर्भाग्य हमारे पीछे पड़ा है। अटल जी एक भाषण में कहते हैं कि एक युद्ध जीतने के बाद जब 1000 अंग्रेजी सैनिकों ने विजय-जुलूस निकाला था,तो सड़क के दोनों तरफ 20000 भारतीय उनको देखने आए थे। अगर ये 20000 लोग पत्थर-डंडे से भी मारते, तो 1000 सैनिकों को भागते भी नहीं बनता,लेकिन ये 20 हजार लोग केवल युद्ध के मूक दर्शक थे।

आज भी कुछ खास नहीं बदला। मुगलों और अंग्रेजों का स्थान एक खास डाइनेस्टी ने ले लिया और वामपंथियों/सेकुलरों के रूप में खतरनाक गद्दारों की फौज भी पैदा हो गई,लेकिन सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम आज भी बंटे हुए हैं। 100 करोड़ होकर भी मूक दर्शक बने हुए हैं। भले ही कुछ लोग कुछ जागृति पैदा करने में सफल हुए हों,पर बिना संपूर्ण जागृति इस देश के दुर्भाग्य का अंत नहीं होगा। सही है कि हम इतिहास से सीखने वाले नहीं हैं,चाहे खुद इतिहास बनकर रह जाएं।

ग्लोबल जेंडर इंडेक्स में फिसलता भारत

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के शब्दो में महिलाओं की स्थिति किसी राष्ट्र में सामाजिक आर्थिक और मानसिक स्थिति को दर्शाती है।

भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम मानी जाती हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रविंद्रनाथ टैगोर के शब्दों में हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं,बल्कि इस रोशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से महिलाएं मानवता का स्रोत रही हैं।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के शब्दों में महिलाओं की स्थिति किसी राष्ट्र में सामाजिक आर्थिक और मानसिक स्थिति को दर्शाती है। महिलाएं हर क्षेत्र में उन्नति और सफलता को प्राप्त कर रही हैं,लेकिन विश्व आर्थिक मंच द्वारा बुधवार को जारी वैश्विक लिंग अंतर सूचकांक डेटा ने भारत के लिए एक चिंताजनक स्थिति को उजागर किया, क्योंकि देश में दो स्थानों की गिरावट देखी गई। अब सूचकांक में 146 देशों में से भारत 129 वें स्थान पर है। इस गिरती स्थिति का प्रमुख कारण शिक्षा की कमी भी है। साथ ही हमारे देश की सामाजिक मान्यताएं भी एक प्रमुख कारण बनता है।

दक्षिण एशियाई क्षेत्र में,पाकिस्तान ने सबसे कमजोर प्रदर्शन किया जबकि बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और भूटान ने रैंकिंग में भारत को पीछे छोड़ दिया। एक स्पष्ट आंकड़ा सामने आया है,जो दर्शाता है कि भारतीय महिलाएं पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपये पर केवल 40 रुपये ही कमाती हैं, जो एक महत्वपूर्ण लिंग वेतन अंतर को दर्शाता है। सच्ची महिला स्वतंत्रता तभी प्राप्त हो सकती जब लोग महिलाओं के प्रति अपने प्रतिबंधात्मक दृष्टिकोण और मानसिकता को बदलेंगे।

एक नजर

प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं करने की अपील

बिलारी, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की बैठक सरस्वती विहार स्थित प्रांत उपाध्यक्ष राष्ट्रीय गो रक्षा परिषद के ठाकुर सुरेंद्र सिंह के आवास पर हुई। जिसमें कई हिंदूवादी संगठनों ने भाग लिया। शनिवार को बैठक में सुरेंद्र सिंह ने कहा कि ईद मिल जुलकर मनाएं और ऐसे पशु की कुर्बानी न करें। जिससे दूसरे समाज को कोई ठेस पहुंचे। बैठक में धर्मेंद्र गांधी, सुरेंद्र शर्मा, रजनीश गर्ग, अनूप राणा, सोनू शर्मा, पार्थ सिंह, लक्ष्य प्रताप सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, चंद्रभान सिंह चौहान, पुलकित गुप्ता, एसपी कंडेरा, परमेश्वर नाथ गोस्वामी, छविराज चावला, मनिंदर आदि हिंदूवादी संगठनों के लोग मौजूद रहे।

20 लीटर शराब बरामद दो आरोपी गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : पुलिस ने दो व्यक्तियों को 10-10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक लईक अहमद, कांस्टेबल पंकज व आशीष कुमार के साथ तहसील रोड से नया बस अड्डा की तरफ जा रहे थे। तभी दो व्यक्ति टोरेंट गैस गोदाम वाले मार्ग से प्लास्टिक की कैन लेकर आते दिखाई दिए। संदेह होने पर पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। दोनों से 10-10 लीटर शराब बरामद हुई। दोनों ने नाम उबैद पुत्र मोहम्मद माहिर निवासी मोहल्ला हकीमपुरा थाना स्योहारा एवं अजीम पुत्र खालिद निवासी मोहल्ला मौलबियान थाना स्योहारा बताया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट भेज दिया।

बहन के घर से बाइक चोरी

कांठ, अमृत विचार : ग्राम नयागांव अकबरपुर चैदरी निवासी रियाज अहमद पुत्र रजा हुसैन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह 20 मई को अपनी बहन के घर कांठ बाइक यूपी 21सी क्यू 1311 से गया था। वह शाम पांच बजे घर के बाहर बाइक खड़ी कर चला गया। वापस आया तो देखा कि बाइक वहां नहीं थी। जिसकी सूचना 112 पुलिस को फोन द्वारा दी गई थी। इस बारे में 22 मई को थाने में पत्र दिया था। तीन सप्ताह बाद बाइक चोरी का मामला दर्ज किया गया। पीड़ित ने पुलिस से बाइक बरामद कराने की मांग की है।

बकरों की बिक्री बढ़ी

कांठ, अमृत विचार : ईद उल अजहा के लिए कब्रिस्तान के पास बकरों का बाजार लग रहा है। ईद उल अजहा 17 जून को है। इन दिन नमाज पढ़कर पशुओं की कुर्बानी दी जाएगी। कब्रिस्तान के समीप नगर में पिछले दो सप्ताह से बकरों का बाजार लग रहा है। व्यापारी बुंदू अहमद अल्वी ने बताया कि इस बार 12000 से लेकर 80000 रुपये तक के बकरे की बिक्री व खरीदारी की गई है।

ईद उल अजहा को लेकर तैनात किए मजिस्ट्रेट

बिलारी, अमृत विचार : ईद उल अजहा को लेकर थाना क्षेत्र के मुताबिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। बिलारी थाना क्षेत्र में मजिस्ट्रेट तहसीलदार बिलारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बाल विकास परियोजना अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी पंचायत समाज कल्याण बिलारी, कुंदरकी थाना क्षेत्र में मजिस्ट्रेट खंड विकास अधिकारी कुंदरकी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट खंड शिक्षा अधिकारी कुंदरकी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुंदरकी, थाना मैनाठेर क्षेत्र में मजिस्ट्रेट खंड विकास अधिकारी बिलारी के अलावा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार लोकेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण कुंदरकी को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, थाना सोनकपुर क्षेत्र में मजिस्ट्रेट वन क्षेत्राधिकारी बिलारी के अलावा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट खंड शिक्षा अधिकारी बिलारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बिलारी को बनाया है।

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें : डीएम

76 शिकायतें दर्ज, आठ शिकायतों का निस्तारण, पांच लाभार्थियों को दी आवास की चाबी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में 76 लोगों ने जिलाधिकारी और एसएसपी की मौजूदगी में शिकायतें दर्ज कराईं। जिसमें आठ शिकायतों का निस्तारण हुआ।

शनिवार को जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने समस्याओं को सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता विहीन हुआ तो सम्बंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी। समाधान दिवस में चकबंदी, श्रम, पेंशन, राजस्व, सहित कई विभागों की शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत पांच लाभार्थियों को ताला, चाबी एवं सहजन के पौधे वितरित किए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, उपजिलाधिकारी अजय मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, सतीश प्रसाद मिश्र, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, तहसीलदार रहे।

वहीं, जिलाधिकारी ने अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल राघूवाला एवं अब्दुल्लापुर का निरीक्षण किया। दोनों गोशालाओं में भूसा, दाना, चारा की पर्याप्त व्यवस्था मिली। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारी को गोशाला की सफाई कराने एवं 10-10 गोपालकों की तैनाती के निर्देश दिए। गोशाला संचालन में रूचि न लेने पर एसडीएम, राघूवाला गोशाला के निरीक्षण में अनुपस्थित रहने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं गोशाला अब्दुल्लापुर लेदा में चारा मशीन की उपयोगिता न सुनिश्चित कराने पर बीडीओ ठाकुरद्वारा को चेतावनी दी गई है।

संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी व साथ में अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

चेक बाउंस के वारंटी की गिरफ्तारी की मांग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : मोहल्ला आदर्श नगर बाजार गंज निवासी कमलेश कुमार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसने मोहल्ला बहेड़ों वाली तिकोनिया चेकपोस्ट के सामने वार्ड-7 निवासी रियाज अहमद पुत्र जाकिर हुसैन के खिलाफ चेक बाउंस की रिपोर्ट कराई थी। रियाज अहमद के मुकदमे की तारीखों पर उपस्थित नहीं होने के कारण न्यायालय से 21 मई को वारंट जारी हो चुके हैं। लेकिन पुलिस ने रियाज के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। उसने कार्रवाई की मांग की है।

शरीफनगर में विवादित भूमि पर पर ईद का मेला रुकवाने की मांग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : शरीफनगर निवासी नईमा खातून ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। इसमें कहा है कि ईदगाह के निकट पुराना बाजार में ग्राम समाज भूमि के साथ निजी भूमि पर ईद का मेला लगता है। निजी भूमि के स्वामित्व को लेकर मोहम्मद अली और उसकी बहन नईमा में विवाद है। जिसका मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। बकरीद पर मेले के लिए झूले एवं दुकानों का सामान पहुंचने पर 12 जून को नईमा ने मौके पर पहुंचकर ऐतराज किया तो मोहम्मद अली, खुर्शीद, जियाउल और सनाउल मुस्तफा ने अभद्रता की। जबरन मेला लगवाने का प्रयास करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत उसने डायल 112 को काल कर की। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। उसने समाधान दिवस में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया और विवादित भूमि पर ईद मेला रुकवाने की मांग की है।

बैठक में समस्याएं सुनते उपजिलाधिकारी। ● अमृत विचार

खतौनी संबंधी समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में अंश निर्धारण प्रक्रिया में शिकायत मिलने पर उप जिलाधिकारी ने ग्राम वार रोस्टर बनाकर समस्याओं के निस्तारण करने के निर्देश दिए।

एसडीएम विनय सिंह ने खतौनी बनाते समय अंश निर्धारण में त्रुटियों का निस्तारण करने के लिए खतौनी का प्रिंट सार्वजनिक भवन में ग्राम वासियों के समक्ष खतौनी पढ़ने के निर्देश दिए। एसडीएम ने खलीलपुर अमरू, छजलैट, रसूलपुर गुर्जर, ज्ञान सिंह सीकरी में 20 जून को खतौनी पढ़कर सुनाने के निर्देश दिए। 21 जून को दुल्हेपुर, चंगेरी, जेबड़ा, मधुपुरी, कुचावली, फलैदा, ईसापुर एवं 24 को आदमपुर, चांदखेड़ी, जमुना, आजम, दुदैला, पठंगी, 25 को छज्जा नंगला, रायपुर खुर्द, शिवहर, दरियापुर, सलेमपुर 26 को गदरपुर, मेहदूत कलमी, बेगमपुर, सिरसाघाट, रुस्तमपुर 27 को मल्लीवाला, कासमपुर, कांठ, रामनगर उर्फ रामपुर, मघपुरी इनायतपुरी, सदरपुर, मतलबपुर एवं 28 को किशनपुर, करनपुर, हरकिशनपुरा, नारी उर्फ अली नगर, जेवड़ी, चक जगवाली के लेखपालों को खतौनी में सह खातेदारों के अंश एवं त्रुटिपूर्ण अंशों को सही करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने समाधान दिवस में सुनीं समस्याएं

बिलारी, अमृत विचार : शनिवार को समाधान दिवस में एसडीएम मणि अरोड़ा ने समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान राजस्व विभाग से संबंधित नौ, विकास विभाग से संबंधित 1, पुलिस विभाग से संबंधित 5, विद्युत विभाग से संबंधित एक, शिक्षा विभाग से संबंधित एक व अन्य विभागों से संबंधित 4 शिकायतें आईं। कुल 21 शिकायतों में 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक किया, कहा कि सभी अपना कार्य पूरी निष्ठा के साथ करें और किसी भी तरह की कोताही सामने आई तो कार्रवाई होगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार ने भी पुलिस स्टाफ को सतर्क रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार कमलेश कुमार, बीडीओ, खंड विकास अधिकारी, एसडीओ विद्युत, सप्लाई इंस्पेक्टर, नगर पालिका बिलारी अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह, एबीएसए अजहरे आलम आदि सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

बाइक चोरी में पृथ्वी सिंह को दोष मुक्त करने की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं तथा शरीफनगर के पृथ्वी सिंह को दोष मुक्त करने की मांग को लेकर ग्रामीण एसडीएम कोर्ट परिसर में एकत्र हुए। ग्रामीण पुराने एसडीएम कोर्ट रोड तथा पुराने बस स्टैंड से होते एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां धरना दिया गया। धरने में प्रीतम सिंह, जाबिर हुसैन तथा शाकिर हुसैन ने कहा कि स्थानीय पुलिस ने शरीफनगर के बाइक चोरी प्रकरण में चोरों को संरक्षण दिया और निर्दोष पृथ्वी सिंह को जेल भेज दिया गया। धरना-प्रदर्शन के बाद पुलिस ने बाइक चोरों के नाम बढ़ाए लेकिन कार्रवाई नहीं की। दोनों बाइक चोर खुलेआम घूमते रहे। वहीं, दुर्योधन पुत्र हरकिशन, शीला पत्नी दुर्योधन, जैकी पुत्र दुर्योधन तथा भाई शीशपाल से मारपीट के मामले में पुलिस ने मनमानी तरीके से एनसीआर दर्ज की और अब तक पीड़ितों के पक्ष में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जबकि विवेचक एसआई त्रिवेंद्र सिंह राठी पीड़ित पक्ष को ही जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। धरने के दौरान ग्रामीणों की मांग है कि क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए, शरीफनगर के बाइक चोरी मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर पृथ्वी सिंह को दोष मुक्त किया जाए, पीड़ित दुर्योधन तथा उसके परिवार से मारपीट के मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। मामले की जांच अन्य विवेचक को सौंपी जाए। इसके बाद ग्रामीणों ने समाधान दिवस में शिकायतें सुन रहे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना को ज्ञापन सौंपा। एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा को मामले की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला सचिव कैलाश सिंह, हर स्वरूप सिंह, भारत सिंह, जगदीश सिंह, सरदार जसवंत सिंह, पलविंदर सिंह, बाबू सिंह, दुर्योधन सिंह, पृथ्वी सिंह, बबली, दुलारी देवी, राखी देवी, दीपा देवी, हेमराज सिंह, दयाराम साहनी, नाथू सिंह, महिपाल सिंह, वाजिद, हबीबउर्रहमान रहे।

सार-संक्षेप

डीपी यादव ने हमेशा लोगों की मदद की

बिलारी, अमृत विचार : रुस्तमनगर सहसपुर स्थित बैंक्वेट हॉल में सर्व समाज की बैठक हुई। जिसमें समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष डीपी यादव को श्रद्धांजलि दी गई। शनिवार को हुई बैठक में डॉ. विजय यादव ने कहा कि डीपी यादव सर्व समाज के नेता थे। राम सिंह ने कहा कि वह हमेशा सर्वधर्म की बात करते थे। जगत नारायण शर्मा ने कहा कि उनके निधन से समाज को क्षति हुई है। वह हमेशा लोगों की मदद करते थे। सुखवीर यादव ने कहा कि हमें उनकी कमी खलेगी। इस दौरान शोक सभा में विश्वास यादव उर्फ लवली, राकेश यादव, विजयपाल सिंह, सतपाल सिंह, नरेंद्र यादव, अमरपाल सिंह, आराम सिंह यादव, अमरपाल यादव, डॉ. धर्मेंद्र यादव, प्रेम सिंह, जेपी यादव, रमेश यादव, प्रवीण सिंह सुबोध शर्मा, रईस पाल, डॉ. एम अंसारी आदि शामिल हुए।

बिलारी में डीपी यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई। ● अमृत विचार

सात साल से बंद पड़े नाले की सफाई शुरू

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : सात साल से बंद नाले की सफाई शुरू की गई है। पांच दिन पहले अमृत विचार दैनिक समाचार पत्र ने जटपुरा में सात वर्ष से नाले की सफाई न होने के कारण पानी सड़क पर आने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिस पर उप जिला अधिकारी, खंड विकास अधिकारी डिलारी, सचिव व ग्राम प्रधान खूब सिंह ने बंद नाले की सफाई जेसीबी से शुरू करा दी है। ज्ञात हो कि भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने सात महीने पहले इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। जिस पर अधिकारियों ने शिकायत का निराकरण करने की रिपोर्ट प्रेषित की थी, जिस पर मंडल अध्यक्ष ने फिर से फोटो आदि मुख्यमंत्री पोर्टल पर भेज कर शिकायत कर कहा था कि अधिकारियों ने शासन और प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास किया है क्योंकि नाले की सफाई नहीं कराई गई है।

बंद नाले की सफाई करती जेसीबी।

माहेश्वरी समाज ने मनाया महेश नवमी पर्व

कांठ, अमृत विचार : ज्येष्ठ शुक्ल नवमी पर माहेश्वरी मंडल ने महेश नवमी पर्व मनाया। शनिवार को माहेश्वरी वंशोतपति दिवस पर श्री माहेश्वरी शिव मंदिर पट्टीवाला कांठ में माहेश्वरी समाज ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। रुद्राभिषेक में मुख्य यजमान मुकेश माहेश्वरी एवं मनीषा माहेश्वरी रहे। सभी ने भगवान शिव की आरती की एवं प्रसाद वितरण किया। दोपहर को सब्जी मंडी में मोहित माहेश्वरी के प्रतिष्ठान पर शर्बत बांटा गया। इस अवसर पर राकेश माहेश्वरी, अवधेश चंद्र माहेश्वरी, प्रदीप माहेश्वरी, विपिन माहेश्वरी, सुधीर माहेश्वरी, रीना माहेश्वरी, प्रीति माहेश्वरी, मोहिनी माहेश्वरी, वंदना माहेश्वरी रहे।

चेयरमैन ऊमरी कलां ने बंटवाया शर्बत

कांठ, अमृत विचार : नगर पंचायत ऊमरी कलां के कार्यालय में आने वाले लोगों एवं राहगीरों के लिए चेयरमैन उस्मान अली एवं स्टाफ ने शर्बत वितरण किया। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए लोगों को प्रेरित किया तथा नागरिकों को स्वच्छता व नो प्लास्टिक का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत ऊमरी कलां के चेयरमैन उस्मान अली, सैयद आजम, लिपिक सुरेंद्र सिंह, लिपिक जयकुमार, लिपिक नजम अहमद, अंकुर विश्नोई, अनीस अहमद, राहुल कुमार रहे।

सड़क पर रैंप निकालने को लेकर कहासुनी, हमला

पाकबड़ा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव गजगोला नानकबड़ी निवासी राजीव सिंह पुत्र भरत सिंह ने तहरीर में बताया कि हमारे पड़ोस में रहने वाले अजय पुत्र समरपाल अपने घर के आगे सड़क पर ज्यादा रैंप निकाल रहे थे। जिसको मेरी मां ने कहा कि सड़क पर आने जाने वालों को दिक्कत होगी। इस पर आरोपी मां से गाली गलौज करने लगे। इसके बाद अजय के साथ रणजीत पुत्र भगवत शरण, जय कुमार पुत्र रणजीत एवं जितिन पुत्र जगत सिंह ने मेरे भतीजे दलीप उर्फ अनेक सिंह भाई शिवओम के साथ घर में घुसकर मारपीट की एवं भतीजे दलीप के सिर एवं आंख में हथियार मार दिया। परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे। जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया।

बड़ौदा वीरान में तेंदुआ दिखाई देने से दहशत

कांठ, अमृत विचार : बड़ौदा वीरान के जंगलों में तेंदुआ दिखाई देने से किसानों में दहशत है।

राम किशन सिंह खेत पर गन्ने की खोदाई के लिए गया था। वहीं उसने कुछ दूरी पर पेड़ के नीचे तेंदुआ बैठा हुआ है। तेंदुआ देखकर वह मजदूरों के पास पहुंच गया। सभी मजदूर लाठी और फावड़े लेकर पेड़ के पास पहुंचे और शोर मचाया तब तेंदुआ खेतों में चला गया। गांव के राम अवतार ने बताया तेंदुआ पानी पीने के लिए इधर आता है। बता दें कि कुछ दिन पहले ऊमरी कलां में तेंदुए ने भैंस के बच्चे को निवाला बना लिया था। क्षेत्र के किसानों को डर है कि वह सुबह शाम जंगल जाते हैं, न जाने किस दिन तेंदुआ हमला कर दे। किसानों ने सूचना वन विभाग के अधिकारियों को देकर पिंजरा लगवाने की मांग की है।

निगम की बसें रुकने से नए रोडवेज पर रही चहल-पहल

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : प्रशासन व पुलिस द्वारा पुराने रोडवेज पर बसें नहीं रुकने देने से नये रोडवेज पर शनिवार को चहल-पहल दिखाई दी।

शनिवार को नये बस स्टैंड पर निगम की बसों का ठहराव हुआ एवं ई रिक्शा भी पहुंचे। हालांकि, पुराने बस स्टैंड पर बसें नहीं रुकने देने से यात्रियों को नए बस स्टैंड पहुंचने और आने- जाने में खर्चा करना पड़ रहा है। शनिवार को यहां काफी चहल-पहल देखी गई। नये बस स्टैंड पर अब कई ठेले लग रहे हैं। परिचालक नरेंद्र सिंह को अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश परिवहन की सभी बसों की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि कुछ बसों के चालकों ने शनिवार को पुराने बस अड्डे के पास यात्रियों को बैठाया और उतारा। पालिका की अधिशाषी अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि एसडीएम विनय कुमार सिंह के निर्देशों के अनुसार लापरवाह बस चालकों एवं ई रिक्शा चालकों तथा ऑटो के पुराने रोडवेज पर जमावड़ा होने पर कार्रवाई होगी।

नये बस स्टैंड पर लगे ठेले एवं खड़ी निगम की बस। ● अमृत विचार

कृष्ण रुक्मणी विवाह की कथा सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ठाकुरद्वारा-जसपुर मार्ग पर फैजुल्लागंज खोखरा तालाब पर प्राचीन शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक पंडित बलराम कृष्ण शास्त्री ने कृष्ण व रुक्मणी विवाह का मनोहारी वर्णन किया।

कथावाचक ने विवाह की कथा के बाद कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि भगवान की लीला से अंहकार का नाश होता है। ईश्वर के प्रति आशा बढ़ती है और मनुष्य के अंदर छिपे रहस्य काम, क्रोध, लोभ मोह, माया, दूर होती है। कार्यक्रम में शिव मंदिर के महंत दिनेश गिरी महाराज, विनीत शर्मा, रविंद्र सिंह राणा, प्रेम सिंह, उदयवीर सिंह, अशोक कुमार, महिपाल सिंह, मेघनाथ सिंह, अवधेश कुमार, बबलू रहे।

भूखंड के चक्कर में आरोपी ने ठगे 40 लाख रुपये, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : नागफनी थाना क्षेत्र में भूखंड की खरीद के चक्कर में बदायूं जिले के मूल निवासी आनंद कुमार गुप्ता से आरोपी ने 40 लाख रुपये ठगे हैं। समझौते के बीच उसने 15 लाख रुपये लौटाने को चेक दिया, वह भी बाउंस हो गया। गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी मिलने के बाद पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध शनिवार को नागफनी थाने में एफआईआर दर्ज हुई है।

जिगर कॉलोनी में दमदम कोठी के पास निवासी आनंद कुमार गुप्ता ने पुलिस को बताया है कि वह बदायूं जिले के मोहल्ला जमुनी इस्लामनगर के मूल निवासी हैं। वर्तमान में वह ए-450 जिगर कॉलोनी सिविल लाइन में निवास कर रहे हैं। इशरत अली ने एक भूखंड निकट नीम वाली जियारत सिविल लाइन को अपना बताकर 63,000 रुपये प्रति गज के हिसाब से सौदा किया था। फिर एक मई 2023 के दिन एडवांस के तौर पर 5 लाख रुपये का चेक इशरत अली को दिया था।

इसके बाद 23 मई को नकद 10 लाख रुपये आनंद ने इशरत अली को दिए थे। फिर 30 मई उन्होंने इशरत के कहने पर 10 लाख रुपये का एक और चेक दिया। फिर 9 जुलाई को 5 लाख रुपये नगद दिए थे। इस तरह आनंद ने भूखंड खरीदने के चक्कर में आरोपी इशरत को कुल 40 लाख रुपये दिए थे। रुपये देने के बाद भी वह बैनामा नहीं करा रहा था। आनंद ने पुलिस को बताया है कि जब उन्होंने संबंधित भूखंड के बारे में जानकारी ली तो पता चला उसे किसी ने पहले से ही खरीद रखा है। इस पर उन्होंने इशरत अली को कई बार फोन किया। लेकिन, फिर वह फोन उठाना बंद कर दिया था। ऐसे में उन्होंने 21 सितंबर 2023 को सलीम द्वारा इशरत अली को अपने घर पर बुलाया था। तब भी उन्होंने इशरत अली से भूखंड की रजिस्ट्री करने की बात कही। जब उन्होंने इशरत अली के सामने भूखंड की हकीकत खोली और अपने रुपये वापस मांगे तो वह आग बबूला हो गया था।

अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करती मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम। ● अमृत विचार

एमडीए ने अवैध निर्माण पर चलवाया बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने एक स्थान पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया और दूसरे स्थान पर अवैध रूप से निर्माण की गई हॉल को सील कर दिया। एमडीए की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है।

शनिवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने कटघर थाना क्षेत्र के गोट रोड बरवाला मझरा में आठ बीघा जमीन पर की जा रही प्लाटिंग पर बुलडोजर चलवाया। यहां शहीदउल्ला द्वारा अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। वहीं दूसरी ओर प्राधिकरण की टीम ने बरवाला मझरा में ही महिला शबनम द्वारा निर्माण कराए गए भूतल व प्रथम तल हॉल के खिलाफ सील की कार्रवाई की गई। इस दौरान जोन प्रभारी केएन जगूड़ी, अवर अभियंता राजन सिंह, मुकेश सक्सेना व अन्य शामिल रहे।

आयोजन आईटीआई में नारी सशक्तिकरण पर हुई गोष्ठी, छात्राओं को निशुल्क सेनेट्री पैड वितरित किए

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना सशक्तिकरण का उद्देश्य

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : राजकीय आईटीआई में नारी सशक्तिकरण को लेकर गोष्ठी हुई। गोष्ठी में नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य, अधिकारों के बारे में चर्चा की गई। नारी सुरक्षा के संबंध में पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को जानकारी दी। इस मौके पर छात्राओं को सेनेट्री पैड निशुल्क वितरित किए गए।

मुरादाबाद के इंदिरा गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन के तत्वावधान में सरकारी आईटीआई निंगू नंगला कांठ में ट्रेनिंग हेड पूजा राजपूत ने गोष्ठी का आरंभ किया। डायरेक्टर धर्मेंद्र सरकार ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तर बढ़ाना, पीड़ित व असहाय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए समाज को मुख्य धारा में पुनर्स्थापित करना नारी सशक्तिकरण के प्रमुख उद्देश्य हैं।

केंद्र प्रभारी कपिल देव, प्रो. मोहम्मद फुरकान ने महिलाओं के मौलिक अधिकारों में समानता और शालीनता, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, राजनीतिक भागीदारी, घरेलू हिंसा आदि की विस्तृत जानकारी दी। थाना कांठ में तैनात उप निरीक्षक विपिन राठी और वेदपाल ने बताया कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में पीछे नहीं है। उन्होंने बताया कि मोबाइल फोन से ज्ञान भी प्राप्त होता है तथा दुरुपयोग करने पर यह अपराधों का भी जन्मदाता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी प्रकार असुरक्षा महसूस करने पर हेल्पलाइन नंबर 1090, 1091, 112 आदि हेल्पलाइन पर फोन कर सकती हैं।

पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। इसके उपरांत छात्राओं को निशुल्क सेनेट्री पैड वितरित किए गए। इस मौके पर धर्मेंद्र सैनी, कपिल कुमार सहित समस्त आईटीआई ट्रेनर, कोर ट्रेनर एवं समस्त स्टाफ रहा।

छात्राओं को सेनेट्री पेड वितरित करते अतिथि एवं प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

एक नजर

गाली गलौज व धमकी देने का लगाया आरोप

धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गांव का ही तीन माह पहले गांव की एक युवक बड़ी बेटी को बहला-फुसलाकर घर से भगाकर ले गया था। शादी करने के बाद व्यक्ति की पुत्री अब गांव के ही युवक के साथ रह रही है। आरोप है कि शनिवार को युवक के परिजन घर में घुस आए। गाली गलौज करते हुए धमकी देने लगे। व्यक्ति ने कहा कि गांव के ही लोग अब मेरी छोटी पुत्री को भी भगाकर ले जाने की फिराक में है। व्यक्ति ने तहरीर देकर पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

लापता युवक का तालाब किनारे मिला शव

बदायूं, अमृत विचार : थाना अलापुर कस्बे में लापता युवक आरिफ उर्फ भूरा का शव शनिवार की सुबह तालाब के किनारे पड़ा मिला। वह एक दिन पूर्व घर से गायब था। जिसे परिजन तलाश कर रहे थे। शव मिलने की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

चार वर्षीय स्नातक करने वाले छात्रों के लिए एक साल का परास्नातक

यूजीसी ने परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए करिकुलम एंड क्रेडिड फ्रेमवर्क किया जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक की तरह परास्नातक में भी छात्र मनचाहे पाठ्यक्रम चुन सकेंगे। छात्रों को एक साल की पढ़ाई करने पर डिप्लोमा और दो साल की पढ़ाई पर डिग्री मिलेगी। चार वर्षीय स्नातक छात्रों को परास्नातक में सिर्फ एक वर्ष की पढ़ाई करनी होगी। यूजीसी ने परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए करिकुलम एंड क्रेडिट फ्रेमवर्क जारी कर सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को इसे लागू करने के निर्देश दिए हैं। विवि को परास्नातक में मशीन लर्निंग, एआई, स्वास्थ्य, कृषि और लॉ पाठ्यक्रम भी शुरू करने होंगे।

यूजीसी के सचिव मनीष जोशी की ओर से जारी सूचना के मुताबिक तीन वर्षीय स्नातक के छात्रों को दो साल की परास्नातक की पढ़ाई करनी होगी, जिसमें उन्हें दूसरे वर्ष में रिसर्च करनी होगी। चार वर्षीय स्नातक छात्रों को एक साल की पढ़ाई करनी होगी और इसमें रिसर्च शामिल होगी। इसके अलावा इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम भी होगा। नेशनल हायर एजुकेशन क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएचईक्यूएफ) के तहत परास्नातक में 6, 6.5 और 7 स्तर होंगे। स्नातक ऑनर्स की डिग्री रिसर्च के साथ 160 क्रेडिट के साथ एक साल यानी दो सेमेस्टर की पढ़ाई पर 6.5, तीन वर्षीय स्नातक डिग्री 120 क्रेडिट के साथ दो साल के परास्नातक में 6.5 और चार साल की स्नातक डिग्री यानी बीई, बीटेक आदि 160 क्रेडिट के साथ परास्नातक यानी एमई, एमटेक का स्तर 7 होगा।

मेजर और माइनर विषयों का कर सकेंगे चयन

दो साल के परास्नातक में छात्र तृतीय या चतुर्थ सेमेस्टर में कोर्सवर्क या तृतीय सेमेस्टर में कोर्सवर्क या चतुर्थ सेमेस्टर में रिसर्च या तृतीय और चतुर्थ सेमेस्टर में रिसर्च चुन सकेंगे। एक साल के परास्नातक में छात्र कोर्स वर्क, रिसर्च या कोर्सवर्क और रिसर्च दोनों चुन सकेंगे। पांच साल के इंटीग्रेटेड प्रोग्राम में दो साल के पाठ्यक्रम के तहत कोसवर्क व रिसर्च का चयन कर सकेंगे। स्नातक की तरह छात्र मेजर और माइनर विषय भी परास्नातक में ले सकेंगे।

यह होंगे ग्रेड प्वाइंट : छात्रों को सेमेस्टर ग्रेड प्वाइंट एवरेज (सीजीपीए) के तहत ग्रेड दी जाएगी। इसमें 10 ग्रेड प्वाइंड पर ओ (आउटस्टेंडिंग), 9 प्वाइंट पर ए प्लस (एक्सीलेंट), 8 प्वाइंट पर ए (वेरी गुड), 7 प्वाइंट पर बी प्लस(गुड), 6 प्वाइंट पर बी (एबव एवरेज), 5 प्वाइंट पर सी (एवरेज), 4 प्वाइंट पर पी (पास), 0 प्वाइंट एफ (फेल), 0 प्वाइंट एबी(अबसेंट) दिया जाएगा।

सरकारी नौकरी का झांसा देकर ठगा

काशीपुर, अमृत विचार : सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से अपने ही दोस्त के साथ धोखाधड़ी कर उसके पांच लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अपने दोस्त समेत उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला टांडा उज्जैन निवासी अंकित अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई की मोहल्ले में ही एक मोबाइल रिपेयर की दुकान है। जिसमें वह भी सुबह शाम बैठता है। बताया कि उसके दोस्त सुदेश सिंह निवासी बरखेड़ा पाण्डेय का उसकी दुकान पर आना जाना है। उसने उसे बताया कि मैं तुम्हारी सरकारी नौकरी लगवा सकता हूं तथा मेरी व मेरे दोस्तों से देहरादून में कई विभागों के अधिकारियों से घनिष्ठ संबंध है। उसकी बातों पर विश्वास कर पीड़ित ने जब हामी भरी तो उसे धीमरखेड़ा पार का मंझरा निवासी कमल सिंह व बरखेड़ा पाण्डेय निवासी रणवीर सिंह से मिलवाया और पांच लाख रुपये खर्चा आने की बात कही।

राज्य कर की टीमों ने गोदामों व फैक्ट्रियों पर की छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: राज्य कर की टीमों ने मुरादाबाद व अमरोहा के गजरौला स्थित फाइबर के गोदामों और फैक्ट्रियों में छापेमारी की।

लगभग 22 घंटे की कार्रवाई के बाद राज्य कर की 50 सदस्यीय टीम ने अपर आयुक्त राज्य कर मुरादाबाद जोन, अनुपमा गोयल के नेतृत्व में संबंधित फाइबर निर्माता फर्मों से विशेष अनुसंधान शाखा इकाई द्वारा गजरौला स्थित एक फार्म से मौके पर ही 40 लाख रुपए जमा कराए गए हैं। जबकि मुरादाबाद के पीलीकोठी स्थित एक फर्म के हेड ऑफिस पर भी कार्रवाई की गई। दोनों फर्मों द्वारा 2022-23 और 2023-24 में ऐसी फर्मों से खरीद की गई है, जिनका पहले ही पंजीयन निरस्त हो चुका है। इन दोनों फर्मों की राज्य कर विभाग की टीम को दो करोड़ 75 लाख की बोगस आईटीसी प्रकाश में आई है। यह फैक्ट्रियां कॉटन से फाइबर निर्माण कर उनकी बिक्री करती थीं।

राज्य कर विभाग की टीम ने मौके पर एक फर्म से 40 लाख जमा कराए। जबकि दूसरी फर्म के लेखा पुस्तकों में सत्यापन न कराए जाने की वजह से तीन करोड़ 81 लाख का कॉटन से फाइबर बनाने का कच्चा माल जब्त किया है।

विभाग ने फर्म स्वामियों को अपना पक्ष रखने के लिए 16 जून तक का समय दिया है। वहीं एडिशनल कमिश्नर राज्यकर जीएसटी आरए सेठ ने बताया कि समय से टैक्स जमा करने वाले व्यापारियों का विभाग सम्मान करता है। लेकिन, कर वंचन में लिप्त व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई

- **विशेष अनुसंधान शाखा इकाई ने गजरौला स्थित एक फार्म से मौके पर ही 40 लाख रुपए जमा कराए**

10 हजार की रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज गिरफ्तार

बरेली/शीशगढ़, अमृत विचार : थाना शीशगढ़ की बंजरिया चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने चौकी में ही 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। चौकी इंचार्ज ने मारपीट और जान से मारने की धमकी के मुकदमे को खत्म करने के लिए आरोपी के भाई से रिश्वत मांगी थी। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने चौकी इंचार्ज के खिलाफ थाना भोजीपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शीशगढ़ के लालू नगला गांव निवासी हामिद अली ने एंटी करप्शन कार्यालय में शिकायत की कि उनके भाई के खिलाफ गांव के कादिर अली ने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का शिकायती पत्र बंजरिया चौकी में दिया गया था। बंजरिया चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने शिकायती पत्र के निस्तारण के लिए 20 हजार रुपये की मांग की। चौकी इंचार्ज को पैसे न देने पर थाना शीशगढ़ 12 जून को रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इस मुकदमे के निस्तारण के लिए चौकी इंचार्ज 10 हजार रुपये मांग रहे थे।

अधिवक्ता परिषद ब्रज की बैठक में दी विधिक जानकारी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद संभल की बैठक में वक्ताओं ने उपस्थित जनों को विधिक जानकारी दी।

शनिवार को बार एसोसिएशन सभागार में स्वाध्याय मंडल की बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चीफ डिफेंस काउंसिल संजीव कुमार सिंह ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण एक का गठन सन 1987 में पारित अधिनियम के माध्यम से किया गया है। विधिक सेवा प्राधिकरण सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, जनपद न्यायालय व तहसील न्यायालयों में भी कार्य करता है। विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से वंचितों, दलितों, निर्धनों, महिलाओं और बच्चों को न्यायालय के माध्यम से निशुल्क न्याय दिलाने का कार्य किया जाता है। इसके माध्यम से सुलह समझौते के आधार पर लोक अदालतों में वादों का निपटारा भी किया जाता है। अधिवक्ता परिषद गरीबों और वंचितों को न्याय दिलाने के लिये अच्छा कार्य कर रही है। स्वाध्याय मंडल के माध्यम से नवीन अधिवक्ताओं को कानूनी विषयों की जानकारी दी जा रही।

बैठक की अध्यक्षता श्रीगोपाल शर्मा ने व संचालन विष्णु शर्मा ने किया। बैठक में अमरीश अग्रवाल, अरविंद कुमार, कमल कुमार, एसपी वार्ष्णेय, प्रशांत पाठक, श्यामेंद्र सिंह, सुनील कुमार सिंह, देवराज सिंह, विभोर बंसल, सचिन गोयल, सुनील कुमार सिंह, मयंक गोयल, प्रवीण गुप्ता, कविता चौहान आदि रहे।

कैंचीधाम में बाबा के दर्शन को उमड़ा जन सैलाब

नैनीताल/भवाली, अमृत विचार : बाबा नीब करौरी के आश्रम कैंचीधाम के 60वें स्थापना दिवस पर शनिवार को कैंचीधाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भवाली ही नहीं पूरा नैनीताल जिला बाबा के जयकारों से गूंज उठा।

बाबा के दर्शन के लिए कैंचीधाम में सुबह 5 बजे से भक्तों की कतार लग गई। सुबह 5:30 बजे बाबा नीब करौरी महाराज को भोग लगाने के बाद भक्तों को दर्शन की अनुमति दी गई। इसी के साथ ही मेला शुरू हो गया। कैंचीधाम से तीन-चार किमी पहले तक भक्तों की कतार लगी हुई थी। भक्तों को दर्शन के बाद मथुरा के कारीगरों द्वारा बनाया गया मालपुए का प्रसाद वितरित किया गया। कतार में लगे भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया एवं बाबा के जयकारे लगाए। मंदिर समिति के प्रबंधक प्रदीप साह ने बताया कि सुबह 5:30 बजे बाबा नीब करौरी को भोग लगाने के बाद मेला शुरू हो गया।

दंगाइयों से निपटने के लिए किया रिहर्सल

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार: आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण कराए जाने तथा दंगा नियंत्रण को लेकर पुलिस लाइन में पुलिस ने दंगा नियंत्रण का रिहर्सल किया। जिसमें अपनी ताकत दिखाई तो वही दंगाइयों से निपटने का भी पुलिस कर्मियों ने रिहर्सल किया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को हमेशा तैयार रहने के निर्देश दिए।

रिजर्व पुलिस लाइन के मैदान में एसपी कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देश में जनपद के सभी थाना प्रभारी व पुलिसकर्मियों ने दंगाइयों से निपटने के लिए रिहर्सल किया। पुलिस की दो टीमें बनाई गई एक टीम दंगाइयों की थी। जिन पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस की दूसरी टीम बनाई गई। बालवाइयों को खड़दने से लेकर घायलों को अस्पताल पहुंच जाने का रिहर्सल किया गया। वहीं बलवाइयों की गिरफ्तारी करके पुलिस जवानों ने क्षमता का प्रदर्शन किया। फोर्स के साथ भीड़ को तीतर बीतर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टियर गैस, हैंड ग्रेनेड आदि शास्त्रों का रिहर्सल किया। इस दौरान सीओ प्रशिक्षु आकांक्षा अवस्थी व प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार सहित आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में रिहर्सल के दौरान फायर करतीं सीओ प्रशिक्षु आकांक्षा अवस्थी।

- **एसपी ने पुलिसकर्मियों को हमेशा तैयार रहने के निर्देश दिए**

किशोर की चाकू से गला रेतकर हत्या, आरोपी काली नदी में कूदा

संवाददाता, पिथौरागढ़

अमृत विचार : धारचूला में नाबालिग ने किशोर की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी नेपाल भागने की फिराक में काली नदी में कूद गया। फिलहाल आरोपी का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

धारचूला के छलमा छिलासों निवासी अनुज सिस्ताल (17) पुत्र कुंदन सिस्ताल देहरादून में काम करता था। वह तीन दिन पहले धारचूला आया था और गर्ब्याल खेड़ा स्थित अपनी बुआ के घर पर रह रहा था। बताया जा रहा है कि शनिवार पूर्वाह्न आरोपी नाबालिग उसकी बुआ के घर आया और सब्जी काटने वाले चाकू से अनुज के गले में वार कर दिया। चीख सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और खून से लथपथ अनुज को अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि वारदात के समयअनुज की बुआ पास ही दुकान में गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद नाबालिग हत्यारोपी काली नदी किनारे खोतिला पहुंच गया और काली नदी में छलांग लगा दी। घटना के दो प्रत्यक्षदर्शी बच्चों ने बताया कि आरोपी ने नदी में छलांग लगाई लेकिन वह बाहर नहीं आया।

एसडीएम ने किया तालाब का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव भुलावई के ग्रामीण ने गांव के तालाब पर अन्य लोगों द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत जिलाधिकारी से की। डीएम ने गंभीरता दिखाते हुए एसडीएम को मौके पर भेजा। एसडीएम ने तालाब का निरीक्षण कर ग्रामीणों से वार्ता की। वह जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी भेजेगी।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव भुलावई निवासी ग्रामीण अनिल कुमार ने शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की। ग्रामीण ने जिलाधिकारी को बताया कि गांव के तालाब पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। कई बार शिकायत के बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पूर्व में शिकायत करने पर लेखपाल राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे व तालाब की नाप तोल करके वापस आ गए। शनिवार को शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने एसडीएम नीतू रानी को दोपहर दो बजे गांव जाकर तालाब का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। आदेश मिलने के बाद एसडीएम राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और तालाब का निरीक्षण किया। साथ ही नाप-तौल कराई और शिकायत कर्ता से भी वार्ता की। मौके पर तालाब पर कब्जा नहीं मिलने की बात कही जा रही है।

तालाब का निरीक्षण करने पहुंची एसडीएम नीतू रानी। ● अमृत विचार

> डीएम के निर्देश के बाद मैंने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। जिसमें तालाब पर अवैध कब्जे की बात सामने नहीं आई है। जांच के बाद रिपोर्ट डीएम को भेज दी जाएगी।
>
> –नीतू रानी, एसडीएम, चन्दौसी

महिला से मारपीट में चार लोगों पर रिपोर्ट

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : बच्चों के साथ घर के बाहर बैठी महिला से गाली गलौज की गई। विरोध करने पर उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ एनसीआर दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव करनावाला जब्ती निवासी गुड़िया देवी पत्नी संजय कुमाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अपने घर के बाहर बच्चों के साथ बैठी थी। तभी गांव के प्रेम सिंह, हरकेश सिंह, कौशल सिंह, धीरज सिंह ने पीड़िता से गाली गलौज की। पीड़िता ने विरोध किया तो चारों ने लाठी-डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें गुड़िया देवी पत्नी संजय कुमार को गम्भीर चोट आई है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एनडीपीएस एक्ट में दोषी को दो वर्ष पांच माह का कारावास

संवाददाता, चन्दौसी

- **अदालत ने दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है**

अमृत विचार : न्यायालय ने एक अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट के तहत दो वर्ष पांच माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोषी पर दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजन प्रेम प्रकाश मौर्य ने बताया कि चार मई 2015 को संभल कोतवाली के उपनिरीक्षक रामचंद्र सिंह रावत व कांस्टेबल प्रशांत कुमार गश्त कर रहे थे। शंकर चौराहा पर हेड कांस्टेबिल खेमपाल सिंह व कांस्टेबिल कुमार लैपर्ड ड्यूटी पर थे। तभी यह लोग गश्त करते हुए न्यायालय मुंसिफी तरफ आ रहे थे । न्यायालय परिसर के पास कब्रिस्तान के गेट के सामने से दो व्यक्ति खड़े दिखाई दिए, जो पुलिस कर्मियों को देख कब्रिस्तान की ओर बढ़ने लगे। शक होने पर दोनों को पकड़ लिया और कोतवाली ले गए। दोनों ने बताया कि उनके पास चरस है और पुलिस को देख भाग रहे थे। दोनों अपने नाम गुफरान पुत्र मन्नान कुरैशी निवासी मोहल्ला कोट पूर्वी व दूसरे ने अपना नाम मुजीब पुत्र अनीस कुरैशी निवासी हातिम सराय थाना नखासा बताया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अपनी चार्जशीट न्यायालय में पेश की गई। जहां न्यायालय ने युवक गुरफान के विरुद्ध ठोस सबूत नहीं होने पर उसे बरी कर दिया। लेकिन मुजीब को न्यायालय ने दो वर्ष पांच माह के कठोर कारावास व दो हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

सरकारी मदद लेने के लिए लगाई थी गोदाम में आग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- **गोदाम स्वामी सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

अमृत विचार : पॉलीथिन के गोदाम में लगी आग से पास के मकानों में नुकसान होने पर पड़ोसियों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि सरकारी मदद लेने के उद्देश्य से गोदाम स्वामी ने खुद ही आग लगाई। जिसमें पास घरों को भी आग से भारी नुकसान पहुंचा। कोतवाली पुलिस ने गोदाम स्वामी व उसके दो पुत्रों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुरुवार को नगर के सुरजननगर मार्ग स्थित प्लास्टिक के गोदाम में आग लग गई थी। आग की चपेट में आसपास के कई घर भी आ गए थे और कई पशु भी झुलस गए थे। इन मकानों की लिंटर, दीवारें, टाइल्स और खिड़की-दरवाजों पर लगे शीशे क्षतिग्रस्त हो गए थे। आग से घरों में रखा सामान नष्ट हो गया था। इस मामले में गोदाम के पास रहने वाले रिजवान पुत्र अशरफ अली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गोदाम स्वामी पूर्व प्रधान फरयाद उर्फ बबलू पुत्र रफीक निवासी रामनगर खागुवाला पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह गोदाम अवैध रूप से आबादी क्षेत्र में बनाया गया है। गोदाम स्वामी व उसके पुत्रों फैसल व शाने आलम ने सरकारी मदद पाने के लिए खुद अपने गोदाम को आग लगाई गई है। पांच वर्ष पहले भी गोदाम में आग लगाई थी। उस समय भी उनके मकान में भारी नुकसान हुआ था, लेकिन अब तक कोई भी मुआवजा या आर्थिक मदद नहीं मिली।

किसान को खेत में सांड़ ने पटक कर मार डाला

दातागंज (बदायूं), अमृत विचार : खेत पर फसल की रखवाली कर रहे किसान पर सांड़ ने हमला कर दिया। सांड के हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान को दातागंज सीएचसी पर भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान किसान ने दम तोड़ दिया। किसान की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सिमरी बोरा निवासी अतर पाल (55) पुत्र सूबेदार शनिवार को अपने खेत पर मक्का की फसल की रखवाली कर रहे थे। दोपहर करीब दो बजे सांड़ खेत में घुस गया। किसान ने सांड़ को दौड़ाना चाहा, लेकिन सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। सांड के हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास खेतों में मौजूद ग्रामीणों ने सांड़ को भगाकर किसान को बचाया। ग्रामीणों उसे बेहोशी की हालत में सीएचसी दातागंज में भर्ती करा दिया।

बिजली का शेड्यूल बदलवाने के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- **ट्यूबवेलों पर महज चार से पांच घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही**

अमृत विचार : क्षेत्र के किसानों ने सिंचाई के लिए ट्यूबवेलों तथा देहात में हो रही बिजली कटौती को रुकवाने तथा विद्युत शेड्यूल बदलवाने को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

नगर व देहात क्षेत्रों में सिंचाई के लिए खेतों में लगे ट्यूबवेलों पर महज चार से पांच घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। किसान विद्युत आपूर्ति के इंतजार में गर्मी में खेतों में रह रहे हैं और उसके बावजूद भी सिंचाई में असमर्थ हैं। किसानों की फसलें सिंचाई के अभाव में सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। देहात क्षेत्रो में भी विद्युत कटौती जमकर की जा रही है। इससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। ग्रामीण एवं किसान विद्युत विभाग के अधिकारियों से लगातार शिकायत कर रहे हैं। लेकिन कोई भी अधिकारी या कर्मचारी विद्युत आपूर्ति में सुधार करने के लिए तैयार नहीं है। ट्रिपिंग व लो वोल्टेज भी लोगों की परेशानी का सबब बना है। किसानों ने मांग की है कि सिंचाई के लिए ट्यूबवलों पर विद्युत शेड्यूल में परिवर्तन कर शाम 5 से सुबह 8 बजे तक आपूर्ति की जाए व देहात क्षेत्रो में आबादी के लिए की जाने वाली विद्युत आपूर्ति में कटौती बंद की जाए तथा बढे.हुए विद्युत बिलों को सही करवाया जाए। इस दौरान सरदार निरवैर सिंह, अर्जुन सिंह, सुरेंद्र सिंह, बलराम सिंह, पंकज चौहान, मनोज कुमार, आदेश सिंह, मनोहरी सिंह, भीम सिंह आदि मौजूद रहे।

बिना लाइफ जैकेट के नौकायन कर रहे पर्यटक

नैनीताल, अमृत विचार : नैनीझील में बीते कुछ दिनों पहले पाल नौका के पलटने की घटना के बाद भी प्रतिदिन लोग बिना लाइफ जैकेट के नैनीझील में नौकायन करते देखे जा रहे हैं।

सम्बन्ध-विच्छेद

मेरा पुत्र लईक उर्फ समीर गलत संगत में पड़ गया है और उसने बिना मेरी मर्जी के नजमा पुत्री बाबू से कोर्ट मैरिज कर ली है। वह आय दिन मेरे व मेरे परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करता रहता है। जिस कारण मैंने व मेरे परिवार ने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कुकृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। जरीफ पुत्र भूरे निवासी ग्राम जैतिया सादुल्लापुर पो. ऊंचागांव तह. व जिला मुरादाबाद।

नाम-परिवर्तन

मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम DANISH SULAIMAN पुत्र MOHAMMAD SULAIMAN है जोकि गलत है। मेरा सही नाम DANISH SULEMAN पुत्र MOHD SULEMAN है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। निवासी कंकर वाला कुआं हसनपुर।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

लखनऊ के एआरएम अयोध्या के आरएम पर हुई कार्रवाई

लखनऊ, अमृत विचार : नियमों की अनदेखी, मनमाने ढंग से कार्य, आदेशों की अवेहलना और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिए जाने को लेकर परिवहन निगम के एमडी ने रोडवेज के दो अधिकारियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की है। एमडी मासूम अली सरवर ने लखनऊ के कैसरबाग बस स्टेशन के एआरएम (सहायक क्षेत्र प्रबंधक) और अयोध्या डिपो के आरएम (क्षेत्र प्रबंधक) पर कार्रवाई की और इसके आदेश जारी कर दिए हैं। कैसरबाग डिपो के एआरएम अरविंद कुमार को मनमाने ढंग से कार्य करने के लिए परनिन्दा प्रविष्टि दी गई है जबकि अयोध्या डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन को नियम विरुद्ध कार्य करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के साथ ही दायित्वों का निर्वहन न करने के लिए उनकी एक वर्ष की वार्षिक वेतन वृद्धि को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है।

भ्रष्ट, लापरवाह पुलिसकर्मियों पर सरकार सख्त

एक पखवाड़े में 150 लोगों पर कार्रवाई-आगरा, सीतापुर व गाजियाबाद में हुई सर्वाधिक

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : चुनाव बाद प्रदेश सरकार एक्शन में है। अपराधियों के सफाए के साथ-साथ उन पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है, जिनको लेकर भ्रष्टाचार और लापरवाही की सूचनाएं मिल रही हैं। एक पखवाड़े में 150 पुलिस कर्मियों के खिलाफ निलंबन, लाइन हाजिर जैसी कार्रवाई की गई है। सर्वाधिक कार्रवाई आगरा और गाजियाबाद कमिश्नरेट में की गई है। उधर, मुख्यमंत्री की मंशा को देखते हुए अन्य जिलों में भी भ्रष्ट पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी जारी है।

सबसे बड़ी कार्रवाई आगरा कमिश्नरेट में हुई। यहां पर सत्यापन के नाम पर रिश्वत मांगने पर पुलिस कमिश्नर ने 65 पुलिस कर्मियों को एक साथ निलंबित कर दिया। सत्यापन में रिश्वत मांगने की जानकारी प्राप्त करने के लिए कमिश्नर ने बाकायदा टीम गठित की थी। आगरा में की गई कार्रवाई की गूंज राजधानी लखनऊ तक पहुंची है।

इसी क्रम में गाजियाबाद कमिश्नर ने लापरवाही एवं भ्रष्टाचार करने के आरोप में दो एसएचओ और 11 दरोगाओं को लाइन हाजिर कर दिया। इन पुलिस कार्मिकों के खिलाफ लगातार सूचनाएं कमिश्नर कार्यालय को प्राप्त हो रही थी। पुलिस कार्मिकों में लापरवाही और सरकारी आदेशों के पालन में शिथिलता को देखते हुए सीतापुर पुलिस अधीक्षक ने 44 पुलिस कार्मिकों को लाइन हाजिर कर दिया। यह कार्रवाई चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद की गई है। कार्रवाई के बाद यहां पुलिस महकमें में हलचल मची हुई है। लखनऊ में निजी बस चालक और कंडक्टर की पिटाई करने के आरोप में पुलिस कमिश्नर ने एक ही थाने के पांच पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। इस मामले का संज्ञान मानवाधिकार आयोग ने लिया था। वहीं भ्रष्टाचार और लापरवाही की छिटपुट घटनाओं में पूरे प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में मिलाकर करीब 25 एसएचओ निलंबित और लाइन हाजिर किए जा चुके हैं। सभी कार्रवाइयां जिलों में तैनात विभागाध्यक्ष ही कर रहे हैं।

भ्रष्टाचार और लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीजीपी

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। भ्रष्टाचार करने पर किसी भी पुलिस कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि थानों से जिला मुख्यालयों तक प्रत्येक फरियादी को सुना जाए और न्याय दिया जाए। शिकायत मिलने पर उच्चाधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

माफिया के खिलाफ जारी रखें सख्त कार्रवाई: योगी

गोरखपुर, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस अधिकारी माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखें। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति बरकरार रहनी चाहिए। उन्होंने पुलिस पैट्रोलिंग व फुट पैट्रोलिंग बढ़ाने और पीआरवी का रिस्पांस टाइम और उत्कृष्ट करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शनिवार को गोरखपुर स्थित एनेक्सी भवन में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट ली जाय। हर प्रोजेक्ट के वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर माह में एक बार बैठक की जाय।

राज्य अतिथि गृह में मृत मिले योग प्रवक्ता

लखनऊ, अमृत विचार : मोरारजी देसाई योग इंस्टीट्यूट नई दिल्ली के योग प्रवक्ता डॉ. गुरुदेव (44) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार को उनका शव मीराबाई मार्ग स्थित राज्य अतिथि गृह सरयू के कमरा नंबर 23 के बिस्तर परअर्धनग्न पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस व सिविल अस्पताल के चिकित्सकों को आशंका है कि हृदयाघात से मौत हुई। एसीपी हजरतगंज अरविंद कुमार ने बताया कि दिल्ली के लक्ष्मीनगर निवासी डॉ. गुरुदेव दिल्ली के मोरारजी देसाई योग इंस्टीट्यूट में योग प्रवक्ता थे। वह बाजारखाला के टूड़ियागंज स्थित राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में होने वाले योग कार्यक्रम में व्याख्यान देने के लिए शामिल होने आए थे। वह शुक्रवार शाम करीब 7 बजे राज्य अतिथि गृह सरयू पहुंचे।

बब्बर शेर की जोड़ी को योगी ने कराया चिड़ियाघर के बाड़े में प्रवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, गोरखपुर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) में बब्बर शेर भरत व शेरनी गौरी को बाड़े में प्रवेश कराया। इन दोनों दुर्लभ वन्य जीवों को मई के अंतिम सप्ताह में इटावा लायन सफारी से लाया गया था। इन्हें बाड़े में छोड़े जाने के बाद अब चिड़ियाघर आने वाले दर्शक बब्बर शेर की इस जोड़ी का दीदार कर सकेंगे।

बब्बर शेर की जोड़ी चिड़ियाघर में छोड़ने के दौरान मुख्यमंत्री के साथ वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने यहां चिड़ियाघर के निदेशक व डीएफओ विकास यादव से दोनों शेरों के बारे में जानकारी ली। शेर के बाड़े के समीप हरिशंकरी पौधे का रोपण कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। साथ ही, तैल चित्रों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री चिड़ियाघर के भ्रमण के दौरान गैंडों की जोड़ी हरि और गौरी के बाड़े के पास पहुंचे और अपने हाथों से दोनों को चारा खिलाया। वह हिमालयन भालू बिल्लू के बाड़े पर भी पहुंचे। उसे आवाज देकर बुलाया। गर्मी से परेशान इस भालू को उन्होंने आइसक्रीम, बर्फ का गोला व शहद खिलाया। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन देवरिया बाईपास फोरलेन, नाला व तारामंडल क्षेत्र के सड़क व नाले का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

शक्ति होगा लखीमपुर से आए बाघ का नाम

चिड़ियाघर भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने लखीमपुर के जंगल से लाए गए बाघ का नामकरण किया। बाघ का नाम उन्होंने 'शक्ति' रखा। मुख्यमंत्री ने यहां बस्ती जिले से आए बच्चों से मुलाकात की, बच्चों से संवाद कर उन्हें आशीर्वाद दिया, चॉकलेट भी गिफ्ट की।

सउदी अरब में दुश्वारियां झेल रहे हजयात्री: मंसूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हज कमेटी पर लगाया आरोप

अमृत विचार : पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने हज कमेटी ऑफ इंडिया और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय पर गंभीर आरोप लगाया गया है। शनिवार को लखनऊ में प्रेस वार्ता कर उन्होंने बताया कि देश भर के हज यात्री सउदी अरब में दुश्वारियां झेल रहे हैं। उन्हें ठहरने के लिए होटल तो दूर टेंट की सुविधा भी नहीं मिल रही। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

अनीस मंसूरी ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय और हज कमेटी ऑफ इंडिया पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिन धर्मगुरुओं ने हवाई अड्डे पर हजयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है वह इस मुद्दे पर बिलकुल खामोश हैं। सऊदी अरब में हज यात्रियों की दुश्वारियों के वीडियो वायरल हो रहे हैं। 22 जून से हज यात्रियों की वापसी शुरू होगी। एयरपोर्ट पर कोई धर्मगुरु हजयात्रियों के स्वागत के लिए पहुंचा तो पसमांदा मुसलमान उनका विरोध करेंगे। मंसूरी ने कहा कि गुरुवार से हज के अरकान शुरू हो गए हैं।

अनीस मंसूरी ने बताया कि पिछले साल के हाजियों की परेशानियों को देखते हुए सऊदी हुकूमत ने हरजाने के रूप में 30 मिलियन रियाल (लगभग 67 करोड़ रुपये) बांटने को दिए थे, लेकिन किसी भी हाजी को वो रकम नहीं बांटी गई। वह पैसा कहां गया इस मामले की भी जांच होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

दहेज की खातिर महिला का सिर मूंडकर घर से निकाला

तिर्वा-कन्नौज, अमृत विचार: दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता का उत्पीड़न करने की ससुराल वालों ने पराकाष्ठा कर दी। उसका सिर मुंडवा कर घर से निकाल दिया। मामला एसपी के सामने पहुंचा तो पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। सदर कोतवाली के नसरापुर गांव निवासी लक्ष्मी पत्नी सुंदरलाल ने एसपी को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज देकर उसकी शादी 2018 में संदीप के साथ की थी। शादी के कुछ दिनो बाद पति संदीप, ससुर रामसेवक, सास रामलक्ष्मी, जेठानी कुसुमा देवी, देवर कुलदीप दहेज में दो लाख रुपया और एक बाइक की मांग करने लगे। उसने अपने पिता से यह बात कही। पिता ने असमर्थता जताई तो ससुरालीजन उत्पीड़न करने लगे। मांग पूरी न हुई तो 8 जून को मारपीट करने के साथ उसके बाल मुंडवाकर उसे घर से निकाल दिया।

नैनीताल बैंक कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: नैनीताल बैंक का विनिवेश कर प्राइवेट हाथों में दिए जाने के विरोध में नैनीताल बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शनिवार को एक दिवसीय हड़ताल की। बैंक की समस्त शाखाएं और कार्यालय बंद रहे। बैंक ऑफ़ बड़ौदा प्रबंधन की सद्बुद्धि के लिए प्रधान कार्यालय नैनीताल में हवन भी किया गया। साथ ही मैनेजिंग डायरेक्टर एवम सीईओ निखिल मोहन को ज्ञापन सौंपा गया।

नैनीताल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री पीयूष पयाल ने बताया कि नैनीताल बैंक 1922 में स्थापित एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक है, जो एक सदी से भी अधिक समय से उत्तराखंड राज्य के विकास से जुड़ा हुआ है। नैनीताल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा के स्वामित्व वाला बैंक है जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा 98.57% हिस्सेदारी रखता है। वर्ष 2018 से ही बैंक ऑफ बड़ौदा नैनीताल बैंक के विनिवेश के नाम पर प्राइवेट हाथों में देने की कोशिश कर रहा है। 2018 में नैनीताल बैंक ऑफिसर्स इससे नैनीताल बैंक के कर्मचारी सेवा शर्तों के परिवर्तित होने को लेकर चिंतित हैं। एसोसिएशन ने कहा कि कर्मचारियों और अधिकारियों के भविष्य से खिलवाड़ बंद हो।

हजरतगंज स्थित नैनीताल बैंक के बाहर प्रदर्शन करते अधिकारी व कर्मचारी।

- बैंक के निजी हाथों में बेचने का किया विरोध

वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का होगा सोशल आडिट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का सोशल आडिट होगा। समाज कल्याण विभाग पहली बार बड़े पैमाने पर अपनी इन दोनों योजनाओं का सोशल आडिट कराने जा रहा है।

सोशल आडिट के जरिए विभाग अपनी दोनों योजनाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू होगा। इसकी रिपोर्ट के आधार पर विभाग दोनों योजनाओं में जुड़े अपात्र लाभार्थियों को बाहर करेगा वहीं वंचित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ेगा। सरकारी योजनाओं का सोशल आडिट, सोशल आडिट निदेशालय द्वारा अपनी टीमों से करवाया जाता है। पहली बार समाज कल्याण विभाग ने सोशल आडिट की सूची में अपनी दो योजनाओं (वृद्धावस्था पेंशन योजना और पारिवारिक लाभ योजना) को जुड़वाया है। समाज कल्याण निदेशालय के एक अधिकारी के मुताबिक आडिट का काम 13 जून 2024 से शुरू हो चुका है।

बरेली, मुरादाबाद सहित 30 जिलों में होगा आडिट

वृद्धावस्था पेंशन और पारिवारिक लाभ योजना का सोशल आडिट यूपी के 30 जिलों में होगा। इनमें सभी 18 मंडल मुख्यालय के जिलों के साथ आठ आकांक्षी जिलों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही चार उन जिलों में भी सोशल आडिट कराया जा रहा है, जहां इन योजनाओं के सबसे अधिक लाभार्थी हैं। इन जिलों में अलीगढ़, आगरा, आजमगढ़, प्रयागराज, कानपुर, गोरखपुर, चित्रकूट, झांसी, गोंडा, अयोध्या, बरेली, बस्ती, मुरादाबाद, मेरठ, लखनऊ, वाराणसी, मीरजापुर, सहारनपुर के साथ फतेहपुर, प्रतापगढ़, कुशीनगर, बांदा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, अम्बेडकरनगर, सिद्धार्थनगर, जौनपुर, चंदौली और सोनभद्र हैं। निदेशालय के मुताबिक सोशल आडिट की टीमें जिलों में एक दिन में एक गांव की जमीनी हकीकत की पड़ताल करेंगे। एक-एक लाभार्थी से मुलाकात कर उनका पूरा ब्योरा जुटाएंगे।

प्रदेश में उद्योगों के लिए हैं विश्वस्तरीय सुविधाएं

इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कान्क्लेव में विदेशी प्रतिनिधियों ने माना उत्तर प्रदेश व्यापार की नई राह खोलेगा

अमृत विचार : अब उप्र. में निवेश का बेहतर माहौल है। कारोबार और उद्योगों को बढ़ाने के लिए प्रदेश अब व्यापारियों के लिए सर्वोत्तम जगह बन चुका है। प्रांत वन ट्रिलियन एकोनॉमी की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में विदेश से आए प्रतिनिधि बिना किसी चिंता के प्रदेश में निवेश कर सकते हैं।

प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार को यह बातें होटल क्लार्क्स अवध में आयोजित उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव में कहीं। कहा कि अब यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं हैं। हवाई अड्डों की बढ़ती श्रृंखला है। बेहतर सड़कें और स्वास्थ्य सुविधाएं हैं।यहां कानून-व्यवस्था भी उत्तम है। ऐसे में आप लोग प्रदेश में कारोबार के लिए निवेश करें। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्जवलन कर दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने आए हुए विदेशी प्रतिनिधियों का सम्मान किया। इस मौके पर लखनऊ उत्तर क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा भी मौजूद रहे। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि हम वैश्विक व्यापार के नए युग की ओर बढ़ रहे हैं। कान्क्लेव में विदेशी प्रतिनिधियों ने माना कि यूपी व्यापार की नई राह खोलेगा। कान्क्लेव में कृषि, कपड़ा और हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण, नवीकरणीय ऊर्जा और जल विद्युत, बुनियादी ढांचा, फार्मा और रसायन, खनन, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में निवेश करने की बात सामने आई।

कारोबार कराएगा श्रीलंका से रिश्ते प्रगाढ़ : श्रीलंका के हाई कमिश्नर सेनुका धीरेनी सेनेवी रत्ने ने पुराने रिश्तों की दुहाई दी। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा श्रीलंका के साथ व्यापारिक रिश्तों के प्राथमिकता दी है। हम इसका स्वागत करते हैं। कारोबारी रिश्तों को और प्रगाढ़ करने पर बल दिया। इस कान्क्लेव में 25 देशों के राजदूतों और अन्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभी देशों के प्रतिनिधियों ने प्रदेश में व्यापार करने की इच्छा जताई और निवेश के लिए आश्वस्त किया। कान्क्लेव में विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने देश के आयात-निर्यात के अवसरों के बारे में जानकारी साझा की। ईरान से आए राजदूत इराज इलाही ने इस आयोजन से उत्तर प्रदेश में व्यापार की राह आसान होगी और व्यापार के नए अवसर खुलेंगे।

द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने का यह शुभ अवसर

एसोसिएट चैंबर के अध्यक्ष ई. डीपी सिंह ने कहा कि उद्योगों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह है एक महत्वपूर्ण पल व शुभ अवसर है। सचिव रमेश मलहोत्रा ने कारोबार के लिए उत्तम मार्ग प्रशस्त किए जाने पर बल दिया। इस दौरान मनीष ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव-2024 के माध्यम से कारोबारी दिग्गज और हितधारकों को मंच उपलब्ध कराया गया। सभी उपस्थित देशों को उप्र. में आयात निर्यात से संबंधित सभी विषयों पर आश्वासन दिया गया। ऐसे आयोजन से घरेलू उद्योग और विदेशी कंपनियों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

इन देशों के प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा

म्यामांर, लेसोथो, सेशेल्स, इथियोपिया, ईरान, उजबेकिस्तान, सूरीनाम, क्यूबा, केन्या, अल सल्वाडोर, मंगोलिया, इक्वाडोर, श्रीलंका, फिजी, वियतनाम, पेरू, मॉरीशस, जांबिया, तजाकिस्तान, लाओस पीडीआर, रिपब्लिक ऑफ कांगो, घाना, चाड, इंडोनेशिया, मालदीव, ऑस्ट्रिया, यूगांडा, रवांडा आदि देशों के राजदूत, ट्रेड काउंसलर, हाई कमिश्नर, इकॉनोमिक काउंसलर, प्रथम सचिव समेत कई बिजनेसमैन पहले दिन के आयोजन में मौजूद रहे।

एक क्लिक पर बोलकर भी पढ़ाएंगी ब्रेल लिपि की किताबें

लखनऊ, अमृत विचार : अब देखने में अक्षम छात्रों को पढ़ाने के लिए एक खास साफ्टवेयर तैयार किया गया है। ब्रेल लिपि की किताबों को इससे जोड़कर एक क्लिक पर वो बोलने लगेंगी। इससे उनके पढ़ाई की राह आसान हो जाएगी। यह सॉफ्टवेयर डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय द्वारा बनाया गया है। दिव्यांग छात्रों को ये किताबें 146 विदेशी भाषाओं को सुनाने और पढ़ाने का कार्य करेगी। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने बताया कि पुनर्वास विवि ने ब्रेल जॉज सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इस सॉफ्टवेयर को ब्रेल लिपि से जुड़ी पुस्तकों में जोड़ दिया गया है। संबंधित छात्र को जिस विषय की जानकारी करनी होती है, उस पर क्लिक करते ही पुस्तक लेख को रूपांतरित कर सुनाने और पढ़ाने दोनों का कार्य करने लगती है।

वर्ग पहेली-102

बाएं से दाएं

1. मुंह से थूक या रखी वस्तु को निकालना।
2. 1. तले हुए मांस के टुकड़े 2. मांस के कीमे का बना हुआ कबाब 3. मछली की टिकिया 4. उबले आलू में प्याज़
4. किसी भारी
6. चेहरे पर होने वाली फुंसी या फुड़िया, मुंहासा।
9. बूढ़े होने की अवस्था या भाव, वृद्धावस्था, बुढ़ापा।

ऊपर से नीचे

2. 1. अलमारी 2. आधरण, फलक 3. धानी।
3. 1. आय-व्यय का हिसाब 2. स्थिति का आकलन।
5. 1. बढ़ने की क्रिया या भाव 2. दाम या मूल्य में बढ़त, वृद्धि 3. विस्तार, फैलाव।
6. शत्रु का नाश करने वाला, शत्रुनाशक।
7. गंगा नदी का जल, गंगाजल, गंगोदक, ब्रह्मद्रव।
8. 1. सिर के बाल जो लपेटकर गोलाई में बांधे गए हों, खोपा, जूट 2. मूंज का पूला 4. कलगी।



वर्ग पहेली-101 का हल

1 अं	दु	■	■	2 सं	पु	3 ट
■	■	4 व	■	पो	■	ख
5 मिं	6 ब	र	■	ष	■	ना
■	7 हि	म	क	ण	■	■
■	रं	■	■	■	■	8 ठ
9 मु	ग	ल	ई	■	■	ह
■	■	■	■	10 फ़	सा	ना

सुडोकू-15

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9		2			4			1
8		7				5		
	3				7			4
		4			5	7	2	9
			3		8			
5	1	6	7			8		
4			9				3	
		5				6		7
7			2			4		8

सुडोकू-14 का हल

3	7	9	6	2	4	5	1	8
5	4	8	7	1	3	2	6	9
6	1	2	9	8	5	7	4	3
8	9	5	1	4	6	3	7	2
1	3	7	2	5	9	6	8	4
2	6	4	8	3	7	9	5	1
7	8	1	5	9	2	4	3	6
9	5	3	4	6	8	1	2	7
4	2	6	3	7	1	8	9	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 17 जून 04.43 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 11.13 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज आप रुके हुए कार्यों को लेकर चिंतित हो सकते हैं और उसे शीघ्र पूरा करने की कोशिश करेंगे। भाई-बहनों को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। शाम को मित्रों के साथ अच्छा समय बिताने की योजना बना सकते हैं।

वृष — आज संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। किसी सामान्य बात को ज्यादा गंभीरता से न लें। सिरदर्द की समस्या हो सकती है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं। बड़े भाई-बहन को लेकर चिंता रहेगी।

मिथुन — आज संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर विवाद बढ़ने की आशंका है। ऊंचाई वाले स्थानों से आपको दूर रहना चाहिए। आप परिवार के साथ समय बिताना पसंद करेंगे, लेकिन कुछ कारणों से आपका मन व्यथित हो सकता है।

कर्क — आज व्यवसाय से जुड़े लोग अपनी मशीनों और उपकरणों के रखरखाव में धन खर्च कर सकते हैं। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। आपराधिक छवि वाले लोगों को अपना मित्र न बनाएं। आप अपने काम को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

सिंह — आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर अनर्गल आरोप लगा सकते हैं। नशे और धूम्रपान आदि से पूरी तरह दूरी बना लें। अपनी योग्यता को लेकर आप कुछ सशंकित हो सकते हैं। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से आपके संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

कन्या — आज आपको व्यवसाय में काफी ज्यादा ध्यान देना चाहिए। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को अपेक्षित सफलता मिल सकती है। पैरों में ऐंठन और दर्द की शिकायत हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा, लेकिन आपकी गलतियों को लोग देख रहे हैं।

तुला — आज इसे लेकर आप काफी निराश हो सकते हैं, किंतु आपको कुछ शुभचिंतकों द्वारा उत्तम सलाह मिल सकती है जिसके माध्यम से आप भविष्य काफी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आप अपनी कार्यशैली से संतुष्ट नहीं रहेंगे।

वृश्चिक — आज अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे जिसके कारण आपके विषय में लोग काफी अच्छी राय रखेंगे। विदेश से जॉब के प्रस्ताव मिल सकते हैं। कारोबारी संबंधी में वृद्धि होगी। इससे आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

धनु — आज पुराने ऋण को आप चुकाने की कोशिश करेंगे। विवादों के निपटारा करने से आपका मनोबल बढ़ेगा। नए गृहोपयोगी सामान खरीद सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को अपने ग्राहकों की सुविधा का ध्यान रखना चाहिए।

मकर — आज जॉब में उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। कारोबार को लेकर नई योजना पर काम कर सकते हैं। सहयोगियों पर ज्यादा निर्भर न रहें। आपको कुछ शुभ सूचनाएं मिल सकती है।

कुंभ — आज आपको बहुत महत्वपूर्ण कार्य शुरू नहीं करने चाहिए। यात्रा के दौरान अनावश्यक चर्चाओं और बहस से दूरी बनाकर रखें। शाम को धर्म-कर्म में सम्मिलित हो सकते हैं। मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे। इसके कारण आप चिड़चिड़े भी हो सकते हैं।

मीन — आज कुछ लोग आपसे उधार धन की अपेक्षा रख सकते हैं। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बनाकर रखें। घर पर नकारात्मक लोगों के विषय में चर्चा न करें। नींद भरपूर मात्रा में लें। वैचारिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। भविष्य के कार्यों को लेकर आप योजना बना सकते हैं।

आज की फिल्में

औलाद — दोपहर : 12.00
देवता — रात : 08.15
सत्यप्रेम की कथा — सुबह : 11.19
कृष — रात : 07.30

ब्राइटबर्न — सुबह : 10.03
स्पाइडर-मैन : नो वे होम — रात : 09.00
हीरो — सुबह : 11.30
कड़क सिंह — रात : 08.00
बेटिंग राजा — दोपहर : 12.04
टाइगर नागेश्वर राव — रात : 08.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुमने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा- यार धोखा हो गया धोखा एक दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू- यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

दुश्मन ताकतों को कर दिया जाएगा नाकाम : स्वैन

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक बोले-आतंकियों के आका सीमा पार से चला रहे हैं अपनी दुकानें

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर.आर. स्वैन ने शनिवार को कहा कि राज्य में हाल की आतंकी घटनाएं सीमा पार बैठे आतकवादियों के आकाओं द्वारा कश्मीर में आतंकी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचने के बाद अपनी गतिविधियों को चालू रखने की हताशा भरी कोशिश थी। उन्होंने कहा कि दुश्मन ताकतों को नाकाम कर दिया जाएगा।

डीजीपी ने लोगों से अनुरोध किया कि वे "छलावे" में न आएं और आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में सूचना को सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा करने से पहले उसकी जांच कर लें, ताकि "हम वहीं रहें जहां हमें होना चाहिए"। आतंकवादियों ने नौ से 12 जून के बीच रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में एक तीर्थयात्री बस सहित चार स्थानों पर हमले किये, जिनमें नौ लोगों और एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गए। कठुआ में हुई मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए। प्रदेश के पुलिस प्रमुख ने कहा-जब आप किसी खतरे या चुनौती के बारे में बात करते हैं, तो आप देखते हैं कि यह कितना गंभीर या बड़ा है। चुनौती सीमा पार से आ रही है और उन्होंने (आतंकवादियों ने) यह निर्णय लिया है कि वे इसे जारी रखेंगे। उन्होंने कहा-उन्हें पता चल गया है कि (जम्मू-कश्मीर में) आतंकवाद के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं, क्योंकि कश्मीर में आतंकी ढांचे को बहुत बड़ा झटका लगा है। जिनकी रोजी-रोटी और ऐशो-आराम इसी से चलता है, वे इसे इतनी आसानी से कैसे छोड़ सकते हैं? डीजीपी ने कहा-आतंकियों के आका सीमा पार बैठे हैं और अपनी दुकानें चला रहे हैं। वे अपनी दुकानें चालू रखने के लिए वे उन्हें (विदेशी भाड़े के आतंकियों को) यहां भेजते हैं।

वह कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर के सैदा सुखल गांव के दौरे से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे, जहां मंगलवार और बुधवार को 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया।

गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति की करेंगे समीक्षा

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर रविवार को सुरक्षा स्थिति का जायजा लेंगे। उनके आतंकवाद रोधी अभियानों को तेज करने के लिए अधिकारियों को व्यापक दिशानिर्देश देने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्री 29 जून से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसी प्रकार की एक बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, अगले सेना प्रमुख के तौर पर नामित लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आर आर स्वैन और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।

नई दिल्ली में चल रहे जल संकट के खिलाफ शनिवार को मटका फोड़ विरोध-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने मिट्टी के बर्तन ले जाकर आक्रोश जताया। ● एजेंसी

एक नजर

सूरत के एक घर मृत पाए गए चार लोगों में तीन बहनें शामिल

सूरत। गुजरात के सूरत शहर में एक फ्लैट में मृत पाये गए चार लागों में 58 वर्षीय महिला, उसकी दो बहनें और बहनोई शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया, गैस चालित गीजर चालू रहने के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई। लेकिन पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आर पी बरोट ने कहा कि मौत के सटीक कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सुबह करीब नौ बजे शवों के बारे में सूचना दी गई। अधिकारी ने बताया कि फ्लैट की मालकिन जसुबेन वधेल(58), उनकी बहनें शांताबेन वधेल (53) और गौरीबेन मेवाड (55) और गौरीबेन के पति हीराभाई (60) के शव मिले हैं।

भारत-पाक सीमा पर ड्रोन-हेरोइन बरामद

चंडीगढ़। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक खेत से एक ड्रोन और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। अर्धसैनिक बल के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद बीएसएफ और पंजाब पुलिस के जवानों ने शुक्रवार रात तलाशी अभियान को अंजाम दिया।

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने इंदिरा गांधी को बताया मदर ऑफ इंडिया

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

● भाजपा नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक करार दिया

केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया करार दिया वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। भाजपा के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ई.के. नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया।

गोपी यहां पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे। दिलचस्प बात है कि सुरेश गोपी ने करुणाकरण के बेटे एवं कांग्रेस नेता के मुरलीधरन को त्रिशूर लोकसभा क्षेत्र से हराया है। मुरलीधरन 26 अप्रैल के चुनावों में त्रिकोणीय मुकाबले में तीसरे स्थान पर रहे थे। भाजपा नेता ने मीडियाकर्मियों से करुणाकरण स्मारक के उनके दौरे का कोई भी राजनीतिक मतलब नहीं निकालने का आग्रह करते हुए कहा कि वह यहां अपने गुरु को श्रद्धांजलि देने आए हैं। उन्होंने कहा कि नयनार और उनकी पत्नी शारदा टीचर की तरह उनके करुणाकरण और उनकी पत्नी कल्याणीकुट्टी अम्मा के साथ भी घनिष्ठ संबंध थे। वह 12 जून को कन्नूर में नयनार के घर भी गये थे। गोपी ने कहा कि वह इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया मानते हैं, जबकि करुणाकरण उनके लिए राज्य में कांग्रेस पार्टी के पिता थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि करुणाकरण को केरल में कांग्रेस का पिता बताना दक्षिणी राज्य की सबसे पुरानी पार्टी के संस्थापकों या सह-संस्थापकों के प्रति कोई अनादर नहीं है।

अभिनेता से नेता बने सिंह ने कांग्रेस के दिग्गज नेता की प्रशासनिक क्षमताओं की भी सराहना की और उन्हें अपनी पीढ़ी का साहसी प्रशासक करार दिया। सुरेश गोपी ने कहा कि हालांकि उन्होंने 2019 में भी मुरली मंदिर जाने की इच्छा व्यक्त की थी, लेकिन दिग्गज नेता की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल ने राजनीतिक कारणों से उन्हें हतोत्साहित किया। वेणुगोपाल हाल ही में भाजपा में शामिल हो गई हैं।

केरल मोटर वाहन विभाग ने यूट्यबर का निरस्त किया ड्राइविंग लाइसेंस

अलप्पुझा। केरल मोटर वाहन विभाग (एमवीडी) ने एक यूट्यूबर का ड्राइविंग लाइसेंस शनिवार को रद कर दिया, जिसने हाल ही में एक जोखिम भरे स्टंट करने के प्रयास के तहत एक चलती कार के अंदर अस्थायी स्विमिंग पूल बनाया था। अलप्पुझा आरटीओ (प्रवर्तन) ने संजू टीएस का लाइसेंस रद्द कर दिया, जो संजू टेकी नाम से जाना जाता है, जिसने कथित तौर पर एक लोकप्रिय मलयालम फिल्म से प्रेरित होकर तिरपाल शीट के साथ एक कार के अंदर एक अस्थायी स्विमिंग पूल बनाया था। अलप्पुझा आरटीओ आर रमणन ने कहा कि इस तरह के कई यातायात उल्लंघन पाए जाने के बाद कड़ी कार्रवाई की गई थी।

17 को सीआईडी के समक्ष पेश होंगे : येदियुरप्पा

बेंगलुरु ,एजेंसी

पॉक्सो माम ले का सामना कर रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुर प्पा शनिवार को बेंगलुरु लौट आए और कहा कि वह पूछताछ के लिए 17 जून को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के समक्ष पेश होंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा सीआईडी को पॉक्सो मा मले के संबंध में उन्हें गि रफ्तार करने से रोके जाने के एक दिन बाद लौटे। उच्च न्यायालय ने येदियुरप्पा को मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने भी का निर्देश दिया। येदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा-मैं पहले से तय कार्यक्रम के लिए दिल्ली गया था। मैंने पहले ही लिखित में सूचित कर दिया था कि मैं 17 जून को पूछताछ के लिए उपस्थित होऊंगा। उच्च न्यायालय ने सीआईडी को (गिरफ्तारी से) रोकने का आदेश दिया है। मैं सोमवार को जांच के लिए उपस्थित हो रहा हूं।

मध्य प्रदेश में मां को अपशब्द कहने पर नाराज पोते ने की दादी की हत्या

सिवनी, (मप्र) एजेंसी

● कुल्हाड़ी से वार कर वाददात को दिया अंजाम

● अन्य घटना में बेटे ने पिता को पीट पीटकर मार डाला

मध्य प्रदेश में सिवनी के एक गांव में मां को अपशब्द कहने पर 23 साल के युवक ने 60 वर्षीय दादी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। वहीं, जिले में एक अन्य मामले में जमीन के विवाद को लेकर 30 वर्षीय पुत्र ने अपने 55 साल के पिता की कथित रूप से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बरघाट थाने के प्रभारी मोहनीश सिंह बैस ने बताया कि पोते द्वारा दादी की हत्या करने की घटना बृहस्पतिवार रात को जिला मुख्यालय से 18 किमी दूर बालाघाट मार्ग पर स्थित बोरीकला गांव की है। उन्होंने कहा-नागपुर में पिता के साथ मजदूरी करने गई मां के संबंध में दादी द्वारा अपशब्द कहने पर आरोपित पोते सचिन कोसरे ने अपना आपा खो दिया और घर में रखी कुल्हाड़ी से फूलवंता बाई के सिर पर वार कर दिया, जिससे वृद्ध महिला की मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि हत्या के बाद जुर्म छिपाने के लिए आरोपी ने रिश्तेदारों को फोन करके बताया कि घर में गिरने से सिर में लगी चोट के कारण दादी की मौत हो गई है, लेकिन घर पहुंचने पर रिश्तेदारों को सारी सच्चाई का पता चल गया। बैस ने बताया कि हत्या के आरोप में सचिन को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

वहीं, एक अन्य मामले में बृहस्पतिवार को सिवनी जिले के घंसौर थाना अंतर्गत सुचानमेटा गांव में बेटे काशीराम ने जमीनी विवाद को लेकर अपने 55 वर्षीय पिता सुमेरीलाल की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घंसौर थाना प्रभारी अनिल पटेल ने बताया-पुलिस ने आरोपी काशीराम उइके को गिरफ्तार कर लिया। 55 वर्षीय सुमेरीलाल से जमीन को लेकर बेटे का विवाद चल रहा था।

कांग्रेस नेताओं को पत्रकार रजत शर्मा के खिलाफ पोस्ट हटाने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

● दिल्ली उच्च न्यायालय ने जारी किया निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेताओं- जयराम रमेश, पवन खेड़ा और रागिनी नायक को सोशल मीडिया पर अपने उन पोस्ट को हटाने का आदेश दिया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा ने लोकसभा चुनाव परिणाम वाले दिन अपने शो के दौरान अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। अदालत ने कहा कि यदि सोशल मीडिया मंच एक्स पर वीडियो और पोस्ट को सार्वजनिक रहने दिया गया तो वादी की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि अदालत में दिखाये गए टेलीविजन बहस के फुटेज से प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट है कि वादी शर्मा ने "कुछ सेकंड के लिए ही हस्तक्षेप किया था और नायक के खिलाफ कोई अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया था। अदालत ने कहा कि पत्रकार की निंदा करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट अति-सनसनीखेज हैं। उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पारित और शनिवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए आदेश में कहा, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन घटना के प्रति सच्चाई पर रहना भी उनका कर्तव्य है।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90 से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

एक नजर

देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में हुंडई-इंडिया

नई दिल्ली। दक्षिण कोरियाई वाहन विनिर्माता कंपनी हुंदै की भारतीय इकाई हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने आईपीओ लाने के लिए शेयर बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। अगर कंपनी के आईपीओ को सेबी की मंजूरी मिल जाती है, तो यह भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम होगा। यह दो साल पहले आए एलआईसी के 21,000 करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा।

घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 पर सम्मेलन 19 को

नई दिल्ली। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने शनिवार को बताया कि घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) 2022-23 के विषय में डेटा उपयोगकर्ताओं का एक सम्मेलन बुधवार 19 जून को राजधानी में आयोजित किया जा रहा है।

सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि कॉरपोरेट अधिग्रहण स्वतंत्र हो

अडाणी समूह के अधिग्रहण के बाद जयराम रमेश का केंद्र पर कटाक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

अडाणी समूह द्वारा पेन्ना सीमेंट्स का अधिग्रहण करने के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी। इसे लेकर उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने की सरकार की जिम्मेदारी है कि कॉरपोरेट्स के बीच प्रतिस्पर्धा कम न हो। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि कॉरपोरेट अधिग्रहण स्वतंत्र और निष्पक्ष होनी चाहिए।

जयराम रमेश ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी सरकार की जिम्मेदारी है कि राजनीतिक सत्ता से मिलने वाले अनुचित लाभ का प्रयोग न किया जाए। उनकी यह टिप्पणी अडाणी समूह द्वारा पेन्ना सीमेंट्स का अधिग्रहण करने के बाद आई।

कांग्रेस नेता ने कहा कि आप क्रोनोलॉजी समझिए : देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बनने के लिए सितंबर 2022 में अडाणी ने अंबुजा सीमेंट का अधिग्रहण किया था। अगस्त 2023 में अडाणी ने सांघी इंडस्ट्रीज का अधिग्रहण किया और अब दक्षिण भारत के अंतिम शेष क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी मजबूत करने के लिए पेन्ना सीमेंट्स का भी अधिग्रहण कर लिया। उन्होंने आगे कहा कि अब अडाणी आने वाले दिनों में सौराष्ट्र सीमेंट, वदराज सीमेंट और जयप्रकाश एसोसिएट्स के सीमेंट व्यवसाय के अधिग्रहण की संभावना तलाश रहे हैं। आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य का हवाल देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मशहूर वित्तीय अर्थशास्त्री ने बताया था कि अडाणी समूह समेत पांच बड़े समूह सीमेंट और 40 अन्य क्षेत्रों में एकाधिकार बना रहे हैं। कांग्रेस नेता ने आगे बताया कि यह बढ़ता एकाधिकार भारत की अस्थिर आर्थिक वृद्धि, बेरोजगारी और मुद्रास्फीति से जुड़ा है।

सुपरटेक रियलटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का आदेश

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने सुपरटेक रियलटर्स के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है। कंपनी अपने सुपरनोवा प्रोजेक्ट में एक आवासीय अपार्टमेंट, कार्यालय, खुदरा क्षेत्र और लक्जरी होटल विकसित कर रहा है। एनसीएलटी की दो सदस्यीय दिल्ली पीठ ने 168.04 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं करने के मामले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की दिवाली याचिका को स्वीकार कर लिया।

न्यायाधिकरण ने सुपरटेक की एक सहायक कंपनी सुपरटेक रियलटर्स के बोर्ड को निलंबित करते हुए अंजू अग्रवाल को अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) नियुक्त किया। सुपरटेक भी कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) का सामना कर रही है।

केंद्र सरकार ने कच्चे तेल पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर में की कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

● नई दरें शनिवार से लागू, घटाकर 3,250 रुपये प्रति टन किया गया

सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को 5,200 रुपये प्रति टन से घटाकर 3,250 रुपये प्रति टन कर दिया है। अप्रत्याशित लाभ कर, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। यह नई दरें शनिवार से लागू हो गईं हैं।

डीजल, पेट्रोल और जेट ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नयी दर 15 जून से प्रभावी हो गई है। भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया। इसके साथ ही वह ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाने वाले देशों में शामिल हो गया। पिछले दो सप्ताहों के औसत तेल मूल्यों के आधार पर कर दरों की समीक्षा हर पखवाड़े की जाती है।

कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर बढ़ाया, पेट्रोल डीजल होगा महंगा, बेंगलुरु: कर्नाटक सरकार ने शनिवार को ईंधन पर बिक्री कर बढ़ा दिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, राज्य में पेट्रोल अब तीन रुपये और डीजल 3.5 रुपये प्रति लीटर महंगा हो जाएगा। वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल पर बिक्री कर में 3.92 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 25.92 प्रतिशत से बढ़ाकर 29.84 प्रतिशत कर दिया है। वहीं, डीजल पर 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 14.34 से बढ़कर 18.44 प्रतिशत हो गई है। अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी। यह फैसला लोकसभा चुनाव नतीजों के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें राजग को कर्नाटक की 28 में से 19 सीटें मिलीं, जिसमें भाजपा ने 17 और जद(एस) ने दो सीटें जीतीं। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने नौ सीटें जीती हैं। यह कदम मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा राज्य के राजस्व सृजन और राजकोषीय स्थिति की समीक्षा के बाद उठाया गया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,950
गिन्नी (प्रति नग)	55,100-55,300
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,450
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,300
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,500
सोना जेवरात गिन्नी	71,500
चांदी पक्की	882 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,650
चांदी आभूषण	89,000।

डेटा सुरक्षा कानून के तहत नियमों का मसौदा अंतिम चरण में : वैष्णव

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि डेटा सुरक्षा कानून के तहत नियमों का मसौदा तैयार करने का काम अंतिम चरण में है। उन्होंने आगे कहा कि उद्योग जगत से व्यापक परामर्श की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को दोगुना करने और नौकरियों के अवसर बढ़ाने की कोशिश करेगा। आईटी मंत्री ने भरोसा दिया कि विनियामक कार्य में निरंतरता देखने को मिलेगी। माइक्रोन और टाटा समूह के सेमीकंडक्टर संयंत्र भी तय समय-सीमा के अनुसार बढ़ रहे हैं।

एसबीआईईपे, ईमाइग्रेट के एकीकरण के लिए किया गया समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

● विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने दी जानकारी

विदेश मंत्रालय और एसबीआई ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत ईमाइग्रेट पोर्टल के उपयोगकर्ताओं को एक अतिरिक्त डिजिटल भुगतान सेवा दी जाएगी। ईमाइग्रेट पोर्टल में भारतीय प्रवासी श्रमिक और भर्ती एजेंट शामिल हैं।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एसबीआई अपने भुगतान गेटवे एसबीआईईपे के जरिए उन्हें उक्त सेवाएं देगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह समझौता भारतीय प्रवासी श्रमिकों के सुरक्षित और कानूनी प्रवास के दायरे को और सुविधाजनक बनाएगा। ईमाइग्रेट परियोजना की शुरुआत 2014 में हुई थी। इसके जरिए प्रवास प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया गया है। इससे प्रवासी भारतीय बीमा योजना जारी करने वाले विदेशी नियोक्ताओं, पंजीकृत भर्ती एजेंटों और बीमा कंपनियों को एक साझा मंच मिला है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर मंत्रालय की ओर से संयुक्त सचिव ब्रम्हा कुमार और एसबीआई की ओर से महाप्रबंधक नीलेश द्विवेदी ने हस्ताक्षर किए।

एआई तेजी के बीच एस्सार को आईटी फर्म ब्लैक बॉक्स के लिए वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी में उछाल के साथ दुनिया भर में नए डेटा केंद्रों और संबंधित सेवाओं की मांग बढ़ने से एस्सार समूह को अपनी आईटी फर्म ब्लैक बॉक्स के लिए वृद्धि की भारी संभावनाएं दिख रही हैं। एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने एक विशेष साक्षात्कार में यह बात कही। रुइया, समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी कंपनी है, जहां जबरदस्त वृद्धि हो सकती है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर डेटा केंद्रों और संबंधित सेवाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है।

कम मांग के बाद सरिया पिघली दो हजार रुपये टन की गिरावट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● निर्माण कार्य अब कम होने के चलते कम हुई कीमत

अमृत विचार : भवन निर्माण कार्यों में आ रही कमी से घटते इस्पात की मांग के बाद सरिया पिघलने लगी है। बीते दो हफ्तों में 65,000 रुपये टन पहुंच चुके सरिया के दाम गिरकर अब 62 से 63 हजार रुपये हो गए हैं। करीब दो हजार रुपये प्रति टन की गिरावट आई है।

सरिया कारोबारी विशाल अग्रवाल ने बताया कि इस्पात में दो हफ्ते पहले तेजी थी, लेकिन बरसात नजदीक देख अब नए निर्माण कार्य अब कम हो गए हैं। करीब दो हजार रुपये टन की गिरावट बाजार में दर्ज की गई है। आगे भी अभी कुछ हफ्ते सरिया के दाम बढ़ने के आसार कम ही हैं। उन्होंने बताया कि दो हफ्ते पहले सरिया के दाम 65,000 रुपये प्रति टन थे, जो अब घटकर 63,000 रुपये प्रति टन रह गए हैं। वहीं, सीमेंट व्यापार संघ के अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता के मुताबिक मौरंग का स्टॉक लगाया जा रहा है। इसके चलते मौरंग में लगातार तेजी देखी जा रही है।

स्कॉटलैंड को हल्के में नहीं लेगा ऑस्ट्रेलिया

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

लगातार तीन जीत से सुपर आठ में जगह पक्की कर चुका ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण में स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अंतिम मैच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगा और जीत के साथ अगले चरण में जाना चाहेगा।

ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में अपना पहला स्थान पहले ही पक्का कर चुका है लेकिन यह मैच स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के लिए बेहद महत्वपूर्ण है जो इस ग्रुप से दूसरे स्थान पर रहने की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलिया पर जीत या इस मैच के बारिश की भेंट चढ़ जाने पर स्कॉटलैंड अंतिम आठ में पहुंच जाएगा लेकिन अगर वह इस मैच में हार जाता है और इंग्लैंड एक अन्य मैच में नामीबिया को हरा देता है तो वह बाहर हो जाएगा। इंग्लैंड और नामीबिया का मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने पर भी स्कॉटलैंड सुपर 8 में पहुंच जाएगा। ऐसी स्थिति में इंग्लैंड का सफर समाप्त हो जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही है और उसके लिए चिंता का कोई

विषय नहीं है। नाथन एलिस के टीम में बने रहने की संभावना है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया सुपर 8 की कड़ी चुनौती से पहले अपने प्रमुख तीन गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क में से किसी एक को विश्राम दे सकता है। स्कॉटलैंड के पास ऑस्ट्रेलिया को हराने का यह बेहतरीन मौका है और उसके खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में किसी तरह की चूक नहीं दिखाएंगे। स्कॉटलैंड की टीम इसके साथ ही बारिश की भी दुआ करेगी। स्कॉटलैंड के अभी पांच अंक हैं लेकिन इंग्लैंड का नेट रन रेट उससे बेहतर है। इस मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6:00 बजे शुरू होगा।

आयरलैंड पर जीत से सफर का अंत करने उतरेगा पाकिस्तान

लॉडरहिल (फ्लोरिडा)। सुपर आठ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी पाकिस्तान की टीम आयरलैंड के खिलाफ जीत दर्ज करके टी-20 विश्व कप में अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने की कोशिश करेगी। अमेरिका और भारत से हारने के कारण पाकिस्तान ग्रुप ए से सुपर आठ में जगह नहीं बना पाया। उसे अपने प्रदर्शन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है लेकिन इससे पहले उसे आयरलैंड की चुनौती से पार पाना होगा। आयरलैंड ने टी-20 विश्व कप से पहले द्विपक्षीय मैच में पाकिस्तान को बड़े अंतर से हराया था और ऐसे में उनके बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। आयरलैंड ग्रुप में एकमात्र ऐसी टीम है जिसने अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है। उसकी निगाह भी जीत के साथ अपने अभियान का अंत करने पर टिकी होगी, लेकिन यह तभी संभव होगा जब मौसम इसकी इजाजत देगा क्योंकि पिछले कुछ दिन से यहां लगातार बारिश हो रही है।

अमेरिका ने 2026 विश्वकप के लिए किया क्वालीफाई

फ्लोरिडा, एजेंसी

फ्लोरिडा में बारिश के कारण आयरलैंड के साथ अंतिम ग्रुप मैच रद्द होने के बाद सह-मेजबान अमेरिका पहली बार आईसीसी टी-20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता के सुपर 8 के साथ ही 2026 में होने वाले विश्वकप के लिये क्वालीफाई कर गया है।

शुक्रवार रात रद किए गए मैच में टीमों ने अंक बांटे, जिससे अमेरिका पाकिस्तान से तीन अंक आगे हो गया है। पाकिस्तान रविवार को फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ अपना अंतिम मुकाबला खेलेगा। कनाडा और पाकिस्तान के खिलाफ जीत अर्जित करने के बाद यूएसए की टीम सुपर 8 चरण में पहुंची है हालांकि सह मेजबान देश दुनिया की

नंबर एक टीम भारत से मामूली अंतर से हार गई। भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने के साथ अगले चरण में भी पहुंच गया है। प्रतियोगिता का सुपर 8 चरण कैरेबियन द्वीप समूह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें यूएसए 19 जून को एंटीगुआ में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। सुपर 8 चरण में पहुंचने के साथ यूएसए की टीम आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के लिए स्वचालित रूप से क्वालीफाई हो जाएगी, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे।

रूस के 14 और बेलारूस के 11 खिलाड़ियों को दी मंजूरी

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

- आईओसी ने पेरिस ओलंपिक में कुछ खेलों की पहली सूची में तटस्थ दर्जे के अंतर्गत दी मंजूरी
- यूक्रेन के अधिकारियों ने रूस पर प्रतिबंध का किया अनुरोध

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने शनिवार को पेरिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने के लिए रूस के 14 और बेलारूस के 11 खिलाड़ियों को कुछ खेलों की पहली सूची में तटस्थ दर्जे के अंतर्गत हिस्सा लेने को मंजूरी दी।

रूस और बेलारूस को यूक्रेन पर हमले के कारण पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धाओं से प्रतिबंधित कर दिया गया है। रूस और बेलारूस के व्यक्तिगत खिलाड़ियों को अन्य खेलों की क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में तटस्थ दर्जे में खेलने की अनुमति दी गई है तथा उन्हें ओलंपिक में खेलने के लिए फिर आवेदन करना होगा। आईओसी ने पहले दौर में पांच खेलों साइकिलिंग, जिम्नास्टिक, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन और कुश्ती में खिलाड़ियों पर फैसला किया। अन्य ओलंपिक खेलों के खिलाड़ियों की सूची कुछ दिन के अंदर आने की संभावना है। ताइक्वांडो में किसी भी एथलीट को मंजूरी नहीं दी गई। यूक्रेन के खिलाड़ियों और अधिकारियों ने आईओसी से रूस के सभी खिलाड़ियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया था। ट्रैक और फील्ड में ऐसा हो चुका है। इन दोनों देशों के खिलाड़ियों के तटस्थ दर्जे के अंतर्गत खेलने पर फैसला दो चरण में होगा।

खेल डायरी

पूर्व खेल संवाददाता हरपाल सिंह बेदी का निधन

नई दिल्ली। जाने-माने खेल पत्रकार एवं समाचार एजेंसी यूएनआई के पूर्व खेल संवाददाता हरपाल सिंह बेदी का शनिवार को 72 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके परिवार में पत्नी रेवती और पुत्री पल्लवी हैं। बेदी ने यूएनआई में तीन दशक के अपने लंबे करियर के दौरान कई ओलंपिक, कॉमन वेल्थ और एशियाई खेलों को कवर किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने हरपाल बेदी के साथ अपनी जेएनयू के दिनों की एक पुरानी तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। बेदी ने यूएनआई से सेवानिवृत्त के बाद विभिन्न टेलीविजन चैनलों पर खेल की चर्चाओं में विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया।

गौरिका ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर का खिताब जीता

मैसुरु। भारतीय गोल्फर गौरिका बिश्नोई ने शनिवार को तीसरे और अंतिम दौर के अंतिम तीन होल में बर्डी की हैट्रिक लगाकर हफ्ते के सर्वश्रेष्ठ चार अंडर 66 के कार्ड से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्लयूपीजीटी) के सातवें चरण का खिताब जीत लिया। गौरिका दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रही थीं। उन्होंने कुल एक अंडर 209 का स्कोर बनाया जबकि बीती रात शीर्ष पर रहने वाली खुशी खानिजाऊ (71) दबाव में आ गईं। खुशी ने कुल दो ओवर 212 का स्कोर बनाया जिससे वह उपविजेता रहीं। गौरिका की 2024 सत्र में यह पहली जीत है। उन्होंने पिछले साल दो जीत दर्ज की थीं।

दीक्षा इटालियन ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

रोम। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटालियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद दीक्षा ऑस्ट्रेलिया की कर्स्टन रूडगेली, स्पेन की फातिमा फर्नांडीज कैनो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी से एक शॉट पीछे हैं। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि अच्छा नहीं रहा। दीक्षा के बाद वाणी कपूर (72) का नंबर आता है जो संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। उनके अलावा प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक 73-73 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें और रिधिमा दिलावरी (75) संयुक्त 76वें स्थान पर हैं।

पाकिस्तानी खिलाड़ियों के वेतन में हो सकती है कटौती

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अपनी टीम के टी-20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करके खिलाड़ियों के वेतन में कटौती कर सकता है। पाकिस्तान को विश्व कप में अमेरिका और भारत से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह टूर्नामेंट के सुपर 8 में जगह नहीं बना पाया। बोर्ड के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि कुछ अधिकारियों और पूर्व खिलाड़ियों ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा करने की सलाह दी है। पीसीबी अध्यक्ष अगर टीम के खराब प्रदर्शन पर कड़ा रवैया अपनाते हैं तो खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा की जा सकती है और उनके वेतन में कटौती हो सकती है।

भारतीय टीम ने क्वालीफायर में हासिल की शीर्ष वरीयता

अंताल्या (तुर्की)। तरूणदीप राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजी टीम ने आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त कर 24 टीमों के साथ एलिमिनेशन दौर में प्रवेश किया। भारतीय तिकड़ी कुल 2018 अंक हासिल कर तालिका में चीनी ताइपे (2008) और जर्मनी (1998) से आगे रही। इस स्पर्धा में 46 टीमों ने प्रतिस्पर्धा की थी जिससे शीर्ष 24 ने एलिमिनेशन दौर में जगह पक्की की। एलिमिनेशन दौर अंतिम-32 ड्रॉ की तरह खेला जाएगा। शीर्ष पर रहने के कारण भारत को अंतिम-16 में बाई मिल गई, जहां उसका सामना 17वीं वरीयता प्राप्त लक्जमबर्ग से होगा। एलिमिनेशन राउंड में शीर्ष तीन रैंक वाले देशों को पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक कोटा स्थान मिलेगा। भारत अगर शीर्ष तीन में रहता है तो उसका व्यक्तिगत कोटा टीम कोटा में अपग्रेड कर दिया जाएगा। धीरज ने पहले व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में निचली रैंकिंग वाले यूक्रेन से 3-5 से हार के बाद कोटा हासिल करने में असफल रही।

नेपाल के हाथों हार से बाल-बाल बचा द. अफ्रीका

चार अहम विकेट लेकर शम्सी बने जीत के हीरो, महज 1 रन से जीता मुकाबला

किंग्सटाउन, एजेंसी

टी-20 विश्वकप का एक और उलटफेर शनिवार को होते-होते बचा जब नेपाल ने पूरे मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखने के बावजूद आखिरी गेंद पर अनुभवी दक्षिण अफ्रीका के सामने हथियार डाल दिए। ऑर्नोस वेल ग्राउंड पर दक्षिण अफ्रीका

जीत के बाद एक-दूसरे को बधाई देते दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी। ● एजेंसी

तबरेज शम्सी

ने पहले खेलते हुए सात विकेट पर 115 रन बनाए जिसके जवाब में नेपाल की टीम 20 ओवर के खेल में सात विकेट पर 114 रन ही बना सकी।

कुशल भुर्तेल (19 रन पर चार विकेट) और दीपेन्द्र सिंह एरी (21 रन पर तीन विकेट) की गेंदबाजी की बदौलत नेपाल ने दक्षिण अफ्रीका को महज 115 रन पर रोक दिया था और बाद में आसिफ शेख (42) और अनिल साह (24) ने लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए 18वें ओवर में चार विकेट के नुकसान पर स्कोरबोर्ड पर 99 रन टांग कर जीत की संभावनाओं को प्रबल कर दिया था मगर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के अनुभव और तबरेज शम्सी की घूमती हुई गेदों के आगे नेपाल की टीम बुरी तरह लडखड़ा गई और उनके आखिरी के तीन ओवर में उन्होने तीन विकेट खोकर महज 15 रन का इजाफा किया और हार के साथ संतोष कर लिया। तबरेज शम्सी ने टीम की इस जीत में अहम भूमिका निभाते हुए, चार महत्वपूर्ण विकेट झटके। एक समय नेपाल को सिर्फ 18 गेंदों में 18 रनों की जरूरत थी, तब शम्सी ने अपने स्पेल की आखिरी ओवर में सिर्फ दो रन देकर दो विकेट झटके।

116 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, नेपाल की टीम का काफी सहज तरीके से बल्लेबाजी कर रही थी। पहले स्पेल में दो विकेट झटकने वाले शम्सी को बाकी के गेंदबाजों का साथ नहीं मिला लेकिन दूसरे प्रयास में वह सफल हो गए। 18वें ओवर की शुरुआत से पहले नेपाल ने सिर्फ तीन विकेट गंवाए थे और उनकी टीम 100 रन के करीब थी लेकिन शम्सी ने अपनी स्पिन लेती गेंदबाजी से बल्लेबाजों को चारो खाने चित कर दिया और सिर्फ दो रन देकर दो विकेट झटके। मैच के आखिरी ओवर में भी नेपाल के पास मैच को ड्रॉ करने का मौका था। एक गेंद में दो रनों की जरूरत थी और एक रन लेने के प्रयास में नॉन स्ट्राइकर एंड पर गुलशन झा ने बहुत बड़ी गलती कर दी। वह क्रीज में लगभग पहुंच चुके थे लेकिन अतिआश्वस्त होने के कारण वह रन आउट हो गए।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका : 115/7, 20 ओवर। रीजा हैनड्रिक्स 43, डिकॉक 10, स्टब्स 27। **विकेट :** दीपेंद्र 4, कुशल 4।

नेपाल : 114/7, 20 ओवर। कुशल भूर्तेल 13, आसिफ 42, अनिल 27, दीपेंद्र सिंह 6। **विकेट :** तबरेज शम्सी 4, मारक्रम 1।

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	4	3	0	7	1.137	1
अमेरिका (क्वा)	4	2	1	5	0.127	1
कनाडा (बा)	4	1	2	3	-0.493	1
पाकिस्तान (बा)	3	1	2	2	0.191	0
आयरलैंड (बा)	3	0	2	1	-1.712	1
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	3	3	0	6	3.580	0
स्कॉटलैंड	3	2	0	5	2.164	1
इंग्लैंड	3	1	1	3	3.081	1
नामीबिया (बा)	3	1	2	2	-2.098	0
ओमान (बा)	4	0	4	0	-3.062	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
अफगानिस्तान (क्वा)	3	3	0	6	4.230	0
वेस्टइंडीज (क्वा)	3	3	0	6	2.596	0
न्यूजीलैंड (बा)	3	1	2	2	-0.241	0
युगांडा (बा)	4	1	3	2	-4.510	0
पापुआ न्यू गिनी (बा)	3	0	3	0	-0.886	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
द. अफ्रीका (क्वा)	4	4	0	8	0.470	0
बांग्लादेश	3	2	1	4	0.478	0
नीदरलैंड	3	1	2	2	0.408	0
नेपाल (बा)	3	0	2	1	-0.293	1
श्रीलंका (बा)	3	0	2	1	-0.777	1

गीली आउटफील्ड ने रद कराया भारत-कनाडा का मुकाबला

मैच रद होने के बाद एक-दूसरे का अभिवादन करते खिलाड़ी। ● एजेंसी

लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी

गीली आउटफील्ड के कारण शनिवार को यहां भारत और कनाडा के बीच टी-20 विश्व कप ग्रुप मैच एक भी गेंद खेले बिना रद्द हो गया।

भारत का यह अंतिम ग्रुप मैच था। दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। भारत तीन मैच में जीत से पहले ही ग्रुप ए से सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है। भारतीय टीम अब सुपर आठ में 20 जून को अफगानिस्तान से भिड़ेगी। वहीं कनाडा की टीम बाहर हो चुकी है। टॉस स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे होना था। लेकिन भारतीय समयानुसार रात के आठ बजे और दूसरी बार नौ बजे पिच का मुआयना करने के बाद अंपायरों ने मैच रद करने का फैसला किया।

अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब टी-20 विश्व कप से बाहर

ग्रॉस आइलेट। अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान उंगली की चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजई को टीम में शामिल किया है।

23 वर्षीय मुजीब अफगानिस्तान की तरफ से टूर्नामेंट में केवल एक मैच खेल पाए थे। वह युगांडा के खिलाफ पहले मैच में खेलने के बाद अगले दो मैच में नहीं खेले थे। आईसीसी ने कहा टी-20 विश्व कप की टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने मुजीब उर रहमान की जगह हजरतुल्लाह जजई को अफगानिस्तान की टीम ने रखने की मंजूरी दे दी है। अफगानिस्तान पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है। वह ग्रुप चरण का अपना अंतिम मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा।

द. अफ्रीका के खिलाफ भारतीय महिला टीम की कोशिश लय बरकरार रखने पर

बेंगलुरु, एजेंसी

भारत और दक्षिण अफ्रीका की महिला टीमें रविवार को यहां जब पहले एकदिवसीय के साथ तीन सप्ताह तक चलने वाली सभी प्रारूपों की श्रृंखला शुरू करेंगी तो उनकी कोशिश अक्टूबर में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की होगी। टी-20 विश्व कप का आयोजन बांग्लादेश में होगा। टी-20 विश्व कप के वर्ष में 50 ओवर के मैच थोड़े असंगत लग सकते हैं, लेकिन यह लय हासिल करने के दृष्टिकोण से दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर वनडे और टी-20 श्रृंखला हार गई थी, लेकिन

● महिला टी-20 विश्वकप की तैयारियों को पूर्ण करने उतरेंगी टीमें सभी प्रारूपों के होंगे मुकाबले

उसने जोरदार वापसी करते हुए हाल ही में बांग्लादेश को उसके घरेलू मैदान पर टी-20 श्रृंखला में 5-0 से शिकस्त दी। टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस लय को बरकरार रखना चहेगी। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि टीम ने अच्छी तैयारी की है और जीत के लिए जोर लगाएगी। मजूमदार ने कहा हमारी पिछले आठ हफ्तों में अच्छी तैयारी रही। हम बांग्लादेश गये और श्रृंखला 5-0 से जीते। हमने उसी मैदान पर अभ्यास किया जहां हम विश्व कप में खेलेंगे। इसलिये हमारी तैयारी अच्छी रही। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच, छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड पूरी तरह से बल्लेबाजी के लिए माकूल होगी। खिलाड़ी कुछ बड़े स्कोर के साथ आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगे। यह मुकाबला मैच भारतीय समयानुसार दोपहर डेढ़ बजे से होगा।

जर्मनी ने स्कॉटलैंड को हराकर की शुरुआत

म्यूनिख, एजेंसी

फ्लोरियन विट्र्ज और जमाल मुसियाला के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से जीत का मंच तैयार करने वाले मेजबान जर्मनी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे स्कॉटलैंड को 5-1 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में अभियान की शानदार शुरुआत की।

विट्र्ज़ ने दसवें मिनट में जर्मनी के लिए पहला गोल किया जबकि मुसियाला ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। काई हैवर्ट ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर मध्यांतर तक जर्मनी को 3-0 से आगे कर दिया। जर्मनी को डिफेंडर रयान पोर्टियस की गलती के कारण यह पेनल्टी मिली थी, जिन्हें रेफरी ने लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया था। इस कारण स्कॉटलैंड को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था। मध्यांतर के बाद सब्सटीट्यूट निकोलस फुलक्रग ने 68वें मिनट और एमरे कैन

ने इंजरी टाइम में गोल करके जर्मनी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड एंटोनियो रोडिगर के 87वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से खाता खोल पाया। जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने मैच के बाद कहा हम वास्तव में इसी तरह की शुरुआत चाहते थे। मैं मैच से पहले भी जीत के प्रति अश्वस्त था। हमें दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और हमने वैसा प्रदर्शन किया जैसा हम चाहते थे।

मेस्सी के दो गोल से अर्जेंटीना ने ग्वाटेमाला को हराया

लैंडओवर (अमेरिका)। लियोनेल मेस्सी ने नवंबर के बाद अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय मैच में दो गोल करने के साथ एक में सहायक की भूमिका निभाई जिससे अर्जेंटीना ने 2024 कोपा अमेरिका कप फुटबॉल के अभ्यास मैच में ग्वाटेमाला को 4-1 से हराया। मेस्सी पूरे 90 मिनट तक मैदान पर रहे। जिससे गुरुवार को ग्रुप चरण में कनाडा के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने से पहले अर्जेंटीना के हौसले बुलंद होंगे। विश्व और कोपा अमेरिका के मौजूदा चैंपियन के लिए लुटारो मार्टिनेज ने दो अन्य गोल किए। ग्वाटेमाला को मैच के चौथे मिनट में लिसेंड्रो मार्टिनेज के आत्मघाती गोल से बढ़त मिल गयी थी लेकिन इसके आठ मिनट बाद ही मेस्सी ने गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। उन्होंने मैच के 77वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया।

न्यूजीलैंड ने युगांडा को नौ विकेट से रौंदा

त्रिनिदाद, एजेंसी

टी-20 विश्वकप से बाहर हो चुकी न्यूजीलैंड ने युगांडा को मात्र 40 रनो पर समेट दिया और जीत के लक्ष्य को 5.2 ओवर में हासिल कर लिया।

तारोबा के ब्रायन लारा स्टेडियम पर टिम साउदी ने चार ओवर के स्पेल में मात्र चार रन खर्च कर तीन विकेट झटके जबकि ट्रेंट बोल्ट, मिचेल सेंटनर और रचिन रविन्द्र ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। युगांडा की ओर से कैनेथ वैसवा (11) दहाई अंको तक पहुंचने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। युगांडा की इस मैच में एकमात्र उपलब्धि यह रही कि उन्होने 18.4 ओवर तक कीवी गेंदबाजी आक्रमण का सामना किया जबकि बाद में बल्लेबाजी करने

जीत के बाद युगांडा की टीम का अभिवादन करते न्यूजीलैंड के खिलाड़ी।

आयी न्यूजीलैंड का एक बल्लेबाज भी आउट करने में सफलता हासिल की। युगांडा ने न्यूजीलैंड की टीम को पूरे मैच में 39 गेंद फेंकी जिसमें छह वाइड बाल और एक नो बाल रहीं। इस तरह न्यूजीलैंड यह मैच 5.2 ओवर में ही जीत सका। डेविड कान्वे 22 रन बना कर नाबाद लौटे। गौरतलब है कि अफगानिस्तान की पीएनजी पर जीत के साथ न्यूजीलैंड की नॉकआउट चरण में पहुंचने की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं।

यह मेरा आखिरी टी-20 विश्व कप : बोल्ट

तारोबा (त्रिनिदाद)। न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनका आखिरी वैश्विक टूर्नामेंट होगा। बोल्ट 2011 में पदार्पण करने के बाद से न्यूजीलैंड टीम के अहम सदस्य रहे है। उन्हें टी20 विश्व कप, एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने का अनुभव है। उन्होंने ने 2014 से चार टी20 विश्व कप में भाग लिया है। बोल्ट ने युगांडा पर न्यूजीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद कहा मैं अपनी बात करूं तो यह मेरा आखिरी टी-20 विश्व कप होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

भारत आएगा अमेरिकी कांग्रेस का शिष्टमंडल

वाशिंगटन, एजेंसी

- द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात होगी

विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में एक द्विदलीय अमेरिकी कांग्रेस शिष्टमंडल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात करने के लिए भारत का दौरा करेगा। भारत में, शिष्टमंडल 14वें दलाई लामा, भारतीय सरकारी अधिकारियों और देश में अमेरिकी व्यवसायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा।

मैककॉल ने कहा, 'भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है। उन्होंने कहा, मैं सरकारी अधिकारियों और अमेरिकी व्यापार समुदाय के साथ बैठक करने के लिए उत्सुक हूं ताकि यह जान सकूं कि हम भारत के साथ अपने संबंधों को कैसे मजबूत बना सकते हैं। मैककॉल ने कहा, मैं दलाई लामा से मिलने का अवसर पाकर सम्मानित महसूस हो रहा है। तिब्बती लोग लोकतंत्र-प्रेमी लोग हैं जो अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करना चाहते हैं। इस यात्रा से अमेरिकी कांग्रेस में तिब्बत के भविष्य के बारे में अपनी राय रखने के लिए मदद मिलेगी। अमेरिकी बयान में यात्रा की तारीखों का उल्लेख नहीं किया गया है।

आस्था

शनिवार को सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का के पास वार्षिक हज यात्रा के दौरान अराफात के मैदान पर दया के पहाड़ के रूप में जानी जाने वाली चट्टानी पहाड़ी की चोटी पर इकट्ठा होते मुस्लिम तीर्थयात्री। ● एजेंसी

रामफोसा द. अफ्रीका के राष्ट्रपति निर्वाचित

केपटाउन, एजेंसी

- रामफोसा को 283 वोट मिले जबकि प्रतिद्वंदी को महज 44 वोट

दक्षिण अफ्रीका की सत्तारुढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने अगले पांच साल के लिए शुक्रवार को दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है। मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोडो ने नेशनल असेंबली की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव में रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को महज 44 वोट मिले। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले शुक्रवार को एएनसी और मुख्य विपक्षी दल डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए), राष्ट्रीय एकता की सरकार बनाने के लिए एक समझौते पर पहुंचे और समझौते के हिस्से के रूप में रामफोसा को डीए के समर्थन से फिर से चुने जाने की उम्मीद थी। गत 29 मई को हुए आम चुनावों में एएनसी ने नेशनल असेंबली की 400 सीटों में से 159 सीटें हासिल कीं। पिछले 30 साल में पहली बार संसद के निचले सदन में उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला है।

जयशंकर अगले सप्ताह श्रीलंका का कर सकते हैं दौरा

कोलंबो। विदेश मंत्री एस जयशंकर 20 जून को श्रीलंका की यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि श्रीलंका जयशंकर की यात्रा को लेकर उत्सुक है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भी आगामी दिनों में द्वीपीय राष्ट्र का दौरा करने की उम्मीद है। साबरी ने कहा कि ये यात्राएं राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की पिछले सप्ताह नयी दिल्ली यात्रा का परिणाम हैं, जहां वह मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने गए थे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

एक नजर

संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे रूस, मिस्र

मॉस्को। रूस के प्रशांत बेड़े के दो युद्धपोत मिस्र की नौसेना के साथ भूमध्य सागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग लेंगे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की। मंत्रालय के मुताबिक मिसाइल क्रूजर वैराग और फ्रिगेट मार्शल शापोशनिकोव सहित प्रशांत बेड़े के लड़ाकू जहाजों का एक समूह मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में शामिल होने के लिए मिस्र के बंदरगाह अलेक्जेंड्रिया के लिए रवाना हो गया है।

पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन पर साइबर हमला

इस्लामाबाद/संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी मिशन पर साइबर हमला किया गया, जिसमें उसके आधिकारिक ईमेल अकाउंट और यूट्यूब चैनल में सेंध लगाई गई। एक खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गई है। समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार यह साइबर हमला शुक्रवार को अमेरिकी समयानुसार शाम चार बजे हुआ। इस साइबर हमले का लक्ष्य स्थायी मिशन की सूचना शाखा द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली ईमेल आईडी थी।

ईरान ने ईयू के एक राजनयिक को रिहा किया

दुबई। ईरान और स्वीडन के बीच शनिवार को कैदियों की अदलाबदली हुई, जिसके तहत तेहरान ने यूरोपीय संघ के एक राजनयिक समेत दो व्यक्तियों को रिहा किया, जबकि इसके बदले उस ईरानी कैदी को रिहा किया गया, जिसे वर्ष 1988 में इस्लामी गणराज्य में सामूहिक फांसी दिये जाने की घटना में शामिल होने पर स्टॉकहोम में युद्ध अपराध का दोषी ठहराया गया था। वर्ष 2019 में स्वीडन द्वारा हामिद नूरी की गिरफ्तारी तब की गई थी जब वह एक पर्यटक के रूप में वहां गया था।

पेलेग्रिनी बने स्लोवाकिया के राष्ट्रपति

ब्रातिस्लावा। पीटर पेलेग्रिनी ने शनिवार को स्लोवाकिया के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। यह शपथ ग्रहण समारोह कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित हुआ क्योंकि एक महीने पहले उनके करीबी सहयोगी एवं प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर जानलेवा हमला किया गया था। पेलेग्रिनी ने संसद के विशेष सत्र में अपने भाषण में राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया। वर्ष 1993 में चेकोस्लोवाकिया के विघटन के बाद स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से वह छठे राष्ट्रपति बन गए।

आर्थिक गलियारे को लेकर जताई प्रतिबद्धता

जी7 ने कानून के शासन के आधार पर स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई

बारी (इटली), एजेंसी

- आईएमईसी को बीआरआई के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा
- पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था

जी7 शिखर सम्मेलन के अंत में सात औद्योगिक देशों के समूह ने भारत-पश्चिम-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) जैसे ठोस बुनियादी ढांचे के प्रस्तावों को आगे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। यह विज्ञप्ति शुक्रवार शाम को लक्जरी रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में प्रथा के तौर पर पारिवारिक फोटो के बाद जारी की गई। इसके साथ जी7 ने कानून के शासन के आधार पर स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेजबान इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

विज्ञप्ति में कहा गया, हम गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और निवेश की खातिर परिवर्तनकारी आर्थिक गलियारे विकसित करने के लिए जी7 पीजीआईआई (वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिए साझेदारी) के ठोस प्रस्ताव, प्रमुख परियोजनाओं और पूरक प्रस्तावों को बढ़ावा देंगे, जैसे कि लोबिटो कॉरिडोर, लुजोन कॉरिडोर, मिडिल कॉरिडोर और भारत-पश्चिम एथिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर के लिए हमारे समन्वय तथा वित्तपोषण कार्यक्रम को मजबूत करना, इसके साथ ही ईयू ग्लोबल गेटवे, ग्रेट ग्रीन वॉल पहल और अफ्रीका के लिए इटली द्वारा शुरू की गई मैटेई योजना को तैयार करना। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों द्वारा चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। बीआरआई एक विशाल संपर्क परियोजना है जो चीन को दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़ती है। पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था। शुक्रवार को मोदी के संबोधन वाले कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर विषय पर आयोजित 'आउटरीच सोशन' के बारे में विज्ञप्ति में कहा गया, साझा जिम्मेदारी की भावना से हम अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, भारत, जॉर्डन, केन्या, मॉरिटानिया, ट्यूनीशिया, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं की भागीदारी का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। इसमें कहा गया, हम अधिक निश्चितता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए अपने कृत्रिम मेधा प्रचालन से जुड़े दृष्टिकोणों के बीच तालमेल को बढ़ाने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे।

जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ साझा किया वीडियो

बारी (इटली), एजेंसी। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हाल में संपन्न जी7 शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपना एक सेल्फी वीडियो साझा किया है। मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी मित्रता को जाहिर करते हुए इस वीडियो का शीर्षक नमस्ते दोस्तों, मेलोडी की ओर से दिया है। दोनों नेताओं ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की दक्षिणी इटली के अपुलिया की एक दिवसीय यात्रा के अंत में मुलाकात की थी। इस दौरान मोदी ने जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के वास्ते निमंत्रण देने के लिए मेलोनी को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिये कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी। पांच सेकंड का यह वीडियो मेलोनी ने शनिवार को अपने 'एक्स' अकाउन्ट पर साझा किया था। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री मेलोनी (47) ने वीडियो में कहा, मेलोडी टीम की ओर से नमस्कार। वीडियो में 73 वर्षीय मोदी हंसते हुए नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो को फिर से साझा करते हुए लिखा, भारत-इटली की मित्रता कायम रहे! इससे पहले शनिवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में दोनों नेताओं की एक सेल्फी वायरल हुई थी।

भारत के साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध : कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो

बारी (इटली)। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शनिवार को कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनकी मुलाकात के बाद कुछ बहुत महत्वपूर्ण मुद्दों से निपटने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता है। मोदी ने शुक्रवार को दोनों नेताओं के हाथ मिलाने की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की, जिसमें कहा गया है, जी 7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की। दक्षिणी इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई यह बैठक खालिस्तान समर्थक चरमपंथ को लेकर तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के बीच पहली बैठक है।

भारत और इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की

बारी (इटली), एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे सहित वैश्विक मंचों तथा बहुपक्षीय प्रस्तावों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। मोदी की दक्षिणी इटली के अपुलिया की एक दिवसीय यात्रा के अंत में शुक्रवार को दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई। इस दौरान मोदी ने जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए इटली की प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। विदेश मंत्रालय ने बैठक के बारे में जारी विज्ञप्ति में कहा कि नेताओं ने खुले एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई तथा भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी चर्चा की। क्षेत्र में चीन की आक्रामक गतिविधियों के बीच विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों नेता मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को पूरा करने की खातिर तैयार रूपरेखा के तहत क्रियान्वित की जाने वाली संयुक्त गतिविधियों के लिए तत्पर हैं। इसने कहा कि उन्होंने महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की।

मोदी और किशिदा बुनियादी ढांचे एवं सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ाने पर सहमत

बारी (इटली)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा से मुलाकात की और कहा कि शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत तथा जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। मोदी और किशिदा दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंध आगे बढ़ाने पर भी सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 'आउटरीच सेशन' को संबोधित करने के लिए दक्षिणी इटली के अपुलिया के एक दिवसीय दौरे पर थे। उन्होंने 'कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर' पर अपने संबोधन के बाद किशिदा से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने किशिदा के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर कहा, शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत तथा जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। मोदी का यह बयान क्षेत्र में चीन के आक्रामक व्यवहार तथा वर्चस्व बढ़ाने की कोशिशों के बीच आया है। उन्होंने कहा, हमारे देश रक्षा, प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

जमानत मामले में समिति ने खामियां, कदाचार पाया

पुणे, एजेंसी

पुणे कार हादसा

- पांच सदस्यीय समिति ने महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त को अपनी रिपोर्ट सौंपी

पुणे पोर्श दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत दिए जाने के संबंध में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के दो सदस्यों के आचरण की जांच के लिए गठित एक समिति ने प्रक्रियात्मक खामियां, कदाचार और मानदंडों का उल्लंघन पाया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पहचान जाहिर नहीं करने की शर्त पर अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, पांच सदस्यीय समिति ने शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त को अपनी रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट मिलने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने विभाग द्वारा नियुक्त किशोर न्याय बोर्ड के दो सदस्यों को नोटिस जारी किया है। अधिकारी ने कहा, रिपोर्ट में 19 मई को जेजेबी के एक सदस्य द्वारा जमानत आदेश जारी करने में गंभीर खामियां और गलतियां पाई गई हैं। जमानत देने का आदेश एक सदस्य द्वारा जारी किया गया था, लेकिन दूसरे सदस्य ने अगले दिन सहमति दे दी थी। दोनों सदस्यों की ओर से कदाचार और मानदंडों का उल्लंघन पाया गया है और उन्हें इसके बारे में अवगत करा दिया गया है।

पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री समेत भारतीय मूल के कई लोग समाजसेवा के लिए सम्मानित

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री गॉर्डन ब्राउन और कई भारतीय मूल के लोगों को उनकी उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान द ऑर्डर ऑफ द कम्पैनियंस ऑफ ऑनर की शुरुआत 1917 में किंग जॉर्ज पंचम ने कला, विज्ञान, चिकित्सा और सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए की थी।

इस साल शुक्रवार को 1,077 लोगों को उनकी सेवाओं के लिए यह सम्मान दिया गया, जिनमें 509 महिलाएं शामिल हैं। ब्राउन (73) को ब्रिटेन और विदेशों में समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्यों और धर्मार्थ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। वे 2007 से 2010 तक ब्रिटिश प्रधानमंत्री रहे थे। ब्राउन के अलावा पोस्ट ऑफिस कैम्पैनर एलन बेट्स और महिला कलाकार ट्रेसी एमिन भी सम्मान पाने वाले प्रसिद्ध चेहरों में शामिल हैं। बेट्स को पोस्ट ऑफिस होराइजन आईटी घोटाले को उजागर करने में उनके योगदान के लिए नाइट की उपाधि दी गई।

कैंसर का पता चलने के बाद पहली बार दिखीं केट मिडलटन

लंदन, एजेंसी। वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन शनिवार के आयोजित 'ट्रूपिंग द कलर' परेड समारोह में बकिंघम पैलेस की बालकनी पर शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ नजर आईं। यह समारोह राजा के आधिकारिक जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया जाता है। इस मौके पर लंदन में एक व्यापक सैन्य परेड आयोजित की जाती है। इस वर्ष की शुरुआत में कैंसर से पीड़ित होने के बारे में पता चलने के बाद केट पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आई हैं।

इमारतों में अवैध निर्माण पर कार्रवाई शुरू की

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- मंगफ अग्निकांड में 46 भारतीयों सहित 50 लोगों की हुई थी मौत

कुवैत में अधिकारियों ने सात मंजिला एक इमारत में भीषण आग लगने की घटना के मद्देनजर इमारतों में अवैध निर्माण कार्य पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को एक अखबार में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। इस अग्निकांड में 46 भारतीयों सहित 50 लोगों की मौत हो गई।

कुवैत के अहमदी गवर्नरेट के दक्षिणी शहर मंगफ में बुधवार तड़के आग लगने पर उसमें रहने वाले ज्यादातर लोगों की मौत धुएं के कारण हुईं। घटना के वक्त इमारत में रहने वाले लोग सो रहे थे। इमारत में 196 प्रवासी श्रमिक रहते थे, जिनमें अधिकतर भारतीय थे। इस घटना के बाद मकान मालिकों और रियल एस्टेट कंपनी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी है, जो लागत कम करने के लिए कानून का उल्लंघन करते हुए बड़ी संख्या में विदेशी मजदूरों को अत्यंत असुरक्षित परिस्थितियों में रखते हैं। 'अरब टाइम्स' अखबार की खबर के अनुसार, कुवैत नगरपालिका ने इमारतों में अवैध निर्माण कार्य पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दुखद घटना ने इमारतों के अनधिकृत विस्तार के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे पर प्रकाश डाला है, तथा अधिकारियों को भविष्य में ऐसी आपदाओं को रोकने के लिए निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया है।

बॉलीवुड हलचल

एक्शन तेलुगु फिल्म कन्नप्पा का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। विष्णु मंचू, अक्षय कुमार, प्रभास, मोहनलाल जैसे सितारों से सजी तेलुगु फिल्म कन्नप्पा का टीजर रिलीज हो गया है। तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में विष्णु मंचू की मुख्य भूमिका है। फिल्म में विष्णु मंचू के अलावा अक्षय कुमार मलयालम फिल्मों की सुपरस्टार मोहनलाल, तेलुगु फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास, प्रीति मुकुंदन, शरतकुमार, काजल अग्रवाल आदि भी नज़र आएंगे। मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बनी कन्नप्पा का टीजर रोमांच से भरपूर है। टीजर में दिखाया गया है कि कन्नप्पा इतना सक्षम है कि वह किसी की मदद के बगैर ताकतवर लोगों को मार सकता है। टीजर में एक-एक कर मोहन बाबू, सरतकुमार, काजल अग्रवाल, मोहनलाल, अक्षय कुमार और प्रभास की झलक भी दिखाई गई है। अक्षय कुमार ओएमजी के बाद एक बार फिर इस फिल्म में भगवान शिव के रोल में नज़र आएंगे, जबकि विष्णु मंचू भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा की भूमिका में दिखाई देंगे। इस फिल्म को तेलुगु के साथ-साथ तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। टीजर भी पांचों भाषाओं में आया है। फिल्म कन्नप्पा की कहानी भगवान शिव के भक्त रहे कन्नप्पा की जिंदगी पर आधारित है।

सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 की बॉक्स ऑफिस पर होगी टक्कर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन और कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 दीवाली के अवसर पर बॉक्स ऑफिस पर टकरायेंगी। रोहित शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म सिंघम अगेन की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। अजय देवगन, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर की मुख्य भूमिका वाली सिंघम अगेन पहले इस वर्ष 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब यह फिल्म दीवाली पर रिलीज होगी। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 भी दीवाली के अवसर पर रिलीज हो रही है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन की मुख्य भूमिका होगी। बॉक्स ऑफिस पर सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 के होने वाले क्लैश पर निर्देशक अनीस बज्मी ने रिएक्ट किया है। अनीस बज्मी ने कहा कि फिल्मों के बीच टकराव कभी भी अच्छा नहीं होता।

प्रियंका और माही का गाना मुझपे हंसने वाले रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का सैड सांग मुझपे हंसने वाले रिलीज हो गया है। गाना मुझपे हंसने वाले को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत मुझपे हंसने वाले के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को प्रियंका सिंह और भानु प्रताप सिंह ने गाया है। वहीं इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार विनीत सिंह हैं। वीडियो डायरेक्टर वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, कास्ट्यूम डिजाइनर बादशाह खान हैं। म्यूजिक प्रोडक्शन, डबिंग मिक्सिंग मास्टरिंग फोनिक स्टूडियो में किया गया है। कीबोर्ड एंड मेलोडी संतोष राय का है।

संबोधन वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट कैडेटों को याद दिलाया कि आधुनिक युद्ध गतिशील है

बीते कल की मानसिकता से नहीं जीत सकते लड़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी ने शनिवार को कहा कि आने वाले कल के युद्धों को बीते कल की मानसिकता से नहीं लड़ा जा सकता इसलिए वायु सेना के कैडेट अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों में कौशल सीखने पर बल देना होगा।

एयर चीफ मार्शल ने हैदराबाद के डुंडीगल में वायु सेना अकादमी में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले कैडेट अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2024 को अपस्किलिंग के माध्यम से बदलाव का वर्ष घोषित किया गया है और नए कमीशन अधिकारियों को मल्टी-डोमेन लीडर बनने के लिए विभिन्न कौशल सीखने चाहिए। आधुनिक युद्धों के बारे में वायु सेना प्रमुख ने पासिंग आउट कैडेटों को याद दिलाया कि आधुनिक युद्ध गतिशील है और लगातार विकसित हो रहा है, यह जटिल डेटा नेटवर्क और उन्नत साइबर प्रौद्योगिकी से प्रभावित है। भारतीय वायुसेना के वायु सेनाकर्मी पहले, मिशन हमेशा के ध्येय वाक्स पर बोलते हुए उन्होंने नव नियुक्त अधिकारियों से पेशेवर क्षमता, शारीरिक और नैतिक साहस, चरित्र और सहानुभूति के माध्यम से अपने अधीनस्थों का सम्मान अर्जित करने का आग्रह किया।

235 फ्लाइट कैडेटों को कमीशन प्रदान किया : दीक्षांत समारोह में वायु सेना की उड़ान और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 235 फ्लाइट कैडेटों को कमीशन प्रदान किया गया। इनमें 22 महिला अधिकारी भी शामिल हैं जिन्हें वायुसेना की विभिन्न शाखाओं में कमीशन मिला। समारोह में वायुसेना और सहयोगी सेवाओं के कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ कैडेट अधिकारियों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। इस अवसर पर नौसेना तथा भारतीय तटरक्षक बल के नौ- नौ अधिकारियों और मित्र देशों के एक अधिकारी को भी उड़ान प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर विंग्स से सम्मानित किया गया।

ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के लिए चार साल पहले राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हुए 25 कैडेटों को भी कमीशन दिया गया। इनमें से पांच अधिकारियों को वायु सेना की प्रशासन शाखा में, तीन को लॉजिस्टिक्स शाखा में और 17 को तकनीकी शाखा में कमीशन दिया गया है। समारोह में एक प्रभावशाली मार्च पास्ट हुआ। परेड के दौरान चार प्रशिक्षक विमानों द्वारा अच्छी तरह से समन्वित और शानदार फ्लाई-पास्ट किया गया, जिसमें पिलाटस पीसी-7 एमके-एलआई, हॉक, किरण और चेतक हेलीकॉप्टर शामिल थे।

फ्लाइंग ऑफिसर हैप्पी सिंह प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

परेड के समीक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट अधिकारियों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए। उड़ान शाखा के फ्लाइंग ऑफिसर हैप्पी सिंह को पायलट पाठ्यक्रम में योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम स्थान पाने के लिए राष्ट्रपति का प्रशस्ति पत्र और वायु सेना प्रमुख की स्वोर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। फ्लाइंग ऑफिसर तौफीक रज़ा को ग्राउंड ड्यूटी ऑफिसर्स कोर्स में योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम रहने के लिए राष्ट्रपति के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।